सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 30 जून , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 176, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## नौ कंपनियों की पूंजी 2.34 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 2,34,565 .53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

## राष्ट्रपति मुर्मू आज से यूपी का दो दिवसीय करेंगी दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय दौरा करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान से यह जानकारी मिली। } 16

# प्रदेश में मानसून हुआ सक्रिय

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मानसून की चाल कुछ दिनों तक मद्धिम रहने के बाद रविवार से इसकी जोरदार ढंग से सक्रिय हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में मानसूनी ट्रफ लाइन खिसक कर मध्य यूपी की तरफ आ गया है।

इसके असर से 30 जून से 1 जुलाई के बीच पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना है। बारिश से दिन के पारे में 3 से 4 डिग्री की गिरावट आएगी और गर्मी से तात्कालिक तौर पर राहत मिलेगी। रविवार से सोमवार के दौरान सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, शामली समेत सात जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं सोमवार को लगभग 35 जिलों में भारी बारिश और 65 जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की

चेतावनी है। रविवार को देवरिया, बागपत, संभल आदि को छोड़कर बाकी पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम फुहारें देखने को मिली। फरुर्खाबाद में सर्वाधिक 90 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को दक्षिण पश्चिमी मानसून पश्चिमी यूपी के बचे हुए हिस्सों समेत पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गया। साथ ही मानसून की ट्रफ लाइन यानी मुख्य धारा खिसक कर मध्य यूपी की ओर आ जाने से सोमवार को उत्तरी और मध्य यूपी में अच्छी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उप्र की खनन नीति बनी पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम

## वित्त वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक खनिज राजस्व में औसतन 18.14 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज : सीएम

विशेष

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि उप्र खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और तकनीक का मानक बन गया है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, रविवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की एक लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और स्थानीय रोजगार सृजन का प्रभावशाली केंद्र बन गया है। विभागीय कार्यों की अद्यतन प्रगति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक खनिज राजस्व में

औसतन 18.14 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में मुख्य खनिजों से 608.11 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वर्ष 2025-26 में केवल मई माह तक ही 623 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है, जो इस क्षेत्र की लगातार प्रगति और विभाग की दक्षता को दर्शाता है। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि हाल के वर्षों में फॉस्फोराइट, लौह अयस्क और स्वर्ण जैसे मुख्य खनिजों के पट्टों की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राजेंद्र नाथ लाहिड़ी का बलिदान राष्ट्र की अमिट धरोहर: योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊके काकोरी ट्रेन एक्शन के नायक राजेंद्रनाथ लाहिड़ी की जयंती पर उनको नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान राष्ट्र की अमिट धरोहर है। योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, काकोरी ट्रेन एक्शन के वीर नायक, महान क्रांतिकारी राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। इसी पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा, आपका (लाहिड़ी) बलिदान राष्ट्र की अमिट धरोहर है, जो हमें सदैव देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का पथ दिखाता रहेगा। राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी का जन्म 29 जून 1901 को बंगाल में वर्तमान पावना जिला के मोहनपुर गांव में हुआ था। परिस्थितियों के कारण मात्र नौ वर्ष की उम्र में ही ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## रूस ने यूक्रेन पर किया घातक हमला

कीव। रूस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेन के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस का यह हमला एक अभियान का हिस्सा है, जिससे तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को झटका लगा है। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर 477 ड्रोन और 60 मिसाइल दागीं। सेना के मुताबिक इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिए गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि रात में किया गया हमला देश पर सबसे बड़ा हवाई हमला था, जिसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइल दागी गईं। सेना के मुताबिक इस हमले में यूक्रेन के पश्चिमी इलाकों समेत पूरे देश को निशाना बनाया गया, जो अग्रिम पंक्ति से बहुत दूर है। पोलैंड की वायु सेना ने रविवार को बताया कि पोलैंड और सहयोगी देशों ने उसके (पोलैंड के) हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे।

## ट्रंप ने गाजा में युद्ध पर समझौते का आह्वान किया

तेल अवीव। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच समझौते को लेकर बनती सहमति के बीच रविवार को गाजा में युद्धविराम वार्ता में प्रगति लाने की अपील की। उन्होंने एक ऐसे समझौते का आह्वान किया, जो 20 महीने से जारी युद्ध को रोक देगा। इजराइल के एक अधिकारी ने बताया कि आने वाले हफ्तों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वाशिंगटन की यात्रा की योजना बनाई जा रही है, जो इस बारे में संकेत है कि एक नये समझौते पर काम हो सकता है। ट्रंप ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा, गाजा में समझौता करें। बंधकों को वापस करो। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को समझौते की उम्मीदें बढ़ाते हुए कहा था कि अगले सप्ताह युद्ध विराम समझौता हो सकता है।

आज का मौसम

अधिकतम : 32.06 डिसे.

न्यूनतम : 27.04 डिसे.

भीतर पढ़ें


- हर जिले में खुलेंगी पंचगव्य-औषधि, गो-पॅट और जैविक खाद की यूनिटें (पृष्ठ-02)
- वन विभाग सड़कों के किनारे लगायेगा 1.14 करोड़ पौधे(पृष्ठ-02)
- स्वर्ण भंडार को 12.5 किलो की सोने की ईंट के रूप में रखता है आरबीआई (पृष्ठ-14)
- वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- परिधान मेला में भाग लेंगे भारत के 360 प्रदर्शक (पृष्ठ-14)


# जगन्नाथ रथयात्रा में भगदड़, तीन की मौत

## 50 घायल, डीएम-एसपी का तबादला, दो पुलिस अधिकारी निलंबित,सीएम माझी ने मांगी माफी, हादसे की जांच के आदेश

एजेंसी

पुरी। ओडिशा के पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट रविवार को मची भगदड़ में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और करीब 50 अन्य घायल हो गए। इस हादसे के बाद राज्य सरकार ने कड़ा कदम उठाया है।

मुख्यमंत्री मोहन माझी ने इस हादसे को अक्षम्य लापरवाही बताया और पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन और पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत अग्रवाल को तुरंत हटा दिया है। इसके साथ ही दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों डीसीपी विष्णु पाटी और कमांडेंट अजय पाधी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं सरकार ने पुरी के नए कलेक्टर के रूप में खोरधा जिले के कलेक्टर चंचल राणा को नियुक्त किया है। वहीं, नए पुरी एसपी के रूप में पिनाक मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने एक प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए हैं, जिसकी निगरानी विकास आयुक्त करेंगे। इस बीच, ओडिशा सरकार ने एक और बड़ा

फैसला लेते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी का प्रभार सौंपा है। उन्हें पहले भी रथ यात्रा आयोजन का अनुभव है। वे फिलहाल उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव और खेल एवं युवा मामलों के विभाग में विशेष सचिव के अतिरिक्त प्रभार में हैं। इस कड़ी में ओडिशा सरकार ने एडीजी एसके प्रियदर्शी को रथ यात्रा और संबंधित अनुष्ठानों के दौरान पुलिस व्यवस्था का समग्र प्रभार सौंपा है। सरकार ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। सीएम ने विकास आयुक्त की देखरेख में विस्तृत प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से इस घटना को लेकर क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी सरकार महाप्रभु जगन्नाथ के सभी भक्तों से क्षमा याचना करते हैं। जो श्रद्धालु इस हादसे में अपनी जान गंवा बैठे, उनके परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। हम प्रार्थना करते हैं कि भगवान उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दें। यह घटना रविवार सुबह लगभग 4 बजे हुई जब श्री गुंडिचा मंदिर के पास भारी भीड़ जुटी थी। लोग भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथ यात्रा के दौरान 'पहुड़ा' (चेहरे पर पड़ा कपड़ा) हटने की रस्म देखने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान अचानक दो ट्रक, जो रथ यात्रा के लिए सामग्री ला रहे थे, भीड़ में घुस गए। इससे ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी में आठ आईएएस और 15 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में शनिवार को आठ आईएएस और 15 पीसीएस अधिकारियों के तबादलें किये गये हैं। मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कुमार सिंह-द्वितीय को अहम जिम्मेदारी देते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया गया है। इस पद पर अभी तक अरुणवीर सिंह कार्य कर रहे थे। उनकी सेवाविस्तार की अवधि 30 जून को खत्म हो रही है। आलोक कुमार तृतीय प्रमुख सचिव नियोजन तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं नोडल अधिकारी वन ट्रिलियन इकॉनमी को इन पदों के साथ पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण तथा सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक हिंदी संस्थान का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस पद पर रहे अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार सोमवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। योगेश कुमार विशेष सचिव गृह से प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक सहकारी समितियां, डा. हीरा लाल आयुक्त निबंधक सहकारी समितियां से सचिव राष्ट्रीय एकीकरण विभाग बनाए गए हैं। अनामिका सिंह सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास पुष्टहार विभाग महानिदेशक राज्य पोषण मिशन से मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथॉरिटी तथा सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, भवानी सिंह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लखनऊ जोन के एडीजी बने सुजीत पाण्डेय

लखनऊ। शासन ने पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले करते हुए लखनऊ जोन, पीएसी, भर्ती बोर्ड और सहारनपुर जैसे अहम पदों पर नए अधिकारियों की नियुक्ति की है। एसबी शिरडकर को प्रमोट करते हुए पुलिस प्रोन्नति एवं भर्ती बोर्ड का नया महानिदेशक बनाया गया है। वह अब तक लखनऊ ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तराखंड में अतिवृष्टि से चारधाम यात्रा स्थगित

## उत्तरकाशी में बादल फटा, नौ श्रमिक लापता, दो शव बरामद, रेस्क्यू कार्य जारी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में अतिवृष्टि से स्थिति भयावह हो गई। स्थिति की विकरालता के चलते चारधाम यात्रा को अस्थाई तौर पर रोक दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा नियंत्रण कक्ष पहुंच कर स्वयं मोर्चा संभाल लिया है। उत्तरकाशी में बादल फटने से 29 श्रमिक दब गए, जिनमें से 20 श्रमिकों को बचा लिया गया है जबकि नौ श्रमिक लापता हैं जिनमें से दो के शव बरामद कर लिए गए हैं।

उत्तराखंड के गढ़वाल व कुमाऊं दोनों मंडलों के अधिकांश जनपदों में भारी से बहुत भारी बारिश जारी है। जगह जगह नदी नाले उफान पर आ गए हैं। पूरे राज्य में 180 सड़कें बंद है जिनमें सर्वाधिक 55 सड़कें चमोली

में, 35 सड़कें बागेश्वर में और 34 सड़कें रुद्रप्रयाग जिले में बंद हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। उत्तरकाशी में बड़कोट में सिलाई बैंड के समीप अतिवृष्टि के चलते बादल फट गया जिससे टेन्ट लगाकर रह रहे 29 श्रमिक सैलाब में बह गए और मलवा में दब गए। एनडीआरएफ एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में 20 श्रमिकों को बचा लिया गया जबकि नौ श्रमिक लापता हो गए, जिनमें दो श्रमिकों के दो शव बरामद किए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए स्वयं मोर्चा संभाल लिया है। मुख्यमंत्री ने आपदा नियंत्रण कक्ष पहुंच कर अतिवृष्टि का जायजा लिया और अधिकारियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को हमेशा याद किया जाये: मोदी

## इससे मिलती है अपने संविधान को सशक्त बनाये रखने और निरंतर सजग रहने की प्रेरणा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल के दौरान लोगों पर अत्याचार को लेकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर निशाना साधने के लिए रविवार को अपने मासिक रेडियो प्रसारण कार्यक्रम में आपातकाल का विरोध करने वाले प्रमुख नेताओं की टिप्पणियां सुनाईं और कहा कि इन्हें हमेशा याद रखा जाना चाहिए क्योंकि इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है।

मोदी ने अपने मन की बात बात कार्यक्रम में कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्होंने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी

अपना गुलाम बनाए रखने का था। मोदी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पार्टी का नाम लिए बिना आपातकाल के दौर की ज्यादतियों के लिए कांग्रेस की निंदा की। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेस के बीच आपातकाल को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। कांग्रेस का कहना है कि मोदी सरकार के तहत अघोषित आपातकाल कायम है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि जन-भागीदारी की शक्ति से, बड़े-बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं आपको एक ऑडियो सुनाता हूं, इस ऑडियो में आपको उस संकट की भयावहता का अंदाजा लगेगा। वो संकट कितना बड़ा था, पहले वो सुनिए, समझीए। ऑडियो में आपातकाल के बाद प्रधानमंत्री रहे मोरारजी देसाई की आवाज थी, जिन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी शासन का उत्पीड़न कई वर्षों से जारी था, लेकिन आपातकाल लागू होने के बाद अंतिम दो वर्षों में यह अपने चरम पर पहुंच गया। देसाई ने कहा कि लोगों के स्वतंत्रता के ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

स्व. रणबहादुर सिंह स्मारक जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2025 संपन्न, उप्र बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास और पूर्व आईएएस, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष व प्रसार भारती के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल ने किया पुरस्कार वितरण

# पुरुष एकल में प्रभास कुमार कुशवाहा और महिला एकल स्नेहा सिंह को खिताब

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के गोमती नगर स्थित बीबीडी उप्र अकादमी के हॉल में स्व. रणबहादुर सिंह स्मारक जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2025 रविवार को संपन्न हुआ। उप्र बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास और पूर्व आईएएस, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष व प्रसार भारती के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल ने पुरस्कार वितरण किया। इस प्रतियोगिता में महिला एकल फाइनल मे स्नेहा सिंह ने प्रियंका गौतम को तीन सेटों मे 21-19, 15-21, 21-15 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता। वहीं, पुरुष के एकल में प्रभास कुमार कुशवाहा ने भुवनेश उतरानी को 23-21, 21-12 से हराया। पुरुषों के युगल में फरहान खॉन (बीबीडी) व प्रभास कुशवाहा को वाक ओवर मिला जो विजयी घोषित हुए, सिद्धार्थ मिश्रा के घुटने में चोट लगने के कारण मोक्ष सास्वत व सिद्धार्थ मिश्रा को हार का सामना करना पड़ा। बालक अंडर- 19 मे नितेश ठाकुर (बीबीडी) ने शिवम यादव (केडीसिंह) को 21-19, 15-21 से हराया ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीएम योगी की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार

## दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को आयेंगी राष्ट्रपति, सड़क मार्ग से तय करेंगी 129 किमी दूरी

जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन और उनके दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार है। दो दिन में

- सोमवार को एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल
- एक जुलाई को आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण और एमजीयूजी के तीन लोकार्पण व एक शिलान्यास कार्यक्रम को मिलेगा महामहिम का सानिध्य
- गोरखनाथ मंदिर जाकर गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करेंगी राष्ट्रपति, प्रसाद ग्रहण का भी कार्यक्रम

राष्ट्रपति न केवल तीन बड़े संस्थानों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी बल्कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में हर गंतव्य तक सड़क मार्ग से ही जाएंगी।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु सोमवार (30 जून) को दोपहर में गोरखपुर आएंगी और अगले दिन मंगलवार (एक जुलाई) की शाम प्रस्थान करेंगी। सोमवार को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी। जबकि एक जुलाई को पूर्वाह्न राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और अपराह्न महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण तथा गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और प्रसाद ग्रहण का भी कार्यक्रम है। गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु पहले दिन एयरपोर्ट, सर्किट हाउस, एम्स और गोरखनाथ मंदिर आने-जाने में कुल मिलाकर 37 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से पूरी करेंगी। जबकि अगले दिन सर्किट हाउस, महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय पिपरी भटहट, गोरखनाथ मंदिर, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम सोनबरसा और एयरपोर्ट तक आवागमन में कुल 92 किलोमीटर सड़क मार्ग से यात्रा करेंगी। द्रोपदी मुर्मु ऐसी पहली राष्ट्रपति होंगी जो गोरखपुर में इतनी लंबी सड़क यात्रा करने जा रही हैं।राष्ट्रपति के आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों और दोनों स्थानों तक के रूट का जायजा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ले चुके हैं। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी अपने आठ साल के कार्यकाल में चौथी बार गोरखपुर में राष्ट्रपति की अगवानी करने जा रहे हैं। वह इसके पहले तीन बार तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को गोरखपुर में आमंत्रित कर चुके हैं। श्री कोविंद 10 दिसंबर 2018 को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह में, 28 अगस्त 2021 को आयुष विश्वविद्यालय के शिलान्यास और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में और 4 जून 2022 को गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष शुभारंभ समारोह में आए थे। अब वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी द्रोपदी मुर्मु को दिवसीय यात्रा पर आमंत्रित कर सीएम योगी एक नया कीर्तिमान रचने जा रहे हैं।

## आयुष विवि से संभव हुआ आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक कॉलेजों का एकीकृत नियमन

**गोरखपुर।** महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना होने से प्रदेश में आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी कॉलेजों का एकीकृत नियमन संभव हो सका है। इस विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुष के कॉलेजों के नियमन अलग अलग विधाओं की संस्थाओं द्वारा किया जाता था। राज्य के इस पहले आयुष विश्वविद्यालय की नींव चार साल पहले रखी गई थी और अब एक जुलाई को इसका विधिवत लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों होने जा रहा है। खास बात यह है कि इसकी नींव भी राष्ट्रपति के हाथों रखी गई थी और लोकार्पण भी राष्ट्रपति के ही कर कमलों से होने जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा प्राचीन एव परम्परागत चिकित्सा में यथा आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथ आदि सभी विधाओं को आयुष के रूप में एकीकृत किए जाने के बाद राज्य में इसकी चिकित्सा शिक्षा के

- आयुष विधाओं के 98 कॉलेज संबद्ध हैं महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय से
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का साकार रूप है राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय

समन्वय और एकीकरण दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पहले आयुष विश्वविद्यालय की परिकल्पना को धरातल पर उतारा है। महायोगी गुरु गोरखनाथ के नाम पर यह विश्वविद्यालय गोरखपुर मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर भटहट के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किया गया है। इसका शिलान्यास सीएम योगी के आमंत्रण पर तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 28 अगस्त 2021 को किया था। आयुष विश्वविद्यालय के अंतर्गत आयुष की सभी विधाएं (आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथ, योग एवं नेचुरोपैथी, सिद्धा तथा सोया-रिग्वा) समाहित है। आयुष विश्वविद्यालय के संचालित न होने की दशा में आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथ विधाओं का नियमन इनसे संबंधित अलग अलग संस्थाओं द्वारा किया जा रहा था। अब इनका नियमन केंद्रित व्यवस्था में हो रहा है।

# गांवों के कायाकल्प की बड़ी तैयारी में सरकार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए बड़े स्तर पर कार्य करने की तैयारी की जा रही है। हाल ही में केंद्रीय वित्त आयोग की बैठक में योगी सरकार ने ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 2.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रपोजल रखा है। योगी के इस 'मिशन 2031' के तहत गांवों को आधुनिक और समृद्ध बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है। बता दें कि योगी सरकार ने 'मिशन 2031' के अंतर्गत प्रदेश के 17 नगर निगमों के लिए भी 1.29 लाख करोड़ से इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का रोडमैप तैयार किया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रस्तावित इस भारी-भरकम धनराशि से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

- 2.15 लाख करोड़ से होगा प्रदेश के गांवों का विकास
- ग्राम पंचायत, ब्लॉक और जिला पंचायत तक के लिए अलग अलग स्तर पर होंगे कई कार्य

**ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक के लिए विजन :** योगी सरकार ने ग्रामीण विकास के लिए विस्तृत योजना पेश की है। इसमें ग्राम पंचायतों के लिए 1,74,755 करोड़, ब्लॉक के लिए 17,334 करोड़ और जिला पंचायतों के लिए 22,940 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शामिल है। कुल मिलाकर 2.15 लाख करोड़ रुपये की यह राशि मरम्मत, रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए इस्तेमाल होगी। यह कदम दिखाता है कि सरकार हर स्तर पर गांवों के कायाकल्प के लिए प्रतिबद्ध है।

**'मिशन 2031' के तहत गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का सपना होगा साकार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है कि साल 2031 तक उत्तर प्रदेश के गांव आत्मनिर्भर और समृद्ध हों। इस मिशन के तहत सड़क, पानी, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। केंद्रीय वित्त आयोग के सामने यह प्रस्ताव रखकर योगी सरकार ने साफ कर दिया है कि ग्रामीण विकास उसकी प्राथमिकता में शीर्ष पर है। सरकार का मानना है कि यह योजना गांवों की तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

# ग्राम चौपालों में 5 लाख से अधिक समस्याएं निपटी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव

- अब तक 01 लाख 48 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन
- शुक्रवार को 1271 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन

में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा

चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1271ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 2876प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3389ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5503ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 61 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि लगभग 2.5 साल से ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। 01 लाख 48 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 96 लाख से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 05 लाख से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# वन विभाग सड़कों के किनारे लगायेगा 1.14 करोड़ पौधे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार धूमधाम से वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) मनाएगी। वन महोत्सव के साथ ही वर्षा काल-2025 में पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। पौधरोपण

- एक्सप्रेसवे के किनारे यूपीडा द्वारा लगाये जायेंगे 2.50 लाख पौधे
- वन महोत्सव के साथ ही वर्षा काल-2025 में लगाये जायेंगे पौधे
- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के समीप लगाये जायेंगे सर्वाधिक 1.20 लाख पौधे

महाभियान के नोडल (वन विभाग) ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। प्रदेश में पौधरोपण के लिए कुल 2586 पौधशालाओं में 52.43 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। वन विभाग सड़कों के किनारे 1.14 करोड़ पौधे लगाएगा। वहीं यूपीडा द्वारा एक्सप्रेसवे के समीप

| एक्सप्रेसवे | लक्ष्य |
|---|---|
| बुंदेलखंड | 1,20,000 |
| पूर्वांचल | 60,000 |
| गंगा | 40,000 |
| गोरखपुर लिंक | 20,000 |
| आगरा-लखनऊ | 10,000 |

भी 2.50 लाख पौधरोपण किया जाएगा।

**2586 पौधशालाओं में 52.43 करोड़ पौधे तैयार :** वर्षा काल में 35 करोड़ पौधे के लिए 52.43 करोड़ पौधे तैयार कर लिए गए हैं। पौधरोपण महाभियान के नोडल वन विभाग ने अन्य विभागों के सहयोग से इसकी तैयारी की है।

**यूपीडा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के समीप करेगा सर्वाधिक 1.20 लाख पौधरोपण :** पौधरोपण महाभियान-2025 के अंतर्गत नोडल वन विभाग द्वारा सड़क मार्ग के किनारे 1.14 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। वहीं एक्सप्रेसवे के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी यूपीडा को सौंपी गई है। यूपीडा पांच एक्सप्रेसवे के समीप 2.50 लाख पौधरोपण कराएगा।

मिशन निदेशक पौधरोपण महाभियान दीपक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप 35 करोड़ पौधरोपण के लिए सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री जी ने इस संदर्भ में विभागीय अधिकारियों की भी बैठक ली थी। वन विभाग की तरफ से सड़कों के किनारे 1.14 करोड़ पौध लगाए जाएंगे। वहीं एक्सप्रेसवे के किनारे यूपीडा को 2.50 लाख पौधरोपण की जिम्मेदारी दी गई है। सभी के सहयोग से मिलकर उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने की तरफ तेजी से अग्रसर हैं।

| विभाग | पौधशाला | पौधे |
|---|---|---|
| वन | 1901 | 47.27 करोड़ |
| उद्यान | 146 | 1.55 करोड़ |
| रेशम | 55 | 44 लाख |
| निजी पौधशाला | 484 | 3.17 करोड़ |

# छात्रों की छात्रवृत्ति की समस्या का समाधान करें मुख्यमंत्री : मायावती

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ से संबद्ध कई जिलों के दर्जनों कालेजों के दलित व जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति का मामला उठाते हुए मुख्यमंत्री से इसके समाधान का अनुरोध किया है। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ से संबद्ध कई जिलों के दर्जनों कालेजों के हजारों एससीएसटी वर्ग (अनुसूचित जातिजनजाति वर्ग) के छात्र व छात्राओं की छात्रवृत्ति का सरकारी स्तर पर अब तक सही से समय पर निपटारा नहीं हो सका है। पूर्व मुख्यमंत्री ने खुद को मिली जानकारी का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन की ओर से भी इस सम्बंध में बार-बार पत्राचार के बावजूद लखनऊस्थित समाज कल्याण विभाग स्तर पर असंवेदनशीलता व लापरवाही बरती गई है।

# भाजपा के जितने भी इंजन हैं, सब ईंधन के जुगाड़ में लगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल के जितने भी इंजन हैं, सब ईंधन के जुगाड़ में लगे हुए हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा के राज में व्यापार आर्थिक-सामाजिक आपातकाल के दौर से गुजर रहा है और यह व्यापारियों के ऊपर नए तरह की इमरजेंसी है। सपा मुख्यालय में पार्टी के फ्रंटल संगठन व्यापार सभा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की एक बैठक में शामिल होने के बाद यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, कहने को तो यह सरकार डबल इंजन की है और भारतीय जनता पार्टी के लोग कभी यह कहते हुए थकते नहीं कि यह डबल इंजन की सरकार है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इनके काम करने का तरीका देखें तो सच्चाई सामने आ जाएगी और आज सरकार में हर इंजन ईंधन की जुगाड़ में लगा हुआ है। यादव ने 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद सपा की सरकार बनने की उम्मीद जताते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार बनने के बाद व्यापारियों की सुरक्षा व सम्मान के लिए तथा उनके कारोबार को सहूलियत देने के लिए हर कदम उठाएंगी। सपा प्रमुख ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) समेत कर प्रणाली को लेकर सत्तारूढ़ दल की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा ने समय-समय पर व्यापारियों को यह भरोसा दिलाया कि करों के सरलीकरण से व्यापार को लाभ पहुंचेगा, लेकिन सच्चाई यह है कि इन कानूनों ने व्यापारियों को उलझाया है और गलत नीतियों के चलते व्यापार संकट में आ गया है। सपा प्रमुख ने मीडिया की खबर का हवाला देते हुए कहा कि पिछले एक साल में 35000 एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) कंपनियां देश में बंद हुई हैं। सपा मुख्यालय में दानवीर भामा शाह की स्मृति में आयोजित बैठक के बाद यादव ने व्यापारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि भामा शाह अपने समय के न केवल दानी थे, बल्कि राष्ट्र हित में फैसला लेते थे। उन्होंने कहा कि राणा प्रताप के साथ भामा शाह हर वक्त खड़े थे और हल्दीघाटी की लड़ाई में उनका साथ दिया था। इसके एक दिन पहले शनिवार को लखनऊ में दानवीर भामाशाह की जयंती व व्यापारी कल्याण दिवस पर आयोजित एक समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि उनकी सरकार व्यापारी और बेटी की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। सपा मुख्यालय में भी भामा शाह की जयंती के दूसरे दिन उनकी स्मृति में आयोजित बैठक में सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने अखिलेश यादव को व्यापारियों की ओर से सहयोग देने का भरोसा दिया।

# महिला सशक्तीकरण के लिए काम कर रही भाजपा सरकार : चुग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी की सरकार धर्म पूछ कर काम नहीं करती बल्कि वह पैगंबर मुहम्मद साहब के संदेश के अनुरूप महिला सशक्तीकरण की दिशा में कार्य कर रही है।

चुग ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर अल्पसंख्यकों का पैग़ाम, मोदी के साथ मुसलमान विषय पर आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मुसलमानों, खासकर मुस्लिम महिलाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा,हमारे पूज्य पैगंबर (मुहम्मद) साहब ने भी महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए आदेश दिए थे। उन्होंने कहा था कि महिलाएं आगे बढ़ें,

उनका सशक्तिकरण हो, वह तालीम (शिक्षा) लें। हम आज उनके उस संदेश को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

उन्होंने सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक करोड़ घरों की रजिस्ट्री मुस्लिम बहनों के नाम पर की गई है। यहां तक कि लगभग दो करोड़ उज्ज्वला गैस के कनेक्शन मुस्लिम बहनों को दिये गये। (एक बार में) तीन तलाक को खत्म किया गया। चुग ने कहा,यह सरकार धर्म और जाति पूछ कर काम नहीं करती। मेरे अल्पसंख्यक भाई आगे बढ़ें, वे डॉक्टर और इंजीनियर बनें, प्रोफेसर बनें, बड़ा व्यक्ति बनें, इसके लिए पांच करोड़ अल्पसंख्यक बच्चों को सरकार ने वजीफा देकर उनके आगे की पढ़ाई की योजना बनाई है।भाजपा नेता ने कहा, "देश के 21 करोड़ मुसलमानों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के बीमा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही मुद्रा योजना का 36 प्रतिशत लाभ लेने वाले मुस्लिम भाई और बहन हैं। यह मोदी जी की सरकार है जो देश के हर नागरिक को एक ही निगाह से देखती है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सरकार एकमात्र ऐसी सरकार है जिसने मुसलमानों के कल्याण के लिए सार्थक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक जो भी सरकारें रहीं उन्होंने मुसलमान को तेज पत्ते की तरह इस्तेमाल किया और उनका वोट लेकर उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने प्रदेश सरकार द्वारा मुस्लिम समाज की शिक्षा और स्वावलंबन के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि निश्चित रूप से भाजपा सरकार ही मुसलमानों के भले के लिए कार्य कर रही है।

रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नई दिल्ली में लोक सभा के अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में मेरी तीन वर्ष की कार्ययात्रा पर आधारित पुस्तक उन्हें स्मरणस्वरूप भेंट की

# हर जिले में खुलेंगी पंचगव्य-औषधि, गो-पेंट और जैविक खाद की यूनिटें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और गोवंश आधारित नवाचारों को बढ़ावा देने की

- योगी सरकार बनाने जा रही 75 आत्मनिर्भर गोशालाएं
- ग्रामीणों को मिलेगा बड़े पैमाने पर रोजगार
- सभी गोशालाओं में शुरू होंगे बायोगैस संयंत्र, जैव बीज और गोबर ब्लॉक
- हर जनपद की विशेषता के अनुसार गांवों में नवाचार के लिए बनाई गई नीति
- 'एक जनपद एक नवाचार मॉडल' से स्थानीय युवाओं और महिला समूहों को बनाया जायेगा सशक्त

दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में पंचगव्य-औषधि, गो-पेंट और जैविक खाद प्रसंस्करण यूनिटें स्थापित की जाएंगी। इसके लिए प्रत्येक जिले से एक-एक गोशाला का चयन किया गया है, जिन्हें आत्मनिर्भर गोशालाओं के रूप में विकसित किया जाएगा। योगी सरकार के 'एक जनपद-एक नवाचार मॉडल' के तहत इन यूनिटों के जरिए न सिर्फ जैविक उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**स्थानीय नवाचार के जरिये ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत :** योगी सरकार ने हर जिले की स्थानीय विशेषता के अनुसार गांवों में नवाचार की नीति तैयार की है। इसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को प्रशिक्षण देकर पंचगव्य से बने उत्पाद, गोबर से बने ब्लॉक, बायोगैस, गोमूत्र औषधि, जैव बीज इत्यादि के निर्माण और विपणन में लगाया जाएगा।

**75 आत्मनिर्भर गोशालाएं बनेंगी रोल मॉडल :** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक जिले से एक गोशाला का चयन कर उसे आत्मनिर्भर गोशाला के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इन गोशालाओं को न केवल गो संरक्षण का केंद्र बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें पंचगव्य आधारित उत्पादन का हब भी बनाया जाएगा।

**स्थानीय युवाओं और महिला समूहों को मिलेगा प्रशिक्षण :** गोशालाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं और महिला समूहों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन से जोड़ा जाएगा। इससे ग्रामीण युवाओं को उनके गांव में ही स्वरोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा।

**बायोगैस संयंत्र और गोबर ब्लॉक होंगे शुरू :** चयनित गोशालाओं में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा। साथ ही गोबर से बने ईंटनुमा ब्लॉक भी तैयार किए जाएंगे, जिनका उपयोग निर्माण कार्यों और ईंधन के रूप में किया जा सकेगा।

**हर जिले में नवाचार को मिलेगा बढ़ावा :** योगी सरकार ने एक जनपद-एक नवाचार मॉडल को लागू करते हुए हर जिले में उसके अनुरूप नवाचार करने की योजना बनाई है। इससे न केवल स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि युवाओं को भी स्वरोजगार की दिशा में ठोस अवसर मिलेंगे। यह योजना उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्वावलंबी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गोवंश आधारित अर्थव्यवस्था को न केवल पुनर्जीवित कर रही है, बल्कि युवाओं के भविष्य को भी उज्ज्वल बना रही है।

# मानसून की जोरदार बारिश से मौसम खुशनुमा, आज भी बरसात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में रविवार को मानसून की जोरदार बारिश से लोगों ने बड़ी राहत महसूस की। पिछले कई दिनों से गर्मी से राहत मिलने का इंतजार कर रहे थे। सुबह से अलग-अलग इलाकों में छिटपुट बारिश हुई, दोपहर बाद बादल झमक कर बरसे। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में मानसूनी ट्रफ लाइन खिसक कर मध्य यूपी की तरफ आ गया है। इसके असर से 30 जून से 5 जुलाई तक पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार सरोजनीनगर के बनी में 6.0 मिलीमीटर, अलीगंज में 6.0 मिलीमीटर, कुर्सी रोड और जानकीपुरम में 3.7 मिलीमीटर वर्षा हुई। एयरपोर्ट के आसपास आशियाना, आलमबाग आदि इलाकों में 4.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को दक्षिण पश्चिमी मानसून पश्चिमी यूपी के बचे हुए हिस्सों समेत पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गया। मानसून की ट्रफ लाइन अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर खिसक गई है। यह पंजाब के फिरोजपुर से सोनीपत, अयोध्या, गया और पुरुलिया होते हुए जा रही है। साथ ही बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब की स्थिति से इसको मजबूती मिल रही है। इसके अलावा प्रदेश के दक्षिण हिस्से के ऊपर चक्रवाती हवा की परिस्थितियां हैं जो मानसूनी पूर्वी-पश्चिमी शाखा से प्रतिक्रिया कर रही हैं। ऐसे में मानसून की सक्रियता अगले एक दिन और बढ़ने का पूर्वानुमान है। सक्रिय मानसून परिस्थितियों के प्रभाव से प्रदेश भर में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ 24 से 48 घंटों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

शहर में हुई जोरदार बारिश से कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। शंकरपुरवा वार्ड प्रथम के केशव नगर में जलभराव के बीच बिजली के खंभे में करंट उतरने से चार गायों की दर्दनाक मौत हो गई। प्रदेश भर में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। गरज के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। धीरे धीरे पूरे उत्तर प्रदेश में मानसून अधिक सक्रिय हो रहा है, जिससे आने वाले दिनों में व्यापक रूप से भारी बारिश की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 31.8त डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो जून के औसत तापमान से छह डिग्री कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 25.4 पर रहा जो कि औसत से तकरीबन दो डिग्री कम था। जिले में सात मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## नाले की सिल्ट, कूड़े से फैल रही गंदगी

नालों की सफाई के बाद सिल्ट व कूड़ा न उठाए जाने से सड़कों पर गदंगी फैल गई। वहीं सिल्ट वापस नाले में जाने से जलनिकासी प्रभावित हो गई। ट्रांसगोमती के रहीम नगर चौराहे से विकास नगर मोड तक एक तरफ के नाले की सफाई शनिवार को कराई गई मगर सिल्ट उठान नहीं किया गया। इससे पूरे सड़क पर गदंगी फैल गई। मानसरोवर योजना, आलमबाग, पटेल नगर, बाराबिरवा मंडी, एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड, गीतापल्ली, आजादनगर, नीलमथा कॉलोनी समेत शहर के कई इलाकों की स्थिति बेहद खराब है। ट्रांसपोर्ट नगर से डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर करीब दो महीने पहले नाले की मशीन से सफाई कराई गई थी। रहीम नगर, हीवेट पॉलिटेक्निक गेट नंबर एक पर कूड़ा पड़ाव घर पर कूड़े का ढेर यहां जलभराव की वजह बन गया है। कचरे ने नाले की निकासी बाधित कर दी है। बारिश होने पर कूड़ा पूरी सड़क पर फैल जाता है तो बारिश का पानी पूरी सड़क पर भर जाता है। इससे यहां निकलने के दौरान ट्रैफिक जाम की समस्या हो जाती है तो लोगों को गंदगी के बीच होकर गुजरना पड़ता है। रविवार को भी घंटे भर की बारिश के समय कुछ ऐसी ही स्थिति यहां थी। इसी तरह बाराबिरवा मंडी, गौतम बुद्ध शांति उपवन के पीछे की सड़क, सभी स्थानों पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं। नगर निगम प्रशासन की ओर से हर रोज 2000 मीट्रिक टन कूड़ा उठान का दावा किया गया था मगर सड़क पर लगे कूड़े के ढेर कई दिनों से नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सफाई का ठेका लेने वाली एजेंसी को नगर निगम के अफसरों और नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिससे वह मनमानी कर रही है। सफाई नहीं कर रही है और उसे नियमित भुगतान किया जा रहा है।

## दारुलशफा में जलभराव की शिकायत

नगर निगम कार्यालय से चंद कदम पर स्थित दारुलशफा में जलभराव की शिकायत की गई है। विधायक निवास-2 (नया), दारुलशफा के पास सड़क के किनारे बने नाले की अब तक सफाई न होने से जल निकासी की समस्या हो सकती है। विधायक निवास के व्यवस्थाधिकारी ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि इस बार नाले की सफाई नहीं कराई गई है, जिससे भारी बारिश की स्थिति में पूरा परिसर जलमग्न हो सकता है। उन्होंने चेताया है कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो विधायकों के आवागमन तक में बाधा आ सकती है। गेट नंबर-ए से विधायक निवास-1 खंड-3/अ, विधायक निवास-2/पुराना, मंदिर और मस्जिद की ओर जाने वाले मार्ग पर बना नाला पूरी तरह जाम है। यहां कीचड़, सिल्ट और कचरे की वजह से नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगा है। नाले की सफाई न होने से फैला गंदा पानी दारुलशफा और चारबाग को जोड़ने वाली सड़क के किनारे बना यह प्रमुख नाला पूरी तरह जाम हो चुका है। चाहरदीवारी के पास स्थित इस नाले में लंबे समय से कोई सफाई कार्य नहीं हुआ, जिसके कारण भारी मात्रा में सिल्ट जमा हो गई है।

## करंट के चपेट में आने से चार गायों की मौत

**लखनऊ।** बारिस के दौरान जलभराव होने से बिजली के पोल में करंट आ गया जिससे चार गाय मौके पर ही दम तोड़ दिया। रविवार शांम को शंकरपुरवा के केशव विहार में बरसात का पानी बिजली के खम्भे से होकर जा रहा था। जिससे में अचानक करंट आ गया। गाय उसी की तरफ से होकर जा रही थी एक गाय को जैसे ही करंट लगा दूसरी, तीसरी और चौथी गाय भी उल्टी दिशा में भागने लगी। ऐसे में करंट चारो गाय का लग गया। गाय को करंट लगते देख आसपास के लोग बिजली विभाग को फोन किया। फोन करने पर उपकेन्द्र के कर्मचारियों ने बिजली सप्लाई बंद कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दिया गया। पुलिस ने मौके पर जांच कर गाय को हटवाया। वहीं लोगो का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से हुई है। बरसात के पहले कोई भी फाल्ट को सही नही किया गया जिससे तार पानी में रहने के कारण करंट पानी में आ गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने तत्काल नगर निगम की टीम को मौके पर भेजा। टीम ने गायों के शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। घटना की सूचना गुडंबा थाना पुलिस को दी गई है, जो मामले की जांच कर रही है। साथ ही जिला पशु चिकित्सा अधिकारी को भी जानकारी दी गई है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि मौके पर लगे एक बिजली के लोहे के पोल में करंट उतरने से यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलने पर लेस विभाग को अवगत कराया गया, जिनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ कर दी है। घटनास्थल पर नगर निगम लखनऊ का कोई भी बिजली का पोल नहीं लगा हुआ था।

# स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में सुधार पर खर्च होंगे 55 करोड़

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहरों की स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में सुधार को लेकर नए सिरे से कार्ययोजना बनाई जा रही है। इसके लिए इंदौर की तर्ज पर शहरों की सफाई व्यवस्था होगी। इस पर करीब 54.51 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इंदौर देश के सबसे साफ-सुथरे शहरों में है और हर साल स्वच्छता रैंकिंग में सर्वाधिक पुरस्कार मिलता है। इसीलिए उत्तर प्रदेश के शहरों की सफाई गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नई पहल की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहरों की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर शुरू हुए काम पर शहरों की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी पुरस्कारों की संख्या उत्तर प्रदेश दूसरे राज्यों से पीछे है।

नगर विकास विभाग इसीलिए शहरों की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कराने जा रहा है। इसमें मानक के अनुरूप सफाई कर्मियों की व्यवस्था की जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि शहर के किस वार्ड की कितनी आबादी है और वहां कितने कर्मियों की जरूरत है। इसी तरह शहरों में कूड़ा उठाने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान के साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर कूड़ा डालने पर प्रतिबंध लाया जाएगा। शहरों में मौजूदा समय बाजारों में रात्रिकालीन सफाई की व्यवस्था है।

यह भी देखा जाएगा कि शहर में कितने स्थानों पर और रात्रिकालीन सफाई की व्यवस्था हो सकती है। खुले स्थानों पर कड़ाई से कूड़ा डालने पर प्रतिबंध लगाने के लिए जरूरत के मुताबिक डस्टबिन रखवाए जाएंगे, जिससे सड़कों पर इधर-उधर कूड़ा बिखरा हुआ न दिखाई पड़े। पुराने कूड़ा स्थलों की सफाई कराकर वहां हरियाली विकसित की जाएगी। इसके लिए सभी पुराने कूड़ा स्थलों को चिह्नित करते हुए अभियान चलाकर वहां सफाई कराई जाएगी।

केंद्र सरकार ने लीगेसी वेस्ट यानी पुराने कूड़े को उठाने के लिए राज्यों को स्वच्छता अभियान में पैसे भी दिए हैं। नगर विकास विभाग कार्ययोजना के आधार पर निकायों को बजट उपलब्ध करायेगा।

# एचटी लाइन के चपेट में आकर संविदा कर्मी की मौके पर मौत

संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विद्युत विभाग की लापरवाही एक बार फिर एक परिवार के जीवन पर भारी पड़ गई। रविवार सुबह मलिहाबाद के अमानीगंज पावर हाउस पर संविदा विद्युतकर्मी राजेश कुमार रावत उम्र 28 वर्ष पुत्र स्व. नन्हके करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई।

ग्राम पंचायत कसमंडी खुर्द के मजरा मलौलीहार निवासी राजेश वर्ष 2019 से संविदा पर कार्यरत थे। रविवार सुबह उन्होंने करीब 7:58 बजे काकोरी एजी लाइन पर शटडाउन लेने के बाद 8:00 बजे सदरपुर फार्म के पास खंभे पर चढ़कर कार्य शुरू किया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जहां राजेश कार्य कर रहे थे वहां से थोड़ी दूर पर एजी और घरेलू (डी) लाइन की ऊपर-नीचे क्रॉसिंग थी, और दोनों लाइनें पहले से ही आपस में टच हो रही थीं। इसी तकनीकी खामी और करंट की सक्रियता के कारण उन्हें जोरदार करंट लगा और वे खंभे से नीचे गिर पड़े और उनकी मौके पर मौत हो गयी।

स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस व परिजनों को सूचना दी। घटना स्थल पर पंहुचे परिजनों ने शव को रखकर प्रर्दशन किया और उचित मुआवजा व मृतक की पत्नी को नौकरी दिलवाये जाने के लिए दो घंटे तक जमकर हंगामा काटा जिसके बाद में मलिहाबाद और रहीमाबाद पुलिस ने काफी देर तक परिजनो को समझा बुझाकर शांत करवाया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। राजेश अपने परिवार के सबसे छोटे पुत्र थे और पूरे परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। उनके परिवार में पत्नी रितू और दो मासूम बेटे अरुण (7 वर्ष) व अभी (5 वर्ष) हैं। पत्नी और मां चंदाकली का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि भाई विजय और अजय कुमार सदमे में हैं। अभी 20 दिन पहले ही राजेश के पिता की मृत्यु हुई थी अभी परिवार एक गम को भुला नही पाया था कि बेटे की मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के जेई और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि टीमसी कंपनी की ओर से 7.5 लाख रुपये का मुआवजा तथा नेता मिंटू मौर्य ने किसान दुर्घटना राशि के तहत पांच लाख रुपये की सहायता राशि दिलवाने का आश्वासन दिया है। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता स्वदेश कुमार ने मृतक राजेश के शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए मृतक की पत्नी को निविदा संविदा पर नौकरी देने का आश्वासन दिया। सह कर्मियों द्वारा पचास हजार रुपये परिवार को सहायता राशि के रूप में दी गई।

## अवैध कब्जे हटाने को बनी एलडीए व नगर निगम की टीम

**लखनऊ।** चार वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी नगर नगर निगम और एलडीए कर्मी शामिल लखनऊ। नगर निगम में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके लिए नगर निगम और एलडीए की शासकीय, प्रस्तावित भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए एक संयुक्त टीम गठित की गई है। यह टीम चिन्हित क्षेत्रों में सीमांकन कर अवैध कब्जों को हटाएगी और पूरे कार्य की साप्ताहिक रिपोर्ट आयुक्त कार्यालय को सौंपेगी। संयुक्त टीम करेगी बड़ी कार्रवाई शहर व ग्रामीण क्षेत्र की सरकारी भूमि पर दिनोंदिन बढ़ते अवैध निर्माण और कब्जे शासन के लिए चिंता का विषय बन चुके हैं। इन्हें हटाने के उद्देश्य से गठित यह टीम संबंधित स्थलों का भौतिक सत्यापन, सीमांकन, दस्तावेजों की जांच और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही अभियान की निगरानी व समन्वय भी यही टीम करेगी।

## अमीरउद्दौला लाइब्रेरी के पास हो रहा अवैध निर्माण

**लखनऊ।** कैसरबाग क्षेत्र स्थित कोठी नंबर-11, अमीरुददौला लाइब्रेरी के बगल में अवैध निर्माण होने पर कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने नाराजगी जताई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम ने निर्माण कार्य को नियमों और शर्तों का के विपरीत बताया है। इस निर्माण को लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से पहले सील किया जा चुका है। 13 जनवरी 2015 को एलडीए की ओर से निर्माण स्थल को सील किया गया था। हालांकि सशर्त 6 जून 2015 को इसकी सील खोलने के आदेश हुए थे। 21 मई 2015 को एएसआई की ओर से पुनः आपत्ति जताई गई और निर्माण स्थल पर किसी भी नई गतिविधि पर रोक लगाने की सिफारिश की गई। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि एलडीए और एएसआई की संयुक्त टीम स्थल का गहन निरीक्षण कर जांच करेगी। संयुक्त टीम इस बात की जांच करेगी कि एएसआई ने जिन शर्तों के अनुसार अनापत्ति दी थी उसका पालन किया गया या नहीं।

## जलकुंभी से पटी गोमती नदी में स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** जलकुंभी से पटी गोमती नदी में स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना लखनऊ ने स्वच्छता अभियान चलाया। लगभग 25 कुंतल जलकुंभी नदी के अंदर से निकालकर बाहर किया। सेना के संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व मे लगभग 2 घंटे तक चले स्वच्छता अभियान में सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मूर्तियां, हजारों की संख्या में पॉलिथीन, पूजन विसर्जन सामग्री सैकड़ों की संख्या में नारियल का कचरा निकाला गया। प्रातः 5 :30 बजे से हनुमान सेतु निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर आरम्भ किया गया। गोमती नदी सफाई अभियान का ये 370वां रविवारीय दिवस था। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में प्रीति जैन अर्चना सिंह, ऋद्धि वर्मा, शांति देवी, राजेश जोशी, उदय सिंह, मनोज सिंह, कृपा शंकर वर्मा, ललित कश्यप, विष्णु तिवारी, जितेंद्र शर्मा, शैलेन्द्र सिन्हा, प्रेम प्रकाश द्विवेदी, आलोक चौधरी इत्यादि ने आदि गंगा गोमती नदी सफाई अभियान के बाद पूजा आरती की।

# संविदा कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल में नहीं होंगे शामिल

**लखनऊ।** विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के घटक संगठनों की केन्द्रीय नरही लखनऊ मे बैठक हुई। जिसमें आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्र व्यापी हड़ताल से अलग रहने का निर्णय लिया गया। बैठक में विद्युत संविदा मजदूर संगठन उप्र, विद्युत संविदा कर्मचारी संघ उप्र, केस्को संविदा कर्मचारी संगठन, निविदा, संविदा सेवा समिति, विद्युत निविदा, संविदा कर्मचारी सेवा संघ एव दैनिक वेतन विद्युत कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महासंघ के मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पांडे ने बताया कि बैठक में यह सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया के प्रारंभ होते ही महासंघ के घटक संगठनों द्वारा अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार प्रारंभ कर दिया जाएगा। प्रान्तीय प्रभारी पुनीत राय ने बताया कि वरिष्ठ मजदूर नेता एवं महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष आर एस राय को आन्दोलन पर निर्णय लेने और संचालन का अधिकार सर्वसम्मति से प्रदान किया गया।

# मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर की कमी को पूरा किया जाये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मोटर व्हीकल डिपार्मेंट टेक्निकल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एसोसिएशन और उत्तर प्रदेश डिपार्मेंट रीजनल इंस्पेक्टर टेक्निकल सर्विस एसोसिएशन की तरफ से लखनऊ में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के पद भी काफी कम है। यहां पर सिर्फ 120 एमवीआई के पद हैं जबकि 75 पदों पर ही तैनाती है, बाकी रिक्त हैं। इन पदों को भी भरा जाना चाहिए। जिसका बड़ा लाभ परिवहन विभाग को मिल सकता है। अन्य राज्यों से तुलना की जाए तो महाराष्ट्र में 1000 से ज्यादा एमवीआई हैं। इसी तरह अन्य राज्यों में एमवीआई की संख्या काफी ज्यादा है। यही वजह है कि यहां सड़क हादसों पर नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिली है, क्योंकि मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर यहां पर चेकिंग का भी अधिकार रखते हैं। फेडरेशन के अध्यक्ष अशफाक अहमद उत्तर प्रदेश में परिवहन विभाग की चैटबॉट सुविधा से काफी ज्यादा प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि उत्तर प्रदेश कि इस चैटबॉट सुविधा को 20 राज्यों में लागू कराया जाए जिससे लोगों को बड़ी सहूलियत मिल सकेगी।

हमें उम्मीद ही नहीं थी कि इतनी अच्छी व्यवस्था उत्तर प्रदेश ने लागू कर दी है। हमें तो इसके बारे में आइडिया भी नहीं था। अब चैटबॉट सेवा देश के 20 राज्यों में लागू हो इसके लिए हम जरूर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि किस तरह से व्हाट्सएप पर एक नंबर 8005441222 सेव करने के बाद चैटबॉट से परिवहन विभाग की ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन से जुड़ी तमाम सेवाओं की जानकारी पल भर में ही पूरी डिटेल के साथ मिल जाती है। इसके लिए किसी को आरटीओ कार्यालय जाने की भी जरूरत नहीं पड़ती है। बहुत सारी समस्याएं इसी चैटबॉट के जरिए खत्म हो जा रही हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर बृजेश नारायण सिंह के इस कदम को काफी सराहनीय बताया। कहा कि उनकी कोशिश से ही अब उत्तर प्रदेश में परिवहन विभाग का सोशल मीडिया बहुत ही अच्छे ढंग से कार्य कर रहा है। जो भी डीलर्स लापरवाही कर रहे थे उन्हें ट्रैक पर लाया गया है। यह हमारे लिए सीखने का विषय था और हमने इसे बहुत कुछ सीखा भी है। कार्यक्रम के बाद प्रेसवार्ता के दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर की तैनाती बहुत पहले उत्तर प्रदेश में भी हो जानी चाहिए थी। कुछ ही ऐसे राज्य हैं जिनमें अभी भी आरआई ही तैनात हैं। उन्हें सिर्फ ड्राइविंग लाइसेंस और फिटनेस का काम ही सौंपा गया है। उनसे चेकिंग कराई ही नहीं जाती है। यह बिल्कुल सही नहीं है। पिछली बार जब सम्मेलन हुआ था तो परिवहन मंत्री और प्रमुख सचिव से यह मांग की गई थी कि उत्तर प्रदेश में आरआई को एमवीआई का पदनाम दिया जाए तो यह काम तो यहां पर भी हो गया है, लेकिन अब जल्द से जल्द चेकिंग का अधिकार भी मिलना चाहिए।

# लेसा के 543 ट्रांसफार्मर जर्जर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गर्मी की शुरूआत हो चुकी है, बीते एक सप्ताह के अन्दर 200 मेगावाट बिजली खपत बढ़ गयी है। वहीं दूसरी तरफ लेसा ट्रांस गोमती में लगे 543 ट्रांसफार्मर जर्जर है जो अब तक नही बदले जा सके हैं। जर्जर ट्रांसफार्मरों को बदलने के लिए अवर अभियंता अपने आला अधिकारियों को सूचित भी कर चुके है। गर्मी को देखते हुए ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिया है कि हर हाल में बिजली के सभी कमियों को पूरा कर लिया जाय। ऐसे में अभी से उपभोक्ता बिजली कटौती की परेशान होने लगे है। लेसा ट्रांस गोमती में बिजली कटौती अभी से शुरू हो गयी हैं। गोमती नगर जैसे क्षेत्रों में दिन भर में दस से बारह बार बिजली की आवाजाही हो रही है। उपभोक्ता जैसे ही शिकायत बिजली उपकेन्द्र पर करता है तो उसे कर्मचारियों द्वारा जानकारी दी जाती है कि अभी दस मिनट में बिजली आ जायेंगी। दो मिनट से लेकर दस मिनट तक की बिजली कटौती पूरे दिन चलती रहती हैं। गोमती नगर विस्तार खण्ड दो में रहने वाले राम प्रवेश ने बताया कि कोई सुनावाई नही होती है, अवर अभियंता के पास फोन करने पर उनके द्वारा कहा जाता है कि पावर हाऊस पर फोन करियें।

| | |
|---|---|
| फैजुल्लागंज | 13 |
| चिनहट | 73 |
| बीकेटी | 108 |
| मुंशीपुलिया | 34 |
| महानगर | 21 |
| कुम्भरावा | 13 |
| अहिबरनपुर | 18 |
| नादरगंज | 14 |

जर्जर ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जा रहा हैं, जेई से क्षेत्र में लगे जर्जर ट्रांसफार्मर की जानकारी ली गयी हैं। जल्द ही ऐसे ट्रांसफार्मर बदल दिये जायेंगे।
**-रजत जुनेजा**
मुख्य अभियंता, लेसा सिस गोमती

# कार्यकारिणी सदस्यों के लिए भाजपा ने 6 व सपा ने एक का भेजा नाम

## भाजपा के 5 व सपा का एक सदस्य हो चुका है रिटायर, एक नाम हटेगा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम कार्यकारिणी समिति के रिक्त छह पदों पर नए सदस्यों के चयन के लिए भाजपा ने छह सदस्यों के नाम तय कर दिए हैं। हालांकि रिटायर होने वाले छह सदस्यों में एक सपा का सदस्य था। लेकिन भाजपा ने छह सदस्यों के नाम महापौर को भेजे हैं। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सभी जनप्रतिनिधियों और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीयों से विचार विमर्श किया। जिसके बाद वरिष्ठता और सामाजिक समीकरण के संतुलन के आधार पर 6 नामों पर सहमति बनी है जिसमें पार्षद देव शर्मा मिश्रा मुन्ना, राजेश सिंह गब्बर, रीता राय, संदीप शर्मा, अमित चौधरी और पृथ्वी गुप्ता के नाम महापौर सुषमा खर्कवाल को भेजे गए हैं जिसमें महापौर की ओर से चयनित पांच पार्षद भाजपा की ओर से नामांकन करेंगे। सदन में बहुमत के आधार पर सभी पांच भाजपा उम्मीदवार पार्षदों का चुना जाना तय है। इनमें मुन्ना त्रिवेणी नगर वार्ड द्वितीय से लगातार तीन बार से पार्षद हैं। वह काफी वरिष्ठ व अनुभवी भी हैं। वहीं राजेश सिंह भी लंबे समय से पार्षद हैं। जबकि संदीप शर्मा ऐशबाग वार्ड से, रीता राय भवानीगंज वार्ड से पूर्व पार्षद संतोष राय की पत्नी हैं। वहीं पृथ्वी दूसरी बार तो अमित चौधरी ने बसपा से जीत दर्ज की थी बाद में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। महानगर इकाई से भेजे गए 6 नाम को लेकर महापौर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि मेरे पास ऐसी कोई सूची नहीं भेजी गई है। न ही मेरी राय ली गई है। जब निर्विरोध चुनाव के लिए पांच पर ही भाजपा के पार्षदों का निर्वाचन होना है तो 6 नाम नहीं भेजने चाहिए। इससे सदन में चुनाव की स्थिति पैदा हो जाएगी। पार्षदों में आपस में मनमुटाव भी होगा। किसी एक का नाम हटाना कैसे संभव होगा।

**सपा से राम नरेश चौरसिया का नाम :** समाजवादी पार्टी की ओर से भी एक पार्षद का नाम तय पार्षद दल के नेता को भेज दिया गया है। सपा के वरिष्ठ पार्षद सै. यावर हुसैन रेशू व सपा पार्षद दल के नेता कामरान बेग ने बताया संगठन ने कन्हैया माधोपुर वार्ड प्रथम से पार्षद राम नरेश चौरसिया का नाम भेजा है। कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव निर्विरोध होने का अनुमान लगाया जा रहा है, क्योंकि 110 पार्षदों में भाजपा के 82 पार्षद हैं। जबकि विधायक, विधान परिषद सदस्य, सांसद और राज्यसभा सदस्य भी भाजपा के हैं। ऐसे में भाजपा पार्षदों के पक्ष में समर्थन अधिक है। कांग्रेस के महज दो सदस्य हैं और वह लड़ने की स्थिति में नहीं हैं। सपा भी अधिकतम एक सदस्य ही कार्यकारिणी में भेज सकती है। इसे देखते हुए पूर्व की तरह ही आपसी तालमेल से भाजपा पांच और सपा एक सदस्य को ही चुनाव में उतारेगी, जिससे चुनाव निर्विरोध होने की चर्चा है।

## एक जुलाई को चुनाव, निर्विरोध होना तय

नगर निगम की 12 सदस्यीय कार्यकारिणी के छह सदस्य एक जून को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इनकी जगह अब एक जुलाई को चुनाव होगा। इसके लिए नगर निगम सदन की विशेष बैठक बुलाई गई है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। नगर निगम कार्यकारिणी के जो छह सदस्य सेवानिवृत्त हुए हैं, उनमें भाजपा के गिरीश गुप्ता, अनूप कमल सक्सेना, उमेश चंद्र सनवाल, मुकेश सिंह मोंटी, रंजीत सिंह व सपा के सुरेंद्र वाल्मीकि हैं। इनकी जगह पर नए सदस्यों को चुनाव होगा, जिसमें निर्वाचित पार्षद, महापौर, शहर के विधायक, विधान परिषद सदस्य, सांसद और राज्यसभा सदस्य वोट डालेंगे।

**अभी कार्यकारिणी में हैं यह सदस्य :** छह सदस्यों के रिटायर होने के बाद कार्यकारिणी में जो छह सदस्य बचे हैं, उनमें भाजपा के अनुराग मिश्रा अन्नू, भृगुनाथ शुक्ला, चरनजीत गांधी, गौरी सावंरिया, कृष्ण नारायण सिंह और सपा की सबा अहसन मंसूरी शामिल हैं।

# अलीगंज में सफाईकर्मी का सिर फोड़ा, थाने पर प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अलीगंज में रविवार को कूड़ा उठान को लेकर एक युवक ने सफाईकर्मी पर हमला बोल दिया। नगर निगम में कार्यदायी संस्था से कार्यरत सफाईकर्मी को पत्थर मारकर उसका सिर फोड़ दिया। इसकी जानकारी होते ही साथी कर्मियों ने घायल सफाईकर्मी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं इस घटना के विरोध में सफाई कर्मचारियों ने अलीगंज थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया और आरोपित की गिरफ्तारी की मांग की।

घटना रविवार सुबह 10:30 बजे की है। अलीगंज के सेक्टर बी में सेंट माइकल स्कूल के पास कूड़ा उठाने की शिकायत कंट्रोल रूम को मिली थी। इस पर नगर निगम की एजेंसी के कर्मचारी आनंद वाल्मीकि को कूड़ा उठाने के लिए भेजा गया था। आनंद कूड़ा उठाकर आगे बढ़ रहे थे कि तभी एक युवक वहां पहुंचा और कहा कि उसके घर के पास कूड़ा पड़ा है, उसे भी उठा दो। इस पर आनंद ने कहा कि उधर से सफाई कर रहा हूं, थोड़ी देर में वहां भी झाड़ू लगा दूंगा। सफाई कर्मचारी नेताओं का कहना है कि इस पर युवक ने सफाईकर्मी पर पत्थर से हमला कर दिया। पत्थर सिर पर लगते ही आनंद लहूलुहान हो गए। सफाईकर्मी के घायल होते ही उसके साथ मौजूद अन्य सफाईकर्मी और कर्मचारी मौके पर इकट्ठा हो गए।

सभी घायल आनंद को लेकर अलीगंज थाने पहुंचे और आरोपित की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस के मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद कर्मचारी शांत हुए। थाने पर जोन 3 के सफाई कर्मचारी थाने पहुंच गए थे। आक्रोशित कर्मचारियों ने चेतावनी दी है यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक कार्य बहिष्कार करेंगे।

## कुत्तों ने किशोर समेत चार को काटा

**लखनऊ।** तहसीनगंज में रविवार को कुत्तों ने 13 वर्षीय आदित्य चौहान समेत चार लोगों को काट कर घायल कर दिया। आदित्य चौहान को एक महीने में दूसरी बार कुत्ते ने काटा है। आदित्य के पिता ने बताया कि उनका बेटा पहले से ही एंटी रेबीज इंजेक्शन का कोर्स पूरा नहीं कर पाया था और अब उसे फिर से कुत्ते ने काट लिया है। अब आखिरी इंजेक्शन 19 जुलाई को लगेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह एक छोटा बच्चा जब दुकान से सामान लेने जा रहा था, तभी एक कुत्ते ने उसे निशाना बना लिया। आदित्य के पिता ने बताया नगर निगम को सूचना दी थी, लेकिन न तो कोई कुत्ता पकड़ा नहीं गया। लोगों का कहना है कि आए दिन कुत्तों के हमले हो रहे हैं, लेकिन नगर निगम की उदासीनता से लोग परेशान है। मांग की है कि यहां कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी बड़ी अनहोनी से पहले हालात पर काबू पाया जा सके।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# परिजनों ने रिस्क लेकर नहर से बाहर निकाला उतराता शव

## सूचना देने के बाद भी नहीं पहुंची सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस, इंतजार करते रहे परिजन

विशेष संवाददाता (vol)

- परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही बरतने का गम्भीर आरोप
- बेटे की मौत के बाद दोस्तों के खिलाफ पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**लखनऊ।** बीते 21 जून को इंद्रा नहर में डूबे बेटे की मौत के बाद पिता ने बेटे के दो दोस्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पिता ने सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये दो दोस्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर कार्यवाई की मांग की है।

पीडित मनोज कुमार शर्मा निवासी 146/36 हाथी खाना चरस मण्डी लखनऊ थाना नाका हिण्डोला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 21 जून को समय करीब 3 बजे मेरे पुत्र शिवम शर्मा को उनके दो दोस्त शेखर राजपूत निवासी बक्शी का तालाब एवं मोहित तिवारी निवासी कनक सीटी सरीपुरा राजाजीपुरम मेरे घर आये और मेरे बेटे से कहने लगे चलो घूम कर आते है, मैंने और मेरे बहू के मना करने के बावजूद भी वो लोग बोले अभी थोड़ी देर में आ रहे है काफी समय हो जाने के बाद हमारी बहू ने बेटे के फोन पर फोन किया तो सुशान्त गोल्फ सिटी के किसी दरोगा ने फोन उठाया और बताने लगे कि तीनो लड़के इन्द्रा डैम में घूमने आये थे जिसमे से शिवम शर्मा इन्द्रा डैम में डूब गये है और बहू के फोन करने के बाद पता चली उसके दोस्तों ने कोई भी सूचना नहीं दी थी। सूचना मिलने के बाद हमारे परिवार वाले घटना स्थल पर पहुंचे तब तक अंधेरा हो चुका था और हम लोगो से पुलिसवालों ने बोला अभी जाओ कल सुबह बाड़ी ढूंढी जाएगी। 23 जून को गोसाईगंज जेल के पास नहर में उतराती हुई मिली। पीड़ित का आरोप है कि हम लोगों ने पुलिस को सूचना दी लेकिन उस समय पर पुलिस नहीं पहुंची और हम परिवार वालों ने स्वयं बाड़ी को नहर से बाहर निकाला और बडी निकालने के 45-50 मिनट बाद आए फिर उसके बाद पंचनामा की कार्यवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता का आरोप है कि बेटे की मौत में उंसके दोस्तो का हाथ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोस्तो की तलाश में जुटी है।

# जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडे, दर्जन भर घायल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के ममई मऊ गांव में रविवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले । मारपीट में आठ महिलाओं सहित दर्जन भर लोग घायल हो गए। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध दी गई तहरीर पर चार महिलाओं सहित 16 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

नगराम के ममई मऊ निवासी वेला प्रसाद द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसी राममिलन अपने लड़के शनी राम विलास राम दयाल व साथी फूलचंद फूलचंद के लड़के भानू व राज कुमार के साथ मिलकर रविवार सुबह करीब 5 बजे सुबह गंदी गंदी गालियां देकर उसे लाठी डंडों से मारने लगे चिल्लाने पर बचाने आए सतीश अजीत ,नारेंद्र सरिता, ,सत्यवती , व रोशनी को भी मारा पीटा जिससे सभी के शरीर में गम्भीर चोटें आई हैं ।वहीं दूसरे पक्ष के राममिलन का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर रविवार सुबह पड़ोसी मेवालाल अपने लड़के नारेंद सतीश अजीत बेला प्रसाद व चारों लड़कों की पत्नियों के साथ गंदी गंदी देते हुए लाठी-डंडों डंडों व फावड़े के बेंट से उस पर हमला कर दिया। बचाने आई पत्नी मिठाना, व परिवार की राम रानी, उर्मिला, शन्नो, सुनीता नारेंद व शनी को भी मारा-पीटा जिससे वह सभी लोग घायल हो गए । थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि घूरा की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों के बीच आपस में मारपीट हुई है । एक दूसरे के विरुद्ध दी गई तहरीर पर चार महिलाओं सहित 16 आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की धराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है तीन लोगों का शांति भंग में चालान कर घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए सी एच सी नगराम भेजा गया ।

## खाना खाने आये तीन दोस्तों पर जानलेवा हमला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट इलाके में ढाबे से खाना खाकर लौट रहे युवकों से बदमाशों ने मारपीट की। पिस्टल लगाकर अगवा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर लोहे की रॉड सिर पर मारकर घायल कर दिया। बदमाशों ने बचकर भाग रहे युवकों की बाइक में स्कॉर्पियों से पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

महाऋषि नगर बाराबंकी निवासी अखण्ड प्रताप सिंह शुक्रवार को अपने दोस्त गौरांग द्विवेदी और शिवम शुक्ला के साथ निजी काम से लखनऊ आए थे।

लौटने के दौरान रात करीब 3 बजे चिनहट स्थित यादव ढाबा पर खाना खाने के लिए रुके। वहां से निकलकर बाइक से मटियारी की जा रहे थे। तभी पीछे से देवा रोड बाराबंकी निवासी सौरभ सिंह, सार्थक जायसवाल, हेमन्त सिंह, कुनाल ?द्विवेदी, फैजल खान और 7-8 अज्ञात लोग बाइक और काली स्कॉर्पियो से पहुंचे। गाड़ी आगे लगाकर उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारने पीटने लगे।

# आशियाना में बंद मकान से कीमती जेवरात सहित हजारों की नकदी चोरी , केस दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में घूम रहे चोरो ने एक बंद मकान को निशाना बना ताला तोड कीमती जेवरात सहित हजारों की नकदी चोरी कर फरार हो गए। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित शारदा नगर रजनीखण्ड में रहने वाले सत्यदेव राजपूत के अनुसार वह बीते 20 जून की सुबह 4.55 बजे परिवार के साथ हरिद्वार दर्शन करने के लिए गए थे। उस दौरान चोरों ने उनके मकान में घुस अलमारी के लाकर का ताला तोड कीमती जेवरात सहित हजारों की नकदी चोरी कर फरार हो गए।

वहीं पीड़ित का कहना था कि 26 जून की रात्रि 2 बजे वापस घर पहुंचने पर चोरी की जानकारी हुई दरवाजे व लाकर का ताला टूटा पडा था और अलमारी का सारा सामान बिखरा था। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर दी ।पीड़ित की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।वहीं पीड़ित के मुताबिक चोरों ने उनके घर में रखा 3 जोडी पायल ,एक जोडी टप्स, एक जोडी झाला,एक जोडी झुमकी 1 मंगल सूत्र सोने का टूटा हुआ, सोने की सुतिया ( हसुली ) 3 तोले की ओम बाला लाकेट सोने का, 22 जोडी विछिया ,नाक की कील-11 पीस, छोटी नथ 7 पीस सोने की, 1 जेन्टस की अंगूठी 2 जोडी वाली सोने की और लगभग 25 हजार रुपए नगद चोरी गया है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल चोरों की तलाश की जा रही है।

# महिला हेड कांस्टेबल के घर में घुसकर मारपीट

लखनऊ। महानगर स्थित पुलिस लाइन में फॉलोवर ने महिला हेड कॉन्स्टेबल के घर में घुसकर मारपीट की। शनिवार दोपहर के समय पुलिस लाइन में तैनात फॉलोवर शराब के नशे में जबरन घर में आ गया। विरोध करने पर मारपीट कर फरार हो गया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

अर्जुनपुर मिजार्पुर निवासी पूनम भारती उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कान्स्टेबल के पद पर तैनात हैं। इस वक्त पुलिस लाइन में कार्यरत हैं। पुलिस लाइन में बने क्वार्टर में अपने बेटे के साथ रहती हैं। पूनम का आरोप है कि शनिवार को दोपहर 3.30 बजे पुलिस लाइन में फॉलोवर के पद पर तैनात मोहम्मद अय्याज का कॉल आया। अय्याज ने पूछा कि खाना बना है। इस पर पूनम ने मना कर दिया। अय्याज कहने लगा कि 5 मिनट में कमरे पर आ रहा हूं। इस पर पूनम ने मना किया फिर भी वह पहुंच गया। शराब के नशे में धुत जबरन कमरे में घुस गया। जिसका पूनम ने विरोध किया तो वह गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। पूनम के शरीर पर कई जगह चोट आ गई। पूनम ने मदद के लिए 112 डॉयल किया।

पुलिस के आने पर आरोपी अय्याज फरार हो गया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्र का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी महिला का पूर्व परिचित है। कहासुनी के बाद मारपीट हुई है। आरोपी को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## कार सवार बदमाशों ने एजीएम को मारे थप्पड़, कार से बाहर खींचा

**लखनऊ।** गोमतीनगर इलाके में ऑफिस जा रहे बीएसएनएल कंपनी के एजीएम की बदमाशों ने पीछा करके पिटाई कर दी। एजीएम ने हनीमैन चौराहे पर पास मांगने के लिए हार्न बजाया था। इस चीज से नाराज दबंग उनका दो किलोमीटर तक पीछाकर गाड़ी रुकवाई। उन्हें कार से उतारकर जमकर पीटा। पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है। विराज खंड गोमतीनगर निवासी अभिषेक वर्मा बीएसएनएल में असिस्टेंट जनरल मैनेजर के पद पर तैनात हैं। शनिवार सुबह करीब 10 बजे घर से ऑफिस जा रहे थे। हनीमैन चौराहे से आगे बढ़े। इस दौरान उन्होंने हार्न बजाकर आगे चल रही सफेद क्रेटा कार वढ 32 टख 9393 से पास मांगा। इस बात से नाराज कार सवार उनका पीछा करने लगे। ज्यूडिशियल ट्रेनिंग सेंटर (जेटीआराई) के बगल वाली सड़क पर उनकी कार ओवरटेक करके रुकवा ली। क्रेटा कार से तीन लोग उतरे। ड्राइवर सीट पर बैठा व्यक्ति निकलकर गाड़ी के शीशे पर हाथ रखकर गाली गलौज करने लगा। एजीएम को कॉलर पकड़कर बाहर उतार लिया। उसके बाद थप्पड़ मारे। बवाल होता देख वहां भीड़ जुट गई। इस पर कार सवार जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## आशियाना में ई रिक्शा से बैटरी व चार्ज कंट्रोलर चोरी , मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके स्थित सेक्टर जी में घर के बाहर खडे ई रिक्शा से चार बैटरी चार्ज कन्टोरल सहित अन्य सामान चोरी हो गया। चोरी की जानकारी होने पर रिक्शा मालिक ने आशियाना थाने में एक व्यक्ति पर चोरी का संदेह जता नामजद शिकायत की है।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर जी निवासी ओमवती पत्नी राजेन्द्र कुमार के अनुसार उनके ई रिक्शा से चार बैटरी, चार्ज कन्टोरल अन्य समान चोरी हो गया । वहीं पीड़िता का कहना था कि चोरी की जानकारी होने पर उन्होंने सालेह नगर निवासी विक्रांत चौधरी पर संदेह जता नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की नामजद शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## खाताधारक के क्रेडिट कार्ड से निकले 69700 रुपये, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में रहने वाले एक खाताधारक के क्रेडिट कार्ड से बिना जानकारी के 69700 रुपए निकल गए। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर सेल सहित स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर जी निवासी आरपी सिंह पुत्र धनंजय सिंह के अनुसार बीते माह 13 अप्रैल को उनके पुत्र के एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से 69700 निकल गए है ।जिसका कोई ओटीपी व मैसेज उन्हें नहीं प्राप्त हुआ। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने बैंक पर धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने का आरोप लगा साइबर सेल सहित स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है ?। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बाइक सवार लुटेरों ने सरेराह अपर निजी सचिव की पत्नी से की चेन लूट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में शनिवार तड़के मार्निंग वॉक के दौरान बाइक सवार लुटेरे सरेराह अपर निजी सचिव की पत्नी से चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दे फरार हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित गीतापल्ली में उत्तर प्रदेश सचिवालय में अपर निजी सचिव पद पर कार्यरत बिजन कुमार सिंह अपने परिवार संग रहते है। वहीं पीड़ित निजी सचिव का कहना था कि बीते 28 जून की सुबह प्रतिदिन की तरह उनकी पत्नी सुरुचि सिंह

मार्निंग वॉक पर निकली थी और तुलसी पार्क के पास टहल रही थी इसी दौरान बाइक पर सवार दो बदमाश उनकी पत्नी के गले में पर पीछे से झपट्टा मार चेन स्नैचिंग करने लगे खींचतान के दौरान बदमाश आधी चेन लेकर फरार हो गए ।घटना की शिकार महिला के अनुसार बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने ओरेन्ज कलर की शर्ट व बाइक चला रहे बदमाश ने सफेद रंग की शर्ट पहन रखी थी। पत्नी से घटना की जानकारी होने पर पीड़ित अपर निजी सचिव ने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली पहुंच पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल बाइक सवार बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## आशियाना में मजदूर की बाइक चोरी , डेढ़ माह बाद मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके से बीते डेढ़ माह पूर्व चोरों ने एक मजदूर की बाइक पार कर दिया। वहीं पुलिस ने चोरी घटना के डेढ़ माह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मोलवी खेड़ा थाना, बिजनौर जिला लखनऊ निवासी करन राजपूत के अनुसार उसका भाई सूरज राजपूत मजदूरी का काम करता है। बीते 13 मई को उसका भाई आशियाना थाना इलाके स्थित पकरी गांव मजदूरी करने अपनी बाइक संख्या यूपी 32 क्यू जे 7920 से गया था। वहीं पीड़ित का कहना था कि उसी दिन दोपहर करीब 1.05 बजे उसका भाई निकट पकरी पुल खाना खाने होटल गया और उसने अपनी उक्त बाइक को होटल निकट ठेके के बाहर खडी कर दिया। होटल से खाना खाने के बाद 1.30 बजे होटल से बाहर आने पर उसकी बाइक अपने स्थान पर मौजूद नहीं थी जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने खोजबीन करने के बाद स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

# अधिवक्ता को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाले एक अधिवक्ता ने फोन पर मिली जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कराया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित चन्दर नगर निवासी अमित कुमार सिंह पुत्र स्व बिरजा सिंह के अनुसार वह पेशे से अधिवक्ता है। आरोप है कि बीते 10 फरवरी की शाम वह अपने चैम्बर-टी.सी 12 सी.एस.सी. बिल्डिंग गेट नम्बर-8 पुराना हाई कोर्ट कैसरबाग जनपद लखनऊ में अपने सहयोगियों से मुकदमों की चर्चा कर रहे थे उस दौरान कालर ने अपने को होम्योपैथिक बोर्ड में लेखाकार बताते हुए उनके संग फोन पर अभद्रता करने के साथ कुछ लोगों का नाम लेकर उनपर हमला करा जान से मारने की घमकी देने लगा। वहीं पीड़ित का कहना था कि उक्त कालर ने पूछने पर अपना नाम दिलीप तिवारी बताया है मोबाइल में उक्त घटना की रिकार्डिंग मौजूद है। जिसके चलते उन्होंने स्थानीय आलमबाग कोतवाली पहुंच पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित अधिवक्ता की शिकायत पर केस दर्ज कर मोबाइल फोन नम्बर के आधार पर जांच करने के साथ आरोपित कालर की तलाश की जा की जा रही है।

## पिस्टल लगाकर किया अगवा करने का प्रयास

**लखनऊ।** बदमाश पिस्टल लगाकर अखण्ड औ गौरांग को कार में जबरन बैठाने की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर लोहे की रॉड सिर पर मार दी। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। बदमाशों से बचकर तीनों दोस्त भागने लगे तो कुनाल ने तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो से टक्कर मार दी। तीनों दोस्त दूर जाकर गिरे। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया दोनों पक्षों में पुराना विवाद है। अपहरण की बात निराधार है। खाना खाने के दौरान झगड़ा हुआ था।

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम जियाउल हक (ZIYAUL HAQ) से बदलकर मो.जियाउल हक (MOHD.ZIAUL HAQ) रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**मो. जियाउल हक पुत्र श्री इरशाद अहमद निवासी- मो. पश्चिमी दीक्षिताना कस्बा व थाना गोला जिला लखीमपुर खीरी। पिन कोड- 262802**

# डीजीपी की दस प्राथमिकताओं को पूर्ण करने का रोड मैप तैयार

## लगायी गयी अफसरों की पूरी फौज, अपराध और अपराधियों के मास्टर माइंड पर कसेगा शिकंजा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियन्त्रण को लेकर यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण नें 10 प्रमुख प्राथमिकताओं पर कड़ी कार्रवाई के लिए रोडमैप तैयार किया है ।डीजीपी नें बताया कि यूपी पुलिस को देश का सर्वोत्कृष्ट पुलिस बल बनाने की दिशा में कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियन्त्रण के लिए निम्नलिखित 10 प्रमुख प्राथमिकताएं तय की गयी है। इनमे अपराध/ अपराधियों के खिलाफ जीरो सहिष्णुता की नीति व महिलाओं का सशक्तिकरण और सुरक्षा/ संरक्षण व साइबर अपराध का मुकाबला करना व कानून और व्यवस्था बनाए रखना / बन्दोबस्त व बेहतर पुलिस सेवाएँ व पुलिस कल्याण पर ध्यान और प्रतिभा और विशेषज्ञता का उपयोग व

प्रौद्योगिकी और ए०आई० का विभिन्न प्राथमिकताओं व पुलिसिंग में प्रयोग व प्रशिक्षण तथा जनशिकायत का निवारण प्रणाली शामिल है। डीजीपी नें बताया कि इन प्राथमिकताओं को सुनियोजित एवं उद्देश्यपरक रूप से पूर्ण कराये जाने के लिए कार्ययोजना बनाते समय निम्नलिखित बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखा जायेगा ।विशेष और मापनीय लक्ष्य और प्रत्येक प्राथमिकता के सापेक्ष विशेष तथा यथासम्भव प्राप्त किये जाने वाले लक्ष्य होने चाहिये, जो उस प्राथमिकता को भली-भाति परिभाषित करें ।किसी भी प्राथमिकता के सापेक्ष एक से अधिक लक्ष्य हो सकते है, जिनका निर्धारण अधिकारीगण अपने विवेकानुसार करेंगे। डीजीपी नें बताया कि वर्तमान स्थिति लक्ष्यों के संदर्भ में हम कहाँ खड़े है ? और इनको पूरा किये जाने के लिए क्या करना है ? इसका सही मूल्याकंन प्रत्येक अधिकारी द्वारा किया जाये ।उन्होंने बताया कि सर्वोत्तम राष्ट्रीय/वैश्विक प्रथाएं- प्रत्येक प्राथमिकता के सापेक्ष राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर अध्यन करके प्रत्येक अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित करें कि उ0प्र0 के सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के दृष्टिगत उ0प्र0 पुलिस संगठन के ढाचे में लागू किया जा सकता है ।

उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति की कार्ययोजना- प्रत्येक प्राथमिकता में लक्ष्यों की प्राप्ति की कार्ययोजना इस प्रकार से बनायी जाये कि वह व्यवहारिक हो, उसके लागू होने के बाद वर्तमान में चल रही व्यवस्था में और सुगमता आये तथा इस कार्ययोजना को कार्यान्वित करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को असानी रहे ।एआई/तकनीक का उपयोग कैसे किया जाये- कार्ययोजना बनाये जाने के लिए कोई विशेष साफ्टवेयर अथवा तकनीक का प्रयोग किसी संस्था/पुलिस संगठन द्वारा किया जा रहा है तो उसकी जानकारी करके उसका वर्जन प्राप्त किया जा सकता है अथवा यदि कोई नया साफ्टवेयर डेवलप करने की आवश्यकता है तो उसकी विशिष्टताओं की जानकारी प्राप्त किया जाये । डीजीपी ने कहा कि कार्ययोजना को बनाये जाने के लिए किसी विशिष्ट ट्रेनिंग की आवश्यकता हो तो उसका वर्णन किया जाये जिसमें- कोर्स का स्वरूप (आनलाइन /आफलाइन), समयावधि, ट्रेनिंग देने वाले कितने लोगो को ट्रेनिंग दी जानी है- इत्यादि का उल्लेख किया जाये । कार्ययोजना बनाये जाने की समय-सीमा आवश्य निर्धारित कर ली जाये। कार्ययोजना के लिए यदि अलग से किसी बजट की आवश्यकता हो तो उसका प्रस्ताव बना लिया जाये। यदि कार्ययोजना के लिए किसी में बदलाव आवश्यक हो तो सम्बन्धित की वर्तमान स्थिति की जानकारी देते हुए क्या बदलाव किया जाना है उससे सम्बन्धित उपलब्ध कराया जाये । डीजीपी नें कहा कि कार्ययोजना बनाते समय सभी सम्बन्धित पक्षों के साथ विस्तृत विचार विमर्श कर कार्ययोजना के लिए उत्तरदायी नामित अधिकारी द्वारा अन्य अधिकारियों, पुलिस कार्मिकों, विषय विशेषज्ञों का भी आवश्यकतानुसार अभिमत प्राप्त किया जाये । डीजीपी नें बताया कि कार्ययोजना को लेकर जिन व्यक्तियों/अधिकारियों की विशिष्ट विशेषज्ञता है, उनके भी विचार ले लिये जायें ।कार्ययोजना बनाते समय यह उचित होगा कि पुलिस विभाग के विभिन्न स्तर के अधिकारियों कर्मचारियों को भी इसमे शामिल किया जाये। कार्ययोजना बनाते समय लक्षित समूह महिलाएं, नागरिक के भी सुझाव लिये जाये। डीजीपी नें बताया कि प्राथमिकताओं के लिए तैयार किये जाने वाले व्यवहारिक रोडमैप हेतु गठित अधिकारियों की टीम गठित की गई है ।इस टीम में एस० के० भगत, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध उ०प्र०, लखनऊ व पीयूष मोर्डिया, अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी, वाराणसी जोन और पद्मजा चौहान, अपर पुलिस महानिदेशक, डब्ल्यूसीएसओ उ०प्र०, लखनऊ व अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन, आगरा व बिनोद कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम उ०प्र०, लखनऊ श्रीमती लक्ष्मी सिंह, पुलिस आयुक्त, नोएडा व अमिताभ यश, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था उ०प्र०, लखनऊ व आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं उ०प्र०, लखनऊ व भानु भास्कर, अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, मेरठ व आर०के० भारद्वाज पुलिस महानिरीक्षक, भवन एवं कल्याण उ०प्र० पुलिस मुख्यालय, उ०प्र०, लखनऊ व दीपक कुमार, पुलिस आयुक्त, आगरा व नचिकेता झा, पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना उ०प्र०, लखनऊ व अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ व नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं उ०प्र०, लखनऊ व अखिल कुमार, पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर व राजीव सब्बरवाल, अपर पुलिस महानिदेशक, डा० बीआरए उ०प्र० पुलिस अकादमी, मुरादाबाद व संजीव गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज व के० सत्य नारायण, अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात उ०प्र०, लखनऊ व मोहित अग्रवाल, पुलिस आयुक्त, वाराणसी व रमित शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली को लगाया गया है। यह अफसर विभिन्न विषयो पर कार्य करेंगे।

## प्रो. दिनेश शर्मा ने लविवि को दी एक एबुलेंस व मिनी बस

**लखनऊ।** लविवि को सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सांसद (राज्यसभा) डॉ दिनेश शर्मा (पूर्व उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश) की सांसद निधि की धनराशि से उनकी संस्तुति के क्रम में एक एंबुलेंस और एक 22 सीटर मिनी बस मिलने की स्वीकृत हुई है। यह एंबुलेंस वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, पल्स मॉनिटर, ग्लूकोज स्टैंड, ब्लड प्रेशर मशीन, फेब्रिकेशन एवं अन्य सुविधा युक्त होगी। पूर्व में भी प्रो. दिनेश शर्मा द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय को एक एंबुलेंस अपने विधायक निधि (जब दिनेश शर्मा विधान परिषद सदस्य थे) से प्रदान किया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने स्वयं एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से प्रो दिनेश शर्मा, सांसद (राज्य सभा) एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश का आभार प्रकट किया है।

# देश के लिए समर्पित करने में व्यापारी सबसे आगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा और व्यापारी एक-दूसरे के पूरक हैं। भाजपा को सत्ता के शिखर तक पहुंचाने का सारा श्रेय व्यापारी समाज को जाता है। यह बात परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कही। परिवहन मंत्री रविवार को गोमतीनगर स्थित एक होटल में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन एवं उद्योग

- उत्कृष्ट कार्य के लिए 10 लोगों को 'भामाशाह रत्न सम्मान से किया सम्मानित

संवाद के संयुक्त तत्वावधान में दानवीर भामाशाह जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने व्यापारियों की तुलना आधुनिक भामाशाह के साथ करते हुए कहा कि आज देश के लिए सब कुछ समर्पित करने में व्यापारी वर्ग सबसे आगे है। परिवहन मंत्री ने समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए 10 विभूतियों को 'भामाशाह रत्न सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर ने कहा कि आज पूरे देश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कारण दानवीर भामाशाह को सम्मान मिल सका है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने प्रत्येक जिले में भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित करने के मुख्यमंत्री के फैसले की सराहना की। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि भामाशाह न सिर्फ मेवाड़ के लिए बल्कि समूचे भारत के लिए त्याग, निष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रतीक हैं। इस अवसर पर परिवाहन मंत्री ने पवन जायसवाल (पटना), सुधीर हलवासिया, विशाल नैयर (लखनऊ), कृष्ण कुमार अग्रवाल (कानपुर), ओंकारनाथ केशरवानी (प्रयागराज), विशाल गुप्ता (कानपुर), अनिल अग्रवाल (मथुरा), विनोद केशरवानी (चित्रकूट), साधना जग्गी और पवन जायसवाल (पटना) को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर भामाशाह रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

**मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम था :** भामाशाह सदैव अपरिग्रह को जीवन का मूल मंत्र मानकर संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेतना जगाने में सदैव अग्रणी रहे। यह बात लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेन्द्र अग्रवाल ने भामाशाह जयंती के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि भामाशाह को मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम था। आज हमारे समाज के जिन व्यापारियों ने निस्वार्थ भाव से दान एवं समाज सेवा की है। वह सब उन्हीं के आदर्श हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने किया। इससे पूर्व दानवीर भामाशाह की प्रतिमा पर माला पहनाकर याद करते हुए नमन किया तत्पश्चात व्यापारी समाज के दानवीरों, भामाशाहो ने समाज सेवा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाले व्यापारियों को चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने सम्मानित किया।

**19 वरिष्ठ व्यापारियों को 'भामाशाह सम्मान :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने रविवार को अयोध्या रोड स्थित कार्यालय में भामाशाह जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर 19 वरिष्ठ व्यापारियों को 'भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि आरके एस राठौर, अशोक भाटिया, नरेन्द्र शर्मा, श्याम सुंदर अग्रवाल, हरीश कोहली, गुरवीर सिंह नारंग, मुशीर आलम लारी, नासिर इकबाल, प्रकाश मोहन भार्गव, नरेश अग्रवाल, कुलदीप यादव, शिव चन्दर गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, संजय जैन, संजय अग्रवाल, जितेंद्र टंडन, बलबीर अरोड़ा, ब्रह्म प्रकाश अवस्थी को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समय की कीमत सबसे ज्यादा है। जो लोग किसी दूसरे की भलाई के लिए, किसी दूसरे के कल्याण के लिए तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अपना अमूल्य समय दान में दे रहे हैं, वह सब बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

**समाज व राष्ट्र के लिए कार्य करने वाला सदियों तक याद किया जाता :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार लखनऊ इकाई के चेयरमैन सुमेर अग्रवाल ने कहा समाज व राष्ट्र के लिए जो व्यक्ति कार्य करता है उसे सदियों याद किया जाता है। सुमेर निराला नगर में आयोजित दानवीर भामाशाह जयन्ती एवं व्यापारी कल्याण दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मंच संचालन मंत्री योगेन्द्र सिंह ने किया। अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल ने उपस्थित व्यापारियों से अपील किया कि अपनी पूंजी का कुछ अंशदान समाज व राष्ट्र को समर्पित में करने का संकल्प करे, यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन ने दी भामाशाह को भावांजलि :** इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन की महानगर इकाई ने रविवार को भामाशाह जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि दी और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को नमन किया। निरालानगर के डीग्लोबल होटल में आयोजित समारोह में महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस की मान्यता देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में अमरनाथ अग्रवाल, दिनेश चौरसिया, अजीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## नृत्य, कथक, शास्त्रीय गायन, बांसुरी वादन में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**लखनऊ।** फैकल्टी क्लब एसजीपीजीआई पिछले कई वर्षों से बच्चों में सांस्कृतिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु समर कैम्प का आयोजन किया जाता रहा है, इस वर्ष लगभग 100 बच्चों ने शिविर में प्रतिभाग किया, शिविर में नाटक, नृत्य, कथक, शास्त्रीय गायन, बांसुरी, शिल्प

- बच्चों की ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

कला, बेकिंग कला, योगा, आदि कलाओं में निपुणता हासिल की, जिसका समापन मंचन 29 जून को सायं 4 बजे से एसजीपीजीआइ के श्रुति सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ आर. के. धीमान जी के द्वारा दीप प्रज्जलित करके किया गया, उसके बाद बच्चों ने नैना श्रीवास्तव के निर्देशन में कथक गुरु वंदना प्रस्तुत की। संजय त्रिपाठो एवं आदित्य कुमार शर्मा के निर्देशन में 'मस्ती की पाठशाला', 'लखटकिया हाथी' व 'हिरण्यकश्यप मर्डर केस' नाटकों का मंचन किया। अश्वनी सिंह के निर्देशन में बॉलीवुड गाने झूमें जा पठान, नगाड़ा नृत्य प्रस्तुत किया। अनामिका मिश्रा के निर्देशन में शास्त्रीय गायन सरस्वती वंदना, राधा ठुमक ठुमक आदि। अविरल मिश्रा के निर्देशन में बांसुरी धुन अच्युतम केशवम्-की धुन ने समां बांध दिया। इसके अलावा योगाचार्य अनूप जी के प्रशिक्षण में योगा प्रर्दशन एवं अश्वनी यादव के निर्देशन में शिल्प कला प्रर्दशन एवं खुशबू के निर्देशन में बेकिंग पाक कला का प्रदर्शन किया गया। डॉक्टर्स के बच्चों द्वारा किये गये रंगारंग कार्यक्रम को देखकर दर्शकगण भाव विभोर होकर खुद को खड़े होकर बच्चों का अभिवादन करने से रोक नहीं पाए। कार्यक्रम के अंत में निदेशक महोदय ने बच्चों व प्रशिक्षकों को पुरस्कत किया। मंच संचालन दुर्गा व देविना के द्वारा किया गया। आईजा, प्रणव, इशिता, वेदांत, अबीर, निकिता, अश्विका, अनन्या, ईशानी, खुश, अर्नब, दिशिका, तनिष्का, अरिजीत, अश्विक, अनिकेत, अनाईशा, नंदिनी, अद्विता आदि लगभग 100 बच्चों ने प्रतिभागिता की।

## बृज की रसोईं खिला रही सैकड़ों जरूरतमंदों को निःशुल्क पौष्टिक भोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाज कल्याण की भावना और मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि मानने वाली इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित बृज की रसोई ने रविवार को एक बार

- संवेदना की थाली: बृज की रसोई ने फिर रचा सेवा का कीर्तिमान: विपिन शर्मा
- हर रविवार सेवा का नया सूरज उगाती है बृज की रसोई

फिर सेवा का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया। आशियाना क्षेत्र की मलिन बस्तियों, निर्माणस्थलों और झुग्गी-झोपड़ियों में निवासरत लगभग 1150 जरूरतमंद बच्चों, बुजुर्गों और श्रमिकों को निःशुल्क पौष्टिक भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर वातावरण भावुक, प्रेरणादायक और सेवा-भाव से परिपूर्ण रहा।

इस वितरण अभियान में दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव ने अपनी पुत्री नूपूर श्रीवास्तव के साथ मिलकर अपने दामाद सुधीर कुमार के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क भोजन वितरण में भागीदारी की। उन्होंने कहा, समाज के वंचित वर्ग की सेवा करना वास्तव में आत्मा की संतुष्टि का माध्यम है। परिवार सहित इस कार्य में सहभागिता से यह दिन अत्यंत विशेष बन गया।

नूपूर श्रीवास्तव ने भावविभोर होते हुए कहा, यह आयोजन मेरे लिए एक यादगार अनुभव है। जब कोई भूखा बच्चा मुस्कुराकर थाली लेता है, तो वह मुस्कान किसी भी उपहार से अधिक मूल्यवान लगती है।सुधीर कुमार ने जन्मदिवस पर समाज से आह्वान किया, यदि हम अपने जीवन के खास मौकों को जरूरतमंदों के साथ बाँटें, तो यह न केवल हमारी खुशियाँ बढ़ाता है, बल्कि समाज को भी एक नई दिशा देता है।

**बस्ती-बस्ती में पहुँचा सेवा का संदेश :** संस्था की राष्ट्रीय महिलाध्यक्ष रजनी शुक्ला ने जानकारी दी कि यह सेवा वितरण सेक्टर-एम रिक्शा कॉलोनी, रतन खंड, अम्बेडकर विश्वविद्यालय के पास की झुग्गियों, निमार्णाधीन शिक्षण संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के निवास, तथा जोन-8 क्षेत्र की मलिन बस्तियों में संगठित रूप से किया गया।

संस्थापक विपिन शर्मा ने सेवा के मूल भाव को रेखांकित करते हुए कहा, भूख केवल शरीर की नहीं होती, यह आत्मा की पुकार है। जो इस पुकार को सुनकर आगे बढ़ता है, वही सच्चे अर्थों में इंसानियत की कसौटी पर खरा उतरता है।

सेवा-सहयोगी संजय श्रीवास्तव ने कहाऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता को बल मिलता है। भोजन वितरण केवल एक कर्म नहीं, बल्कि आत्मिक शांति का मार्ग है। विकास पाण्डेय ने जनसाधारण से अपील की, आपका छोटा-सा योगदान भी किसी के लिए भोजन नहीं, जीवन का सहारा बन सकता है। हमें इस दिशा में सामूहिक प्रयास करना चाहिए।

अनुराग दुबे ने बताया कि इस अभियान में दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, दिनेश कुमार पाण्डेय, विकास पाण्डेय, दिव्यांशु राज, मुकेश कनौजिया, नवल सिंह, संस्था की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष रजनी शुक्ला व गीता प्रजापति सहित अनेक युवा स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

गीताप्रजापति ने कहा, बृज की रसोई केवल भोजन वितरण की प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह संवेदनशीलता, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत प्रतीक बन चुकी है। यह सेवा अभियान अब जन-जन की भागीदारी का आंदोलन बनता जा रहा है।

बृज की रसोई का यह आयोजन न केवल जरूरतमंदों के लिए राहत का माध्यम बना, बल्कि समाज के लिए एक बार फिर यह संदेश छोड़ गया कि मानवीय संवेदना ही वह शक्ति है, जो असली बदलाव ला सकती है।

## ईश्वर की भक्ति की कोई उम्र नहीं होती : अंकित शास्त्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री रामलीला समिति महानगर द्वारा श्री रामलीला मैदान सेक्टर सी, महानगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी के द्वारा उपस्थित जनसमूह के स्वागत के साथ किया गया। कथा का प्रारंभ समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी उपाध्यक्ष श्री के.के. पांडे रकन्हैयार एवं रामलीला के सह- निर्देशक हरीश लोहुमी द्वारा सपत्नीक पूजन के साथ किया गया।

पूजन के उपरांत पंडित अंकित शास्त्री महाराज ने चतुर्थ दिवस की कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि ईश्वर की भक्ति की कोई उम्र नहीं होती है। बालक ध्रुव और भक्त प्रहलाद इसके उदाहरण हैं। भक्त प्रहलाद में छोटी सी उम्र में ही भगवान नरसिंह को प्राप्त कर लिया प्रहलाद की भक्ति और श्रद्धा से भगवान विष्णु ने नरसिंह का रूप धारण कर खंभा फाड़कर प्रकट

हुए और हिरण्यकश्यप का अंत कर दिया। जब भक्त प्रहलाद के पिता हिरणयकश्यप अपने पुत्र की ईश्वर भक्ति के कारण अपने पुत्र के शत्रु बन गए तो प्रहलाद का अंत करने के लिए तरह-तरह के उपाय किए लेकिन भक्त प्रहलाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा और बार-बार ईश्वर अपनी भक्त की रक्षा के लिए आते रहे। आचार्य जी ने आगे बताया कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन से ईश्वर की भक्ति करता है उसे कभी भी अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता। भागवत कथा के दौरान आज धूमधाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया पंडाल को बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया। उपस्थित लोगों में विशेष आनंद का माहौल था। आचार्य अंकित शास्त्री ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है तब तब प्रभु स्वयं अवतार लेकर इस पृथ्वी पर प्रकट होते हैं। श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा हिंदू धर्म की एक पवन एवं प्रेरणादायक कथा है यह कथा भगवान विष्णु के आठवें अवतार श्री कृष्ण के जन्म की है। मथुरा में कंस नामक एक अत्याचारी शासक का शासन था वह अपनी बहन देवकी से बहुत प्यार करता था। देवकी का विवाह वासुदेव से हुआ। विवाह के उपरान्त आकाशवाणी हुई कि हे कंस तू जिस बहन से इतना प्यार करता है इसका आठवां पुत्र तेरा काल बनेगा। यह आकाशवाणी सुनकर कंस ने देवकी और वासुदेव को काल कोठरी में डाल दिया। देवकी और वासुदेव की होने वाली 6 संतानों को कंस ने एक-एक करके मार डाला। लेकिन सातवीं संतान बलराम थे जिसे योगमाया ने रोहिणी के गर्भ में स्थानांतरित कर दिया और आठवीं संतान के रूप में भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के अष्टमी तिथि की मध्य रात्रि में भयंकर बारिश के बीच हुआ और इस प्रकार अत्याचारी अहंकारी और अधर्मी कंस के अंत के लिए प्रभु ने अवतार लिया। इस अवसर पर रामलीला समिति की सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मंसूरी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**लखनऊ।** मंसूरी समाज की प्रमुख तंजीम जमीअतुल मंसूर द्वारा आज लखनऊ के एक होटल में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं प्रमुख सामाजिक शख्सियतों को सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर आईपीएस शकील मंसूरी और एडीजे मो. अली मंसूरी को मोमेंटो, शॉल और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शकील मंसूरी (आईपीएस) ने मंच से सभी

- प्रमुख सामाजिक शख्सियतों को भी किया गया सम्मानित

बच्चों को बधाई देते हुए अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे कठिन परिश्रम और लगन से कोई भी सफलता हासिल कर सकता है।जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री जावेद इकबाल मंसूरी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि समाज की तरक्की तभी संभव है जब हमारे बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट, आईएएस, पीसीएस बनकर आगे आएं और समाज का नाम रोशन करें।उत्तर प्रदेश जमीअतुल मंसूर के अध्यक्ष हाजी रबीउल्लाह मंसूरी ने कहा कि संगठन हमेशा से होनहार बच्चों की हौसला अफजाई करता आया है और आगे भी करता रहेगा।इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष लियाकत मंसूरी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष अजीम मंसूरी, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नजीर मंसूरी, दिल्ली प्रभारी रफीक मंसूरी, उपाध्यक्ष मुश्ताक मंसूरी, महामंत्री नौशाद मंसूरी, यूसुफ मंसूरी,प्रदेश प्रवक्ता,संगठन मंत्री आजाद मंसूरी,मौलाना अल्ताफ मंसूरी,हाजी मो सुल्तान मंसूरी,खुर्शीद मंसूरी, परवेज मंसूरी, एफ एम खान मंसूरी, अल्ताफ मंसूरी, वसीम मंसूरी, नोमान मंसूरी, जाहिद मंसूरी, यूसुफ मंसूरी, इरफान मंसूरी, शौकत अली, नाहिदा मंसूरी, डॉ. कमरुद्दीन मंसूरी और शहाबुद्दीन मंसूरी सहित अनेक समाजसेवी शामिल रहे।

## श्री माधव मन्दिर में हुआ प्रबुद्धजन का सम्मान

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित श्री माधव मन्दिर वार्षिकोत्सव एवं श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव कार्यक्रम के अंतिम दिन जिन्होने सामाजिक, शैक्षणिक, आध्यात्मिक क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले प्रबुद्धजनों का सम्मानित किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि श्री राधा माधव सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने सुधीर हलवासिया, राजेंद्र अग्रवाल, अतुल साहू, डॉ वंदना, वृंदावन कलाकार मुरारी लाल तिवारी, धनंजय मित्तुल, नितेश को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह पौधा देकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, ओमकार जैसवाल, धनश्याम दास अग्रवाल, गोविंद साहू, राकेश साहू, श्याम जी साहू, दीपक मल्होत्रा, प्रियंक गुप्ता, अनुराग साहू उपस्थित रहें।वार्षिकोत्सव के दौरान प्रतिदिन अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए।

## रिमझिम बारिश में हुआ प्रगति इवेंट का सांस्कृतिक कार्यक्रम, झूमे दर्शक

**लखनऊ।** राजधानी के यूपी दर्शन पार्क मैं प्रगति इवेंट द्वारा आयोजित समर कार्निवल जो 30 जून को बहुत सारी यादों को समेट कर अगले कारवां के लिए निकल जाएगा। कहते हैं अच्छा वक्त कब समाप्त हो जाता है पता ही नहीं चलता। प्रगति इवेंट के समर कार्निवल में भी कुछ ऐसा ही हो रहा है ।28 दिन पूरा हो गया और समय का पता ही नहीं चला। यह सच है कि इन बीते हुए दिनों में बहुत लंबी छलांग यूपी दर्शन पार्क द्वारा प्रगति इवेंट के सहयोग से लगाई गई। लखनऊ की बड़ी आबादी को इस पार्क के संबंध में आने और जानकारियां प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिला।

प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जो सिलसिला चल रहा है उसी कड़ी में आज सुर ताल संगम अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिल्लब्ध एवं सामाजिक संस्था की निर्देशिका डॉ जया श्रीवास्तव के

उत्कृष्ट निर्देशन में कलाकारों द्वारा दिल की गहराइयों को छूने वाली प्रस्तुति से सबका मन झूम उठा। डॉ जया श्रीवास्तव द्वारा ओ साथी रे, यह दिल और उनकी, जब छाए मेरा जादू जैसे सदाबहार गाने सबके मन को खूब आकर्षित किया। अविजित श्रीवास्तव द्वारा रोते हुए आते हैं सब तथा जब कोई रह ना पाए, अमन जावेद फारूकी द्वारा मानो तो मैं गंगा मां हूं, एक हंसी शाम को, राजेंद्र नाथ द्वारा गुलाबी आंखें, तुझे देखा तो यह जाना, अनीता सिंह द्वारा हमें तुमसे प्यार है कितना, आए हो मेरी जिंदगी में, सीमा श्रीवास्तव द्वारा दिल में तुझे बिठा के, एक प्यार का नगमा है, वंदना श्रीवास्तव द्वारा गर तुम भुला न पाओगे, तेरी इसी अदा पे सनम, सलीम अब्बासी द्वारा आजकल कुछ, नैनों में सपना, प्रकाश खन्ना द्वारा बीते हुए लम्हों की, अब मुझे दिन रात के गीतों के अलावा युविका पांडे द्वारा बेहतरीन नगमे सुनने का अवसर आई हुई जनता को मिला। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ने नगमे सुनाए। निर्देशिका डॉक्टर जया श्रीवास्तव का अनुशासन, समर्पण, त्याग और संगीत के प्रति जो कलाकारों को जागरूक करने का प्रयास है, उसी का परिणाम है कि आज पूरे देश में सुर ताल संगम संस्था एक अलग मुकाम बना बना चुकी है, जो अपने आप में बेमिसाल है। प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच से पैशन हब म्यूजिक एंड डांस अकैडमी, जिसकी निदेशक साक्षी त्रिपाठी तथा कथक गुरु विभा नौटियाल, के दिशा निर्देशन में समूह नृत्य प्रस्तुति और एकल नृत्य में कथक विधा की झलक देखने को मिली। ध्रुविका वर्मा, दिववेना वर्मा, अन्वी, ईलीशा अद्विविक, सनवि, आदिजा मशिका, शताक्षी, आरवी, इशिता, मिशिका उपस्थिति रहीं।

बारिश की रिमझिम बूंद के बीच सभी कलाकारों की प्रशंसा करते हुए अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की आकामना की और अपना आशीर्वाद दिया। उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## राज्य संग्रहालय में लगी 'खुशियों की पाठशाला'

**लखनऊ।**पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की प्रेरणा तथा प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के मार्गदर्शन में, राज्य संग्रहालय लखनऊ में चल रहे ग्रीष्मकालीन रचनात्मक सत्र रखुशियों की पाठशाला के अंतर्गत शनिवार को रआर्ट एंड क्राफ्टर गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की परिकल्पना एवं निर्देशन राज्य संग्रहालय निदेशक डॉ. सृष्टि धवन द्वारा किया गया है।

आज के सत्र का समन्वय सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका द्वारा किया गया, जिसमें विज्ञान फाउंडेशन के लगभग 35 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे क्राफ्ट पेपर, स्टिकर्स व रंगों की मदद से पेन स्टैंड, घर, वॉल हैंगिंग, ग्रीटिंग कार्ड्स, फ्रेम, परी, लिफाफे, लैंडस्केप आदि की सुंदर कलाकृतियां बनाईं। इस रचनात्मकता से बच्चों की कलात्मक

रुचि, सौंदर्यबोध और बौद्धिक क्षमता सामने आई।कार्यक्रम में बच्चों की सहभागिता अत्यंत उत्साहपूर्ण रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां न केवल बाल मनोविज्ञान को सकारात्मक दिशा देती हैं, बल्कि उनमें संवेदनशीलता और सृजनशीलता को भी विकसित करती हैं।

# नियमित ट्रेनों में मारामारी, विशेष ट्रेनों मेंखाली हैं सीटें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इन दिनों नियमित ट्रेनों में जहां कंफर्म टिकट के लिए मारामारी मची है, यहा तक कई ट्रेनों में वेटिंग टिकट मिलना भी बंद हो चुका है। साथ ही तत्काल कोटो भी पांच मिनट में फुल हो जा रहा है।

वहीं , रेलवे द्वारा चलायी जा रही ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनों तकरीबन हर श्रेणी में सैंकड़ों सीटें खाली है। यात्री मजबूरन अधिक किरया देकर इन विशेष ट्रेनों में टिकट ले रहे हैं।

जिन विशेष ट्रेनों में सीटें खालीं है उनमें मऊ से चलने वाली 07328 मऊ-बेलगावि विशेष गाड़ी में 09 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 64, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 182 बर्थ, 16 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 65, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 242 तथा शयनयान श्रेणी में 444 बर्थ उपलब्ध हैं। रक्सौल से चलने वाली 05559 रक्सौल-उधना वाया गोरखपुर

विशेष गाड़ी में 12 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 41, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 50, 19 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 61, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 290, शयनयान श्रेणी में 202 तथा 26 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 58, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 290 तथा शयनयान श्रेणी में 314 बर्थ उपलब्ध हैं।

बरौनी से 30 जून को चलने वाली 04138 बरौनी-ग्वालियर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 37, द्वितीय श्रेणी कुसीर्यान में 283 सीट उपलब्ध हैं।

मुजफ्फरपुर से चलने वाली 04017 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी में 04 जुलाई को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 11, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 43, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 103, 11 जुलाई को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 13, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 65, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 314 तथा शयनयान श्रेणी में 170 बर्थ उपलब्ध हैं।

सीतामढ़ी से 12 जुलाई को चलने वाली 04097 सीतामढ़ी-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी के शयनयान श्रेणी में 104 बर्थ उपलब्ध हैं।

मुजफ्फरपुर से 09 जुलाई को चलने वाली 04029 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी के शयनयान श्रेणी में 207 बर्थ उपलब्ध हैं। दरभंगा से 12 जुलाई को चलने वाली 04011 दरभंगा-दिल्ली विशेष गाड़ी के शयनयान श्रेणी में 260 बर्थ उपलब्ध हैं। जोगबनी से 12 जुलाई को चलने वाली 04093 जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी के शयनयान श्रेणी में 62 बर्थ उपलब्ध है।

मुजफ्फरपुर से चलने वाली 04301 मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेष विशेष गाड़ी में 09 जुलाई को शयनयान श्रेणी में 259 तथा 16 जुलाई को शयनयान श्रेणी में 418 बर्थ उपलब्ध हैं।

रक्सौल से चलने वाली 04025 रक्सौल-दिल्ली विशेष गाड़ी में 09 जुलाई को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 46, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी में 194, 11 जुलाई को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 16, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 65, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 82, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी में 240 तथा शयनयान श्रेणी में 228 बर्थ उपलब्ध हैं। गुवाहाटी से 14 जुलाई को चलने वाली 04605 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा विशेष गाड़ी के शयनयान श्रेणी में 370 बर्थ उपलब्ध हैं।

बरौनी से 07 जुलाई को चलने वाली 04019 बरौनी-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 14 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 618 बर्थ उपलब्ध हैं। सहरसा से चलने वाली 04617 सहरसा-अमृतसर वाया गोरखपुर विशेष गाड़ी में 09 जुलाई को शयनयान श्रेणी में 111 बर्थ तथा 10 जुलाई को शयनयान श्रेणी में 513 बर्थ उपलब्ध हैं।

## पूर्वोत्तर रेलवे चला रहा है 50 विशेष ट्रेनें

### अनेक ट्रेनों के फेरों में किया गया विस्तार

**लखनऊ।** यात्रियों की बढती मांग को देखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये 64 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें 994 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त 50 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमुख नगरों के लिये 690 फरों में चलाई जा रही हैं अर्थात पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से होकर कुल 114 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें 1,684 फेरों में चलाई जा रही हैं। इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से यात्रीगण अपनी यात्रा को सुगम बना सकते हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुये रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर जं. से 10, छपरा जं. से 10, बनारस से 06, लखनऊ जं. से 02, गोमती नगर से 02, ऐशबाग से 02, बढ़नी से 02, मऊ से 12, गाजीपुर सिटी से 04, वाराणसी सिटी से 02, बलिया से 02 तथा उत्तराखंड के स्टेशनों जैसे लालकुआँ से 10 एवं काठगोदाम से 02 सहित कुल 64 विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग के दृष्टिगत विभिन्न स्टेशनों के लिये विशेष ट्रेनें चलाये जाने का क्रम जारी है।

## साान्या गुप्ता ने प्रस्तुत किया अपना शोध पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग की द्वितीय वर्ष की शोधार्थी, सान्या गुप्ता ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में 22 से 28 जून तक आयोजित प्रतिष्ठित वर्ल्ड आर्कियोलॉजिकल कांग्रेस (डब्ल्यूएसी-10) में अपने शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालयः अयोध्या की सांस्कृतिक संरक्षक पर प्रस्तुति दी। वह प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के निर्देशन में पीएचडी कर रही हैं। वर्ल्ड आर्कियोलॉजिकल कांग्रेस विश्व स्तर पर पुरातत्त्व के क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलनों में से एक है, जो प्रत्येक चार वर्षों में आयोजित होता है।

इसमें विश्व भर के विद्वान, शोधकर्ता और क्षेत्रीय विशेषज्ञ एकत्र होकर सांस्कृतिक विरासत, पुरातत्त्वीय पद्धतियों और उनसे जुड़े

समसामयिक मुद्दों पर संवाद और शोध प्रस्तुत करते हैं। इस उपलब्धि के साथ-साथ सान्या गुप्ता को अर्ली करियर रिसर्च विमेन स्कॉलरशिप से भी सम्मानित किया गया, जो उभरती हुई महिला शोधार्थियों की प्रतिभा और क्षमता को मान्यता देता है। इस सम्मान को प्राप्त करने वाली वह देश की सबसे युवा शोधकर्ताओं में से एक बन गई हैं।

## योगी सरकार में व्यापारी सम्मान, सपा शासन में व्यापारी परेशान

### भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह ने सपा अध्यक्ष के बयान पर किया पलटवार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा व्यापारियों और वर्तमान सरकार पर दिये गये बयान पर पलटवार करते हुए सरोजनीनगर विधायक एवं भाजपा नेता राजेश्वर सिंह ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान पूर्णतः तथ्यहीन और भ्रामक है।

राजेश्वर सिंह ने कहा कि सपा सरकार में व्यापारियों और व्यापार का क्या हाल था, पूरे देश ने देखा है। उस दौर में अपराध चरम पर था, व्यापारियों की हत्या, रंगदारी, फिरौती, अपहरण और डकैती आम बात बन चुकी थी। सपा शासनकाल में यूपी अपराध के मामलों में देशभर में पहले नंबर पर था। उन्होंने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि सपा के पांच वर्षों में

25,000 से अधिक हत्याएं हुई और प्रतिदिन 7650 से अधिक गंभीर अपराध होते थे। इसका सीधा असर प्रदेश के व्यापार और व्यापारियों पर पड़ा, जिससे व्यापारी वर्ग पलायन के लिए मजबूर हो गया था।

राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस नीति' के कारण अब उत्तर प्रदेश देश का सबसे सुरक्षित राज्य बन चुका है। अब तक 70,000 से अधिक अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, 1,000 से अधिक पर एनएसए और 200 से अधिक कुख्यात अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि आज यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। राज्य की जीएसडीपी 12 लाख करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ हो गयी है, और प्रति व्यक्ति आय 45 हजार से बढ़कर 1.2 लाख तक पहुंच चुकी है। डॉ राजेश्वर सिंह ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जिस सपा को एक जिला एक माफिया की नीति प्रिय थी, उसे 'एक जिला एक उत्पाद' की नीति समझ नहीं आती। समाज को जातियों में तोड़ने की राजनीति अब काम नहीं आने वाली। व्यापारी वर्ग का मान और सम्मान अब योगी सरकार में सुरक्षित है। व्यापारी कल्याण बोर्ड, भामाशाह सम्मान और व्यापारी सुरक्षा फोरम जैसी योजनाएं इसका प्रमाण हैं।

अंत में राजेश्वर सिंह ने अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि जातिवाद का जहर फैलाकर उत्तर प्रदेश के विकास और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ मत कीजिए। प्रदेश आज विकास की राह पर है और इसे कोई जातिवादी मानसिकता पीछे नहीं खींच सकती।

बता दें कि बीते शनिवार को ही लोक भवन, लखनऊ में आयोजित भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रेष्ठ जीएसटी योगदान देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा था कि 9,956 करोड़ का अप्रैल जीएसटी संग्रह और $21.98 बिलियन का विदेशी व्यापार दशार्ता है कि यूपी का व्यापारी अब राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है।

## परास्नातक प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी अब 15 जुलाई तक करें आवेदन

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 28 जून से बढ़ाकर 15 जुलाई कर दिया गया है। यह निर्णय उन अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करने के लिए लिया गया है जो कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से आवेदन नहीं कर सके थे। साथ ही, उन अभ्यर्थियों को भी प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने का मौका मिलेगा जिन्होंने सीयूईटी के माध्यम से आवेदन किया है।

## सीएमएस छात्रा को मिली स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सीएमएस के राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा नबा नदीम को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका की व्हिटवर्थ यूनिवर्सिटी द्वारा 1,36,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सीएमएस छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्च शिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। नबा नदीम ने इस सफलता का श्रेय सीएमएस के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शांतिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि सीएमएस एसएटी (सैट) एवं एडवांस प्लेसमेन्ट (एपी) टेस्ट सेंटर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

## खुर्दहीं बाजार व्यापार मंडल ने मेयर को कमल का फूल देकर किया स्वागत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ शहर की मेंयर सुषमा खर्कवाल का खुर्दहीं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रविवार को कमल के फूल से स्वागत किया। इसके साथ ही व्यापारियों ने क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने समस्याओं को सुनकर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर खुर्दहीं व्यापार मंडल की ओर से राजू शुक्ला अँसुल निगम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रो. शीला मिश्रा ने सांख्यिकी दिवस की महत्ता एवं सांख्यिकी के बारे दी जानकारी

**लखनऊ।** भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय एवं आंचलिक कार्यालय, लखनऊ द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्व. प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को 19वां सांख्यिकी दिवस लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के साथ संयुक्त रूप से मालवीय हाल, लखनऊ विश्वविद्यालय मे मनाया जा रहा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा इस वर्ष सांख्यिकी दिवस 2025 की थीम 75th year of National Sample Survey रखी गयी है।

## कृषि विभाग के छापों से व्यापारी नाराज

विशेष संवाददाता (vol)

**बक्शी का तालाब/लखनऊ।** राजधानी में कृषि विभाग द्वारा खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों पर लगातार छापे डालकर प्रताड़ित करके उनके लाइसेंस निलम्बन/निरस्त करने सहित ईसीए की धारा 3/7 की कार्यवाही की जा रही है जिससे पूरे प्रदेश के व्यापारियों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है एवं व्यापारी अपनी दुकानें बंद किये हुए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संगठन ने बक्शी का तालाब स्थित मिलन लॉन में संगठन के पदाधिकारी की नियुक्ति के लिए एक जनसभा का आयोजन किया। प्रमुख रूप से सर्वसम्मत से लखनऊ गोमती बीज विक्रेता बीबीएस मलिक को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम लखन यादव, महामंत्री प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष सोनम गुप्ता, संगठन मंत्री रवि सिंह व दीपक यादव को बनाया गया। समिति में सचिव, विधि सलाहकार प्रचार मंत्री एवं मीडिया प्रभारी की भी नियुक्त की गयी। समिति के अध्यक्ष ने खाद, बीज एवं

- खाद, बीज व कीटनाशक के विक्रय में आ रही दिक्कतों पर चर्चा
- एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन लखनऊ कार्यकारिणी का गठन

कीटनाशक के विक्रय में आ ही बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उर्वरक निमार्ता कम्पनियों द्वारा यूरिया 242 से लेकर 246 तक होलसेलर को बिल किया जा रहा है और इस पर केवल 4 से 5 रुपये ही भाड़ा दिया जा रहा है जबकि भाड़ा 25 से लेकर 30 रुपये तक आ रहा है और लोडिंग अनलोडिंग का भी 10 रुपये लग रहा है। जबकि भारत सरकार के नियमों के अनुसार सभी खाद रिटेलर के गोदाम तक एफओआर सुविधा के तहत पहुंचने चाहिए लेकिन कोई भी कंपनी एफओआर नहीं दे रही है। इसके अलावा 30 से लेकर 40% तक अन्य उत्पाद भी टैगिंग किया जा रहा है, वह जबरन दिया गया अन्य उत्पाद व्यापारियों के गोदाम में पड़ा रह जाता है और उसके कारण व्यापारियों की लागत बढ़ती जा रही है। ऐसे में सरकार द्वारा निर्धारित रेट 266.50 पर यूरिया किसानों को कैसे दी जाये जब व्यापारी को मिल ही नहीं रही है। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम लखन यादव ने बताया कि डीएपी और पोटाश पर भी ऐतिहासिक टैगिंग की जाती है जिससे किसानों तक पहुंचने में इसकी दरें बढ़ जाती हैं।

## मांडवी फाउंडेशन ने दी ग्रामीणों को तकनीकों की जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अमावां गांव में माण्डवी फाउंडेशन की पहल से एक विशेष पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और पौधरोपण के महत्व से अवगत कराना था। इस अभियान के तहत फाउंडेशन ने साफ-सफाई, पानी बचाने और पेड़ों की रक्षा का संदेश पूरे गांव में फैलाया। साथ ही मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और वेस्ट मैनेजमेंट के सरल उपायों की जानकारी दी गयी।

स्थानीय बच्चों, युवाओं व महिला मंडलों के लिए पौधरोपण प्रशिक्षण कराया गया। जल संचयन की तकनीकें, कम्पोस्टिंग और प्लास्टिक का पर्यावरण पर प्रभाव जैसे विषयों पर छोटे-छोटे इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए।

अमावां गांव के लगभग 50-60 ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक स्थानीय किसान ने कहा कि फाउंडेशन के अभियान के

जरिये हम साफ पानी बचाने और खेतों के किनारे पेड़ लगाने के लिए प्रेरित हुए हैं। माण्डवी फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि ये अभियान एकदिवसीय नहीं रहेगा। तीन माह के भीतर फॉलो-अप दौरा आयोजित करके पौधों की देखभाल, जल संचयन टैंक की स्थिति और स्वच्छता पहल की पुनः समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में फाउंडेशन ने आए हुए सभी ग्रामीणों को उपहार स्वरुप टिफिन बॉक्स बांटे।

कार्यक्रम में फाउंडेशन के सदस्यों में आलोक त्रिपाठी, प्रेम कुमार पटेल, रघुराज पटेल, ऋचा पटेल, रोशनी पटेल, प्रदीप कुमार, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

## 16 जुलाई से शुरू होगा मतदाता सूची में संशोधन का काम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य निर्वाचन आयोग 16 जुलाई से मतदाता सूची संशोधित करने का प्रदेशव्यापी अभियान प्रारंभ कर सकता है।

हालांकि, इस बारे में अभी तक आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है। यूपी में पंचायत चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होंगे। इसके मद्देनजर पंचायतीराज विभाग और राज्य निर्वाचन आयोग ने परिसीमन, आरक्षण और मतदाता सूची को लेकर अपना काम शुरू कर दिया है। सोमवार तक ग्राम पंचायतवार जनसंख्या के निर्धारण का काम पूरा हो जाएगा।

नये नगर निकाय बने या पुराने निकायों की सीमा विस्तार के चलते जो ग्राम पंचायतें प्रभावित हुई हैं, उन ग्राम पंचायतों और संबंधित

- मई-जून में हो सकते हैं त्रिस्तरीय चुनाव

क्षेत्र पंचायतों व जिला पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) की प्रस्तावित सूची का प्रकाशन 1 जुलाई से 3 जुलाई के मध्य होगा। प्रस्तावित वार्डों पर 4 जुलाई से 8 जुलाई तक आपत्तियां ली जाएंगी और 9 जुलाई से 11 जुलाई के बीच इनका निस्तारण किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 12 जुलाई से 14 जुलाई के बीच होगा। उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, परिसीमन की यह प्रक्रिया पूरी होते ही राज्य निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को अपडेट किए जाने का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर देगा। इसके तहत मतदाता सूची में नाम जुड़वाए या हटवाए जा सकते हैं। प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्तियां भी आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए आयोग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## बूथों पर 'मन की बात' सुनी और डॉ. मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में बूथ स्तर पर तीन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता अलग-अलग बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सजीव 'मन की बात' कार्यक्रम का 123वां संस्करण सुना गया और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यकर्ताओं ने नमन किया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के निमित्त वृक्षारोपण हुआ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने चिनहट मंडल की बूथ संख्या 362 पर मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री का विभिन्न नये विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त होता है जो अत्यंत प्रेरणादायी है। जिसका हम सभी को अनुसरण करना चाहिए। धर्मपाल सिंह ने पूर्व विधानसभा के मंडल दो में बूथ संख्या 235 पर मन की बात कार्यक्रम सुना और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। राष्ट्र निर्माण में उनके अतुल्यनीय साहस और अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। पंतनगर रामलीला मैदान में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। पौधरोपण के साथ ही धर्मपाल सिंह ने अन्य सभी को पौधारोपण के लिए आवाहन किया और पौधा लगाने के साथ ही उनकी देखभाल और संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि रविवार से प्रदेश में वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान की शुरूआत की गयी है। इस वर्ष प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 10 पेड़ लगाने और उसके संरक्षण के संकल्प के साथ

करोड़ों की संख्या में पौधारोपण किया जाएगा। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देवड़ी, कृष्ण प्रताप सिंह, पार्षद उमेश सानवाल, अनुराग साहू, बूथ अध्यक्ष हेमा सानवाल भी उपस्थित रहे और पौधरोपण किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि अन्य प्रमुख कार्यक्रमों में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने मध्य विधानसभा ऐशबाग वार्ड की बूथ संख्या 12 पर, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला मध्य विधानसभा में बूथ संख्या 64 पर, अनूप गुप्ता सरोजिनी नगर दक्षिण मंडल बूथ संख्या 167 पर, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह अंबेडकर नगर वार्ड कैंट की बूथ संख्या 9 पर, एमएलसी मुकेश शर्मा उत्तर मंडल पांच की बूथ संख्या 393 पर, विधायक डॉ. नीरज बोरा उत्तर फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड में बूथ संख्या 277 पर, महापौर सुषमा खर्कवाल पूर्व मंडल तीन में बूथ संख्या 198 पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

## अखिलेश-डिम्पल के साथ पहुंचे शुभांशु के घर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव, राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री और अर्जुन यादव ने रविवार को अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के त्रिवेणी नगर, लखनऊ स्थित आवास पर जाकर उनके परिवार से भेंट की। अखिलेश यादव ने कहा कि हम सबको ग्रुप कैप्टन शुभांशु पर गर्व है। उनसे लाखों नौजवान प्रेरणा लेंगे। समाजवादी सरकार में उनके योगदान और अनुसंधान से युवाओं की नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए गोमती रिवरफ्रंट पर प्रेरणा स्थल और म्यूजियम की स्थापना की जाएगी। उन्होंने शुभांशु के परिवारीजनों को भी बधाई दी और शुभांशु यात्रा की सफलता की कामना की। इस अवसर पर शुभांशु शुक्ल के परिवार में उनके पिता शंभु दयाल शुक्ल, माता आशा शुक्ला तथा बहन शुचि मिश्रा भी मौजूद थी।

इस मौके पर अरुण शंकर शुक्ल उर्फ अन्ना महाराज पूर्व विधायक, महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी, उत्तरी विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी पूजा शुक्ला, पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश शुक्ला तथा प्रवक्ता दीपक रंजन भी उपस्थित थे।

संक्षेप

## भाकपा जिला काउंसिल की बैठक संपन्न

**बरहज,( देवरिय)** ।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला काउंसिल की बैठक पार्टी कार्यालय मोहाव बाईपास पर संजय दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक को सम्बोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अरविन्द कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान सरकार भूख भय भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए सत्ता में आई थी। लेकिन किसी पर नियंत्रण नहीं कर पाई ।यह सरकार लोगों को पांच किलो राशन देकर अपंग बना दी हैं ।आज के समय मे युवाओं को रोजगार चाहिए लेकिन दिन पर दिन कल कारखाने बंद हो रहे हैं ।

युवाओं के हाथ से रोजगार के अवसर समाप्त हो रहे है। नई शिक्षा नीति कर तहत अधिकांशतः प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज करने बाते की जा रही हैं। गांव के विद्यालयों को गांव से दूर कर दिया जाएगा तो ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चे प्राथिमक से वंचित हो जाएंगे। जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने एवं जन जन तक लाभ पहुँचाने के लिये मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भाष्कर द्वारा लगातार सीएचसी एवं पीएचसी का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी के क्रम में रविवार को जनपद के सभी प्राथमिक

- पीएचसी परसौनी में नही मिले चिकित्सक, प्रभारी को लगाई फटकार
- पीएचसी लक्ष्मीगंज की व्यवस्था से सीएमओ दिखे सन्तुष्ट की सराहना

स्वास्थ्य केंद्र पर लगने वाले मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेले का पीएचसी परसौनी एवं लक्ष्मीगंज का औचक निरीक्षण किया गया ।सर्वप्रथम सीएमओ डॉ एपी भाष्कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परसौनी पहुँचे तो वहाँ तैनात महिला चिकित्सक डॉ प्रमिला अनुपस्थिति मिली तो वही फार्मासिस्ट कैलाश नाथ साहनी, एस.एल.ए.आशीष चौधरी एवं स्वीपर कम चौकीदार ब्रह्मानन्द यादव उपस्थित मिले। वार्ड ब्वाय इसत्याक अहमद को किस आधार पर सीएचसी रामकोला अटैच किया गया था इस पर प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा गया। आरोग्य मेले में कोई भी चिकित्सक उपस्थित न होने पर सीएमओ ने प्रभारी चिकित्साधिकारी रामकोला को कड़ी फटकार लगाते हुये व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिये। मेले में 16 रोगियों को उपचारित किया गया जिसमें 10 रोगियों के ब्लड के नमूने की जांच की गई जिसमें ब्लड सुगर,हीमोग्लोबिन, मलेरिया एवं टाइफाइड प्रमुख जांचे हुई।सीएमओ ने उपस्थित स्टाफ से कहा कि आशाओं के माध्यम से गांव में मेले का प्रचार प्रसार कराकर मरीजों की संख्या बढ़ाये। ततपश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीगंज पहुँचे तो वहाँ चिकित्सक डॉ सन्तोष नायक, एलटी तृप्ति सिंह, स्टाफनर्स पूजा चौधरी, वार्ड ब्वाय राहुल जसवाल, स्वीपर विशुनदयाल सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे। चिकित्सक द्वारा मेले में 32 रोगियों का उपचार किया गया

जिसमें 16 की ब्लड के नमूनों की जाँच की गयी जिसमें सुगर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया एवं टाइफाइड तथा बलगम की जाँच प्रमुख रही। सीएमओ द्वारा प्रयोगशाला कक्ष का निरीक्षण किया गया जहां एलटी से जून माह में किये गए बलगम की रिपोर्ट मांगी गयी जिस पर एलटी ने बताया कि 156 जाँच हुई एवं उसके रिकॉर्ड का सत्यापन भी हुआ।सीएमओ द्वारा दवा वितरण कक्ष सहित पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया गया वहाँ के कार्यो एवं साफ सफाई व्यवस्था पर सीएमओ सन्तुष्ट दिखे तथा सराहना भी किया। सीएमओ ने कहा यहाँ शीघ्र ही प्रसव कराने की व्यवस्था शुरू की जायेगी। सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि जनपद के सभी सीएचसी के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने अधीनस्थ पीएचसी पर लगने वाले रविवारीय मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का स्वयं निरीक्षण करते हुये मुझे सूचित करें ।उन्होंने कहा यदि मेरे निरीक्षण में कही कोई कमी पायी गयी तो सम्बंधित कर्मचारी के साथ ही आप सबकी भी जबाबदेही तय होगी। सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी समय से एवं नियमित करें।

## जातीय टिप्पणी कर मारपीट करने पर चार नामजद, केस दर्ज

ललितपुर। ग्राम रजवारा निवासी एक व्यक्ति को जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352, 115(2) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम की धाराओं 3(1)(घ) एवं 3(2)(वी.ए.) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित कंचराम पुत्र करिया जाति अहिरवार निवासी ग्राम रजवारा ने कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया कि दिनांक 23 जून 2025 की रात लगभग 7.30 बजे देशराज, ब्रजेश पुत्रगण कनछेदी रैकवार एवं नितेश पुत्र हन्नु रैकवार ने उसके घर पर पहुंचकर उसे बेवजह गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। घटना में कंचराम को शारीरिक चोटें भी आई हैं। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## पौधरोपण को बढ़ावा देना अभियान का उद्देश्य : रमापति राम त्रिपाठी

**देवरिया ।,** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहर के गायत्री मंदिर परिसर में बूथ संख्या 138 पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व देवरिया के निवर्तमान सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने फलदार पौधों का रोपण किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए बढ़ावा देना ही इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है ।उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण प्रदूषण कम होता है, जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगता है और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है ।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अभियान के सह संयोजक आनंद प्रकाश शाही ने भी एक एक वृक्ष लगाए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, पूर्व महामंत्री दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, सभासद अमित मिश्रा, डा राधेश्याम शुक्ला, प्रेम अग्रवाल, पूर्व सभासद वीरेंद्र सिंह, सुशील कुमार, बिल्लू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## मन की बात सुन कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के क्रम में किया पौधरोपण

**देवरिया ।**आज भाजपा के आठवें राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री के 123वें एपिसोड मन की बात को सभी बूथों पर सुना गया। इसी क्रम में बैतालपुर मंडल के बूथ खोराराम, बूथ संख्या 161 पर मण्डल प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी ने कार्यकताओं के साथ मन की बात सुना। त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में गाँव, गरीब, किसान, महिलाओं एवं देश के विकास और उपलब्धियों पर चर्चा की, नई तकनीकी, अंतरिक्ष, योग पर सारगर्भित चर्चा हम सभी के लिए प्रेरणादायी एवं मार्ग दर्शन करने वाला है। प्रत्येक एपिसोड में हम सभी को कुछ नया देखने एवं सीखने को मिलता है। मन की बात सुनने के पश्चात कार्यकर्ता गण ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के क्रम में वृक्षारोपण भी किया।

इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष मुकुल मणि त्रिपाठी, गिरजेश मणि त्रिपाठी, शक्ति केन्द्र संयोजक अनिरुद्ध कुशवाहा, बूथ अध्यक्ष कतवारू चौहान, अवधेश मणि त्रिपाठी लाल बाबू, केदार मणि त्रिपाठी, प्रेमनाथ मणि, पवन पाण्डेय, सत्येन्द्र मिश्र, मोहित मणि, शशांक मणि, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# एसपी ने मोहर्रम के तहत शहर क्षेत्र में की गश्त

जिला संवाददाता

**देवरिया।** त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत जनपद देवरिया में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर द्वारा आज शहर क्षेत्र में थाना कोतवाली पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया।

पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रमुख मार्गों सुभाष चौक, सिविल लाइन, कचहरी चौराहा, रोडवेज आदि, ताजिया जुलूस मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों तथा धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर आपसी समन्वय एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली प्रभारी को निर्देशित किया कि सभी चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया की सतत निगरानी की जाए ताकि कोई भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित न हो ।पैदल गश्त का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना तथा अपराध व अराजक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखना रहा। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की कि वे मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं पारंपरिक तरीके से मनाएं, प्रशासन को सहयोग करें एवं किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें पुलिस अधीक्षक द्वारा मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत रोडवेज पर वाहनों की चेकिंग भी की गई। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट उपयोग तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने हेतु जागरूक किया गया इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दुर्गेश कुमार सिंह एवं यातायातय प्रभारी देवरिया गुलाब सिंह मौजूद रहें ।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया शुभारंभ

**देवरिया ।** रविवार, एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दशार्ता है । उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पार्टी कार्यकताओं के साथ भुजौली कालोनी के बूथ संख्या 253 पर फलदार वृक्ष लगाते हुए अभियान के शुभारंभ के अवसर पर कहीं ।इस दौरान सभी ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के साथ ही डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया ।

जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम एक पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे व अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा । अभियान के जिला सह संयोजक आनंद प्रकाश शाही ने कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं ।इस अभियान में सभी को आगे आकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए । जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है ।

इस दौरान भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया, युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक मिश्रा, मनीष मल्ल, शीतल गुप्ता, अज्जू वारसी सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## वाहन चेकिंग 61 का ई चालान, 6 को किया सीज

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सुभाष चौक पर पर अभियान चलाकर सड़क पर स्टंटबाजी करते हुए नए उम्र के लड़के, मोडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं तीन सवारी चलने वालों वाहनों के विरुद्ध एम0वी0 एक्ट में कार्यवाही की गयी, जिसमें 61 वाहनों का ई-चालान किया गया, 09 वाहनों की सीज किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया ।

## पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण

**देवरिया ।**पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान कार्यालय की समस्त शाखाओं जैसे- मानिटरिंग सेल, आईजीआरएस शाखा, डीसीआरबी, सम्मन सेल, आंकिक शाखा, जनसुनवाई सेल, जनसूचना सेल, साइबर थाना आदि का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान शाखाओं में कार्य की दक्षता, अभिलेखों के रख-रखाव, सफाई व्यवस्था तथा अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं समय पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । इसके साथ ही लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए ।

## भाजपा नेता का भतीजा लापता

,सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के आर डी इंटर कालेज के समीप अपना मकान बनवाकर रह रहे रिटायर्ड शिक्षक राम किशोर मिश्रा का नाती सत्यम मिश्रा पुत्र स्वर्गीय चंद्र प्रकाश मिश्रा उम्र लगभग 27 वर्ष रविवार की सुबह लगभग 8:30 बजे घर से दाढ़ी बनवाने की बात कहकर निकाला। काफी देर बाद भी जब वापस घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान होकर इधर-उधर तलाश करने लगे। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चला। ढूंढते- ढूंढते जब ढेमवा घाट पर पहुंचे तो वहां युवक की मोटरसाइकिल यू पी 42 बी एफ 9307 स्पेलेंडर पुल पर खड़ी मिली। इसके बाद भाजपा नेता करुणापति मिश्र पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अपने पिता के साथ रौनाही थाना पहुंचकर घटना क्रम से अवगत कराते हुए लिखित पत्र रौनाही पुलिस को दिया। युवक के लापता होने की जानकारी होने के पश्चात रौनाही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्टीमर बुलवाकर नदी के पानी में खोजबीन किया ।लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चला।

# महिला ने धर्म व पहचान बदल कर साथियों के साथ की थी हत्या

**कुशीनगर।** जिले के कोतवाली हाटा क्षेत्र के सुकलौरी मझला नाला के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जिसका पोस्टमार्टम कराया गया तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या- 365/2025 पंजीकृत किया गया। शव के शिनाख्त व घटना के अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन पुलिस टीमों का

- संपत्ति हड़पने की साजिश का खुलासा, तीन गिरफ्तार
- अचेत अवस्था में ही इन्द्र तिवारी की चाकू से वारकर की गई थी हत्या

गठन किया गया था। जिसके क्रम में शव का पहचान इन्द्र कुमार तिवारी पुत्र स्व0 रामदयाल तिवारी निवासी पड़वार (खितौला) थाना मझौली जनपद जबलपुर मध्यप्रदेश के रुप में हुई।इसी प्रकार थाना को0 हाटा, स्वाट टीम तथा सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या के घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल एक महिला अभियुक्ता सहित कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया ।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में साहिबा बानो उर्फ खुशी पुत्री अनवर अली निवासी मिठा बेल थाना झगहाँ जनपद गोरखपुर, कौशल कुमार गौड़ पुत्र श्रीकिशुन गौड़ निवासी सांडा थाना गौरी बाजार जनपद देवरिया व समसुद्दीन अंसारी पुत्र उस्मान अंसारी निवासी कोना सोनबरसा थाना झंगहा जनपद गोरखपुर शामिल है। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्ता साहिबा बानो उर्फ खुशी तिवारी ने बताया कि उसका असली नाम साहिबा बानो पुत्री अनवर अली है उसने यह घटना कारित करने के लिए अपना धर्म व पहचान बदलकर खुशी तिवारी नाम का फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया था। उसके साथ घटना में दो अन्य लोग कौशल कुमार व समसुद्दीन अंसारी शामिल थे। कौशल कुमार से सोशल मीडिया के माध्यम से कुछदिन पहले सम्पर्क हुआ था। जिसके साथ प्रेम विवाह करके

दोनो गोरखपुर में रहने लगे। एक दिन सोशल मीडिया पर इन्द्र कुमार तिवारी उम्र 45 वर्ष का वायरल वीडियो देखा, जिसमें वह शादी न होने की व्यथा बता रहा था और अपनी 18 एकड़ जमीन का जिक्र किया। साहिबा बानो ने कौशल कुमार के साथ मिलकर योजना बनाई कि इन्द्र कुमार तिवारी से फर्जी शादी कर उसकी संपत्ति हड़प ली जाए। योजना के मुताबिक कौशल कुमार ने इन्द्र कुमार तिवारी से मिलने जबलपुर मध्यप्रदेश गया। जहाँ उसने साहिबा बानो को खुशी तिवारी के रुप में अपनी बहन बताकर शादी का प्रस्ताव रखा। इसके बाद साहिबा बानो उर्फ खुशी तिवारी ने इन्द्र कुमार तिवारी से कुछ दिनों तक फोन पर बातचीत किया गया और इन्द्र कुमार तिवारी को शादी करने हेतु गोरखपुर को बुलाया गया। साहिबा बानो उर्फ खुशी तिवारी के बुलाने पर कौशल कुमार ने इन्द्र कुमार तिवारी को अपने साथ दिनांक 03.06.2025 को साहिबा बानो के कमरे पर लेकर आया। जिसके बाद साहिबा बानो, इन्द्र कुमार तिवारी व कौशल कुमार एक ही साथ कमरे पर रहने लगे। एक योजना के तहत साहिबा बानो व कौशल कुमार ने इन्द्र कुमार तिवारी से एक हल्फनामा बनावा गया कि इन्द्र तिवारी के मृत्यु के बाद साहिबा बानो उर्फ खुशी तिवारी व संदीप सम्पत्ति के वारिस होंगे। इसके उपरान्त साहिबा बानो व कौशल ने एक व्यक्ति समसुद्दीन की मदद से हत्या की साजिश रची। दिनांक 05.06.2025 को इन्द्र कुमार तिवारी को अपने साथ लेकर कसया कुशीनगर स्थित आइडियल होटल लेकर आये। उसके बाद शादी का झूठा नाटक करते हुए होटल के कमरे में मांग में सिंदूर लगवा कर झूठी शादी कर ली। अभियुक्तों ने इन्द्र कुमार तिवारी को पनीर राइस में नींद की गोलियां मिलाकर दे दी गईं, जिससे वह अचेत हो गया। इसके बाद योजना के तहत तीनों अभियुक्तों नें इन्द्र कुमार तिवारी को गाड़ी से घटनास्थल सुकरौली पर ले गये। फिर तीनों अभियुक्तों द्वारा अचेत अवस्था में ही इन्द्र कुमार तिवारी की चाकू से वारकर हत्या कर दी गई।

# गांव में नहीं पहुंच रहा पेयजल, प्रदर्शन कर जताया रोष

जिला संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत सपही टड़वा के भरवा टोली में विगत चार वर्षों से पेयजल सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी है।

पानी न मिलने से ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। गांव की सैकड़ों नल टोटियां सूखी पड़ी हुई हैं और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। रविवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते

- चार वर्षों से टोटियों में नहीं आया पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

हुए तत्काल जलापूर्ति बहाल कराए जाने की मांग करते हुए अन्यथा की दशा में आंदोलन की चेतावनी दी है ।भरवा टोली की कुल आबादी में अधिकांश मुसहर, अनुसूचित जाति व पिछड़ी जाति के परिवार हैं, जो इस संकट से प्रतिदिन जूझ रहे हैं। पेयजल सप्लाई न होने से दैनिक कार्यों और पीने के पानी की व्यवस्था के लिए इंडिया मार्क टू व छोटे हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

पूर्व प्रधान मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2021 में जब कसया-तमकुही मार्ग का चौड़ीकरण कार्य चल रहा था, उसी दौरान पानी सप्लाई का मुख्य चेंबर दब गया। इसकी वजह से गांव में जलापूर्ति पूरी तरह बंद हो गई। कई बार इसकी लिखित व मौखिक शिकायत संबंधित विभागों और अधिकारियों से की गई, परंतु आज तक कोई समाधान नहीं हुआ।

क्षुब्ध होकर पूर्व प्रधान मनोज गुप्ता की अगुवाई में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जल्द से जल्द पानी की व्यवस्था बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द पानी की आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

इस दौरान रामबचन गुप्ता, नीलम ठाकुर, भोला गुप्ता, पहवारी गुप्ता, बंका लाल गुप्ता, अनिरुद्ध पटेल, फागू मुसहर, मनोहर गुप्ता सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। इस संबंध में जल निगम के अवर अभियंता हर्ष भट्ट का कहना है कि जब कसया-तमकुही मार्ग का चौड़ीकरण हो रहा था, तभी पाइपलाइन का चेंबर टूट गया, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।

सोमवार को हमारी विभागीय बैठक है, उसमें मैं यह समस्या अधिशासी अभियंता के समक्ष रखूंगा। यह एक बड़े स्तर की समस्या है।

# 43 मजरों में मुसहर परिवारों को सरकार की योजनाओं से किया लाभान्वित

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों के चिन्हित 43 मजरों में मुसहर परिवारों को प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी

- लाभार्थीपरक योजनाओं से मुसहर समुदाय के लाभार्थियों के शत प्रतिशत संतृप्तिकरण के लिए अभियान की प्रगति रिपोर्ट

एवं विकासपरक योजनाओं से संतृप्तिकरण अभियान के अंतर्गत लाभान्वित किया गया।

ग्राम्य विकास द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा मुख्यमंत्री आवास योजना से 676 लाभार्थियों, मनरेगा के अंतर्गत 619 श्रमिकों का जॉब कार्ड, 1822 लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूह से लिंकेज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अंतर्गत 2706 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड, जननी सुरक्षा योजना से 154 महिलाओं को लाभान्वित,समाज कल्याण द्वारा संचालित वृद्धा पेंशन से 207 लाभार्थियों कोलाभान्वित, निराश्रित महिला पेंशन योजना अंतर्गत 97 लाभार्थियों को, दिव्यांग पेंशन योजना से 42 लाभार्थियों को, खाद्य आपूर्ति अंतर्गत 376 परिवारों को राशन कार्ड योजना से लाभान्वित, बाल विकास एवं महिला कल्याण द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में 329 बच्चों का नामांकन, 105 धातृ महिलाओं एवं 264 बच्चों को पोषाहार वितरण, मातृत्व वंदन योजना से 67 लाभार्थियों

कोलाभान्वित,शिक्षा विभाग द्वारा 252 बच्चों को बेसिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश, पंचायतीराज विभाग द्वारा व्यक्तिगत शौचालय से 557 लाभार्थियों को आच्छादित किया गया है।

## मुखर्जी का मनाया गया बलिदान दिवस

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित बिड़ला धर्मशाला के परिसर मेंबूथ संख्या 275 बुद्ध नगरी से जुड़े भाजपाइयों ने मन की बात, पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए और जन संघ के संस्थापक रहे डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया ।रविवार को कार्यक्रम में डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने डॉ मुखर्जी को सच्चा राष्ट्र भक्त बताते हुए कहा कि एक राष्ट्रवादी होने के नाते डॉ0 मुखर्जी ने अपनी पूरी क्षमता के साथ राष्ट्र निर्माण का कार्य किया। वह प्रखर विचारक, वक्ता, श्रेष्ठ राजनेता, करोड़ों लोगों के जन नेता, कुशल संगठन कर्ता और प्रखर राष्ट्रवादी, देशभक्त थे। 11 मई को कश्मीर में परमिट सिस्टम को तोड़कर प्रवेश करने से उन्हें गिरफ्तार कर श्रीनगर जेल में बंद कर दिया गया। 23 जून को बंदी की दशा में उनकी मृत्यु हो गई थी। इस अवसर पर सभासद प्रभुनाथ सिंह, गुड्डू गुप्ता, तेज प्रताप पाठक, विजय सिंह सतीश राजभर, देवदास सिंह, रघुवर सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महंगाई और बेरोजगारी हटाने के खिलाफ चलाया स्वच्छता अभियान

**बरहज,देवरिया।** छात्रों व बेरोजगार नौजवानों ने बरहज मुक्तिधाम पर महंगाई बेरोजगारी हटाने के लिए स्वस्छता अभियान चलाया। इस दौरान नीलकंठ मंदिर से मुक्तिधाम तक सड़क पर झाड़ू लगाकर महंगाई बेरोजगारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सपा नेता विजय रावत ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार महंगाई बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा सरकार इन सब पर काबू पाने के बजाय जनता को गुमराह कर जाति को जाति से लड़ाने का काम कर रही हैं। जिसे जनता समझ चुकी है। अब बहकावे में आने वाली नहीं हैं। दो हजार सत्ताईस में सपा सरकार बनाकर महंगाई बेरोजगारी को हटाने का काम करेगी। सपा नेता रणविजय सिंह ने कहा कि सपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नही था। वह जो कहती थी वह करती थी। लेकिन जबसे भाजपा की सरकार बनी है सिर्फ.और सिर्फ.जनता से झूठे वादे कर रही हैं। जिसे जनता अब बर्दाश्त नही करेगी। पूर्व महासचिव युवजन सभा इमामुदीन खा ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार लूट मचा है। कानून व्यवस्था सब कुछ खत्म हो चुका है। प्रशासनिक व्यवस्था तो इस तरह चौपट हो चुकी हैं कि आए दिन लूट, हत्याएं आम बात हो चुकी हैं। इस दौरान विकास यादव, अनिल शर्मा, राकेश सिंह, दिनेश यादव, भवन कुमार, सनोज यादव, संजय सिंह, राहुल तिवारी, सत्येंद्र कुमार, अनिश शर्मा उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्यवाही की

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम विसरामऊ में पुरानी रंजिश के चलते एक अधेड़ के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित अनिल कुमार लोहार पुत्र मोतीलाल ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों ने एकराय होकर उस पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया।पीड़ित के अनुसार, आरोपी अनीश कुमार और अंकित कुमार पुत्रगण रामलाल तथा रामलाल पुत्र राम सजीवन ने पुरानी रंजिश के चलते रास्ते में रोककर अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले में अनिल कुमार को शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने किसी तरह भागकर जान बचाई और घटना की जानकारी पुलिस को दी।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की और प्राथमिक रूप से आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की धारा में कार्यवाही की है।

## करंट लगने से बालक की मौत

**सिधौली (सीतापुर)।** थाना क्षेत्र के कोडरी गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालक की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार, कोडरी गांव में बीते शनिवार को भागवत कथा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। कार्यक्रम के लिए अस्थाई विद्युत व्यवस्था की गई थी, जिसके तार एक पेड़ पर लगाए गए थे। रविवार सुबह करीब 9 बजे इलेक्ट्रीशियन उन तारों को खोल रहा था, लेकिन किसी कार्यवश वह बीच में कही चला गया।इसी दौरान गांव का 12 वर्षीय गोलू पुत्र दीनदयाल पकरिया के पेड़ पर चढ़ गया और तार खोलने लगा। तभी वह करंट की चपेट में आ गया और पेड़ से नीचे गिर पड़ा। करंट लगने और गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना को लेकर गांव में शोक की लहर है।

## करंट लगने से किसान झुलसा

**सीतापुर।** खैराबाद ब्लॉक के दतेली गांव में रविवार को एक किसान बिजली की लाइन गिरने से झुलस गया। जयपाल (42) अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। इस दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। तार टूटने की तेज आवाज के साथ ही वह सीधे खेत में गिरा। तार जयपाल के पैरों में लिपट गया। करंट लगने से वह जमीन पर गिर पड़े। उनके दोनों पैरों में चोटें आईं और शरीर का निचला हिस्सा झुलस गया। ग्रामीणों की मदद से जयपाल को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। परिजन उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद ले गए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सीतापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइनें पुरानी और खराब हालत में हैं। इनकी समय पर मरम्मत नहीं की जाती। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को आर्थिक मदद और बिजली विभाग के कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## परिषदीय स्कूलों से गुजर रहे एचटी तार न हटने से लोग परेशान

**आजमगढ़।** जिले के 251 परिषदीय स्कूलों में गुजर रहा एचटी तार कब हटेगा। एचटी तार न हटने से स्कूलों में बच्चों दुघर्टना की आशंका के बीच पढ़ने को विवश होते है। हालांकि बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र भी लिखे जा चुके है। इसके बावजूद एचटी तार को नही हटाया जा रहा है।

जिसे लेकर शिक्षक और छात्र अभिभावक काफी परेशान है। जिले में 251 परिषदीय स्कूल के ऊपर से बिजली विभाग के हाईटेंशन तार गुजरे हैं। इसमें से करीब डेढ़ साल पहले 131 स्कूलों से एचटी हटाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से शासन को प्रस्ताव बना भेजा था।

लेकिन अभी तक धनराशि नही मिल पायी है। इधर एचटी तार हटाने की कवायद न तो बिजली विभाग कर रहा है और न ही शिक्षा विभाग अपनी मजबूत पैरवी कर पा रहा है।

# कप्तान हुए सख्त तो पुलिस अधिकारियों ने दिखाई अपराधियों को उनकी सही जगह जेल

जिला संवाददाता

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अगलवा की सख्ती का असर साफ साफ दिखाई देने लगा है। कप्तान ने सख्ती दिखाई तो थाना मिश्रिख, लहरपुर, सकरन, नैमिषारण्य, कोतवाली नगर, इमलिया सुल्तानपुर, सदरपुर की पुलिस टीमों द्वारा न्यायालय में प्रचलित वाद थाने पर पंजीकृत

**● 4 हिस्ट्रीशीटर वारंटी सहित कुल 26 फरार अपराधी गिरफ्तार**

अभियोगों से संबंधित ह्कुल 26 वांछित और वारण्टी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वांछित अभियुक्तों में कुल 04 हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी शामिल हैं ह्थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा अपराध सं. 282/2017 में ह्हिस्ट्रीशीटर ह्क कृपाराम उर्फ कृपादयाल पुत्र गया प्रसाद निवासी ग्राम करेहका मजरा ऊँचगाँव थाना सकरन . अपराध सं. 69/2005 में वारंटी सुन्दी पुत्र मंगू निवासी अदवारी थाना अपराध सं. 29/2003 में वारंटी तेज प्रताप पुत्र राम औतार निवासी बरियारी अपराध सं. 425/19 में वारंटी मिन्तर पुत्र मुरली निवासी सुमरावा अपराध सं. 379/22 में वारंटी बेटा पुत्र मनोहर निवासी मनकौडा थाना सकरन सीतापुर अपराध सं. 188/11 मे वारंटी मुन्नीलाल पुत्र मूलचन्द्र नि० ग्रा० मनिकौडा थाना सकरन सीतापुर अपराध सं. 51/2009 में वारंटी जगन्नाथ पुत्र फत्ते सिंह निवासी ग्राम रुद्रपुर थाना सकरन अपराध सं. 18/19 में वारंटी भुरउ पुत्र मिश्री निवासी ग्राम धनपुरिया थाना सकरन अपराध सं. 81/82/20 01 में रामचन्द्र पुत्र बैजनाथ निवासी ग्राम मडोर थाना सकरन . अपराध सं. 17/14 में वारंटी गुड्डू पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम सरैयाकला थाना सकरन अपराध सं. 424/10 में वारंटी राजेन्द्र पुत्र गनेशी निवासी ग्राम उल्लहा थाना सकरन सीतापुर 12.धारा 4/10वन अधि० में वारंटी हरद्वारी पुत्र कल्लू निवासी ग्राम गदियाना थाना सकरन सीतापुर 13. अपराध सं. 474/22 में वारंटी कल्लू पुत्र शुभकरन निवासी ग्राम मोतीपुर मजरा रुद्रपुर थाना सकरन अपराध सं. 17/14 में वारंटी मनोज पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम सरैयाकला थाना सकरन अपराध सं. 409/2010 में क्रमशः वारंटी पाके उर्फ पारस नाथ पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम भडौली थाना सकरन .बृजेश पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम निवासी ग्राम भडौली थाना सकरन सीतापुर प्रेम प्रकाश पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम भडौली थाना सकरन सीतापुर तथा वाद सं.3301160/12 में वारंटी रामशिरोमणि पुत्र रामेश्वर नि.भडौली लखनियापुर थाना सकरन को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी तरह से अन्य फरार अभियुक्तों को बंदी बनाकर जेल भेजा गया है।

## चोरी की योजना बनाते 04 शातिर चोर गिरफ्तार

सीतापुर। थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 04 शातिर अभियुक्तगण 1.राजकुमार पुत्र शत्रुहन लाल निवासी ग्राम बेनीपुर मजरा जफराबाद थाना बिसवां .महेन्द्र यादव पुत्र काशीराम यादव निवासी ग्राम सलेमपुर थाना मानपुर,धनपाल पासी पुत्र स्व0 मेवालाल पासी निवासी ग्राम जफराबाद थाना बिसवां.शिशुपाल पासी पुत्र स्व0 मेवालाल पासी निवासी ग्राम जफराबाद थाना बिसवां,सीतापुर को इटदहा गांव के मोड़ पर रोड के पार स्थित मंदिर के पीछे से गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तगण उपरोक्त से चोरी करने के उपकरण एक अदद चाभियों का गुच्छा, एक अदद प्उपरोक्त से एक अदद देशी तमंचा नाजायज .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुए।

## भामाशाह के देश प्रेम से लेनी चाहिए प्रेरणा

**जौनपुर।** व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन की अध्यक्षता में सुत्तहती बाजार स्थित जिला कैंप कार्यालय पर भामाशाह जयंती पर व्यापारी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। टंडन ने कहा कि व्यापारियों के प्रेरणा स्त्रोत भामाशाह की जयंती पर लोगों को भामाशाह के देश प्रेम से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने अपने देश के लिए अपना सर्वश्य न्योछावर कर दिया, । प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी ने कहा कि 29 जून को उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में घोषित किया। दानवीर भामाशाह जी देश की रक्षा के लिए मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप का सहयोग करते हुए अपने संपूर्ण धन का प्रयोग देश हित में दान दे दिया ऐसे महानायक को देश कभी नहीं भूलेगा उन्होंने महाराणा प्रताप को 25 हजार सैनिकों का सारा खर्च 12 वर्षों जितना होगा उतने रुपए का दान किया था,। जिला महामंत्री रामकुमार साहू, नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरि एवं मनोज कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा,संतोष साहू बच्चा आदि उपस्थित रहे।

## बौद्धिक संगठन ने जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजिन किया

**उन्नाव।** नंदनवन पार्क में राष्ट्रीय लोधी बौद्धिक संगठन, द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोधी समाज के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में अर्चना वर्मा जेआरएफ नेट उत्तीर्ण, नीट यूजी स्वास्तिका सिंह व विशेष लोधी, पीयूष लोधी, गार्गी राजपूत, आदि बच्चों के साथ 350 बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा अधिकारों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं पर विस्तृत चर्चा की कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एन बी एस राजपूत वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने विस्तार से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी पर चर्चा की आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूरन सिंह, हर्षित राजपूत, दिग्विजय सिंह, अमर सिंह, सुनीता सिंह राजपूत, यादराम सिंह, आकाश वर्मा, गेंदालाल लोधी, गोपी सिंह, महिपाल लोधी आदि ने मार्गदर्शन किया। आज के कार्यक्रम में लगभग 1000 लोधी समाज के बच्चों के साथ अभिभावकों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का संचालन कृति लोधी व राम नरेश लोधी ने किया।इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डा. जय नारायण वर्मा, जिला संरक्षक उदयभान सिंह, जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार वर्मा, संजय कुमार कनौजिया, गजेंद्र सिंह सेंगर, कृष्ण शंकर मिश्रा मदन गोपाल, विनोद वर्मा, अजय यादव आदि रहे।

## ग्रामीण प्रतिभाओं का सम्मान कर उत्साहवर्द्धन किया

**नवाबगंज, उन्नाव।** अंकित कराटे अकादमी नवाबगंज से प्रशिक्षार्थी गोविंद कुमार निवासी ग्राम कुंजपुर ब्लाक नवाबगंज के रहने वाले हैं जिन्होंने सोटोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया से ब्लैक बेल्ट एग्जाम पास किया। उन्होने अपने माता पिता गुरु व गांव जिला का नाम रोशन किया। जिनके उत्साह वर्धन हेतु अजगैन ग्राम सभा के लोकप्रिय प्रधान प्रतिनिधि रेशू तिवारी ने छात्र को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आभार फाउंडेशन के पदाधिकारी प्रवक्ता धर्मेश प्रताप सिंह व अंकित कुमार, अमन, नंदनी फाइटर, राजेन्द्र विमल, आशीष, मौजूद रहे।

## बेसिक शिक्षक मंडल का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ का वार्षिक सम्मेलन रॉयल होटल विधायक निवास में जनपदों से आये जिलाध्यक्ष/जिलामंत्री/प्रतिनिधियों की उपस्थिति व प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। नन्द प्रकाश यादव, महेंद्र सिंह गौर व चूड़ामणि त्रिपाठी को प्रदेश संरक्षक मंडल में रखा गया। अशोक पाल को संगठन का प्रदेश महामंत्री, जनपद फिरोजाबाद से डा० सहदेव सिंह चैहान को संगठन का प्रदेश कोषाध्यक्ष ,जनपद गोंडा से सुशील सिहं पारस को प्रदेश उपाध्यक्ष,कानपुर देहात से अवधेश सविता को प्रदेश उपाध्यक्ष,बस्ती जनपद से ज्ञानेन्द्र भारती व फतेहपुर जनपद से कुंवर सिंह जी को प्रदेश संगठन मंत्री पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया शेष कार्यकारिणी पूर्ववत रहेगी,इस प्रस्ताव पर सदन में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने एकध्वनि में अपनी सहमति दी इस अवसर पर भारी संख्या में जनपदीय संगठन के पदाधिकारी/प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे ।संगठन के सभी मनोनीत पदाधिकारियों ने सभी साथियों को पूर्ण आश्वस्त किया कि वे पूरी तन्मयता ,कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से प्रदेश के शिक्षक /शिक्षणेत्तर कर्मचारियों/विद्यालयों व बच्चों के हितों की रक्षा के लिए शासन स्तर पर लम्बित समस्याओं का निराकरण कराने का हर सम्भव प्रयास करेंगें।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वे बलिदान दिवस पर श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन

**उन्नाव।** भारतीय बैरिस्टर, शिक्षाविद, समाजसेवी और प्रख्यात राजनेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को कस्बा बिहार स्थित भाजपा कार्यकर्ता सूरज सिंह चैहान के कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं व स्थानीय जनों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमेरपुर आशीष कुमार बाबा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि 23 जून 1953 को रहस्यमयी परिस्थितियों में जम्मू-कश्मीर में उनका निधन हुआ था। वे केवल राजनेता ही नहीं, बल्कि उच्च कोटि के शिक्षाविद और संवैधानिक दृष्टा थे, जिन्होंने ह्यएक देश में दो विधान नहीं चलेंगेह्ल का संकल्प लेकर देश की एकता व अखंडता के लिए प्राणों का बलिदान दिया।इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ एक पौधा उनकी माता के नाम पर लगाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी सूरज सिंह चैहान ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के नाम पर केंद्र सरकार द्वारा अनेक जनहितकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें छात्रवृत्ति योजना विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और राष्ट्रहित में समर्पित सोच की मिसाल है।कार्यक्रम में शिववीर सिंह उर्फ वीरू सिंह, राजेश विश्वकर्मा, शिव प्रताप सिंह, असेन्द्र सिंह, संदीप कुमार मिश्र, गोलू निर्मल, अमित विश्वकर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जाम की झाम से जूझते नागरिक, प्रशासन अब भी बेखबर

**(सीतापुर)।** शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या विकराल होती जा रही है। प्रमुख चैराहों और तिराहों पर टेंपो व ई-रिक्शा चालकों द्वारा मनमानी ढंग से वाहन खड़ा कर सवारी भरने का सिलसिला लगातार जारी है। इससे आमजन को जाम की गंभीर समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। पिछले दिनों इसी विषय को लेकर समाचार पत्र में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था, लेकिन प्रशासन की नींद अब तक नहीं टूटी है। चैराहों पर सरे आम ई-रिक्शा और टेंपो सवारियों को भरते हैं, जिससे न केवल ट्रैफिक बाधित होता है बल्कि दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है। मुख्य मार्गों पर कई बार जाम इतना बढ़ जाता है कि एंबुलेंस और स्कूल वैन भी फंस जाती हैं। इससे लोगों में आक्रोश है।

# लगातार हो रही चोरियों से दहला सदरपुर, पुलिस के इकबाल पर सवाल

**सीतापुर।** थाना सदरपुर क्षेत्र में चोरियों की लगातार बढ़ती वारदातों ने आमजन की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस की लापरवाही और निष्क्रियता के कारण चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे बिना किसी डर के रिहायशी इलाकों में भी धावा बोल रहे हैं। दो माह से लगातार चोरियो का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है मगर किसी चोरी का पुलिस आजतक खुलासा नहीं कर सकी है। ताजा मामला बीती शनिवार की रात सदरपुर थाना अंतर्गत ग्राम मरखापुर मजरा शाहपुर निवासी आशाराम पुत्र बदलू के घर शातिर चोरों ने धावा बोल दिया। गर्मी के कारण पूरा परिवार छत पर सोया हुआ था, इसी दौरान चोरों ने मकान के कमरे का ताला तोड़ा और अलमारी व बक्शे से नगदी समेत कीमती गहने पार कर दिए। चोरों ने ग्रह स्वामी की लड़की के उसके घर की अलमारी में रखे एक सोने का हार, एक जोड़ी झुमके,एक नथ,गले का लॉकेट,मांग टीका,एक सोने की माला,एक चांदी का कमरबंद,चार जोड़ी चांदी की पायल और ?50,000 की नगदी पर हाथ साफ किया। कुल मिलाकर चोर करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो कमरे का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा पड़ा था। सामान की तलाश में मकान के दक्षिण दिशा में रामसागर के खेत में एक छोटा बक्सा खाली हालत में पड़ा मिला। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जल्द खुलासा किए जाने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से वे बेहद दहशत में हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की

है। इसी तरह 24 जून रात थाना क्षेत्र के फरदापुर गांव निवासी इदरीस उर्फ मगरे पुत्र दुवर के यहां से चोर डेढ़ लाख रुपए की नकदी, सोने की एक नथुनी, दो जोड़ी सोने के कान के झाला, एक सोने का माला, दो जोड़ी अंगूठी, एक जोड़ी बाली, कान का एक बुंदा,चांदी की पायल, बिछिया, हथफूल समेत करीब तीन लाख रुपए की संपत्ति चोरी कर ली। जिसका आज तक खुलासा नहीं हो सका। 31 मई को ठकुरनपुरवा मजरे बकहुवां मे संजय सिंह के घर अज्ञात चोर मकान के पिछले दरवाजे से घर के अंदर दाखिल हो गए और कमरे का दरवाजा खोलकर उसमें रखे बक्से का ताला तोड़ दिया। चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण और 10 हजार रुपये की नगदी सहित करीब दो लाख रुपए की संपति चोरी कर रफूचक्कर हो गए। 5 मई को है जिसमे थाना क्षेत्र अंतर्गत पठानन पुरवा मधवापुर मजरे राजपारापुर में चोरों ने पुलिस की सक्रियता और गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम निवासी मौलाना अतीक पुत्र कलीम खां के घर में पीछे बने शौचालय के ऊपर से छत पर चढ़कर मकान के अंदर घुसकर दो कमरों का दरवाजा खोलकर उसमें रखे बक्से और अलमारी का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चुरा ली। जिसमे चोरों ने दो सोने के हार, तीन जोड़ी सोने के झाले, सात जोड़ी पायल, चार सोने के कंगन, दो चांदी की बाल चोटी, एक चांदी की बाल क्लिप और पच्चीस हजार रुपये नकद सहित कुल सात लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली।इसी प्रकार की अनेक घटनाएं है जिनका आजतक कोई पुलिस खुलासा नहीं कर सकी जिससे क्षेत्र में दहसत का माहौल है अब देखना यह है कि पुलिस कब इन घटनाओं का अनावरण करती हैं।

# दो कारें आमने सामने भिड़ी एक में लगी आग

सीतापुर। पिसावां थाना इलाके में रविवार दोपहर को जल्लापुर चैराहे पर दो कारों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे के बाद एक कार में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दोनों कारों में सवार तीन लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक कार नेरी की तरफ से पिसावां की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी बरगवां की तरफ से महोली की ओर आ रही थी। चैराहे पर दोनों गाड़ियों की इतनी जोरदार भिड़ंत हुई कि एक कार से धुआं निकलने लगा। जैसे ही उसमें सवार लोग बाहर निकले, कुछ ही क्षणों में कार में आग लग गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी घायलों को बाहर निकाला और तुरंत एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल सीतापुर रेफर किया गया। हादसे में पहली कार में सवार प्रफुल्ल बाजपेयी, शिल्पी बाजपेयी, पल्लवी मिश्रा, पर्व मिश्रा

और महेंद्र मिश्रा शामिल थे। दूसरी कार में शाहजहांपुर निवासी नीतू अग्रवाल, कुमारी अनन्या, योगेश चंद्र अग्रवाल, आलोक अग्रवाल और रुचि अग्रवाल सवार थे। टक्कर की वजह से एक कार का एयरबैग खुल गया जिससे उसमें सवार लोगों की जान बची।

थाना प्रभारी ने बताया कि सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जलती कार में आग बुझाने की कोशिश की और यातायात सामान्य कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में तीन लोगों को चोटें आई हैं। फिलहाल किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्वयं सहायता समूह पर हुआ सामग्री भुगतान-सचिव नहीं दे सके जवाब

जिला संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद में पंचायती राज विभाग भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ रहा है, जिम्मेदारो के संरक्षण में भ्रष्टाचारी सचिव बेलागाम होकर घोटाले कर रहे है, सचिवो के द्वारा प्रधानों से मिलीभगत कर ग्राम निधि की धनराशि का मनमाने तरीके से भुगतान का सरकारी धन को चुना लगाया जा रहा है।स्वयं सहायता समूह संचालक सचिवो व प्रधानों से सांठगांठ कर ग्राम निधि को हड़प करने का काम कर रहे है विकास खण्ड सकरन में होश फाख्ता कर देने वाला एक मामला सामने आया है जिसमे सचिव के द्वारा स्वयं सहायता समूह के नाम पर सामग्री का भुगतान कर लाखों रुपए का बंदरबाँट किया गया है, बताते चले कि विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत भिठमनी में सचिव देवेंद्र कुमार वर्मा व प्रधान पुष्पा देवी ने सदभावना स्वयं सहायता समूह से सांठगांठ कर ग्राम निधि से लगभग 16 लाख रुपए का भुगतान कर सरकारी धन का गबन किया गया है सचिव व प्रधान ने सदभावना स्वयं सहायता समूह के नाम पर हैण्डपम्प मरम्मत,नाली निर्माण,इंटरलाकिंग निर्माण, इंटरलॉकिंग ब्रिक्स,प्रशासनिक व्यय आदि सामग्री के भुगतान किए कर घोटाला किया गया है, जबकि जारी आदेशो की माने तो किसी भी स्वयं सहायता समूह से ग्राम पंचायते वही सामग्री की खरीद करेगी जो सामग्री स्वयं सहायता समूह अपने हाथों से बनाती होगी किंतु स्वयं सहायता समूह से हैण्डपम्प, इंटरलॉकिंग,ईंट सीमेन्ट जैसी सामग्री की खरीद फरोख्त नियमविरुद्ध है जब इस सम्बंध में सचिव देवेंद्र कुमार वर्मा से जानकारी का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा कोई भुगतान नही किया गया है जब उनको भुगतान की जानकारी दी जाने लगी तो फोन ही काट दिया गया उसके बाद बजती रही घंटिया नही उठा फोन।

## क्या बोले एडीओ पंचायत

जब उक्त घोटाले सम्बन्ध में एडीओ पंचायत सकरन से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि यह हो ही नही सकता यदि हुआ है तो नियम विरुद्ध है क्योंकि स्वयं सहायता समूह के नाम पर सामग्री का भुगतान नही किया जा सकता है जानकारी प्राप्त हुई है जांच कर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

**सचिव उमाकान्त के भ्रष्टाचार से कराह रही ग्राम पंचायतें**

सीतापुर। विकास खण्ड सकरन में तैनात सचिव उमाकान्त भी भ्रष्टाचार की इबारत लिख रहे है सचिव प्रधानों से सांठगांठ कर प्रधानों के परिवारीजनों के नाम भुगतान कर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहा है, सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत सरैया कलां में प्रधान वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधान के पुत्र सोनू के नाम पर दिनांक 06.03.2025 को 6हजार 6 सौ 36 रुपए के दो भुगतान,दिनाक 21.10.2024 को 4 हजार 1 सौ 40 रुपए, दिनाक 09.05.2024 को 6 हजार 9 सौ रुपए, दिनाक 02.04.2024 को तीन भुगतान क्रमशः 5 हजार 60 रुपये के दो व 6 हजार 4 सौ 40 का एक भुगतान किया है, वही प्रधान की बहू अनिता के नाम पर दिनाक 06.03.2025 को दो भुगतान 6 हजार 6 सौ 36 रुपए, दिनाक 21.10.24 को 4 हजार 1 सौ 40 रुपए, व दिनाक 02.04.2024 को तीन भुगतान जिसमे 5 हजार 60 रुपये के दो भुगतान व 6 हजार 4 सौ 40 का भुगतान किया गया है ।

# सिधौली से एटीएस ने पकड़ा था नकली नोट तस्कर

जिला संवाददाता

**सिधौली (सीतापुर)।** हाई-फाई जिंदगी जीने और जल्दी अमीर बनने की चाहत युवाओं को अपराध की अंधी गलियों में धकेल रही है।

फिल्मों, सोशल मीडिया और अमीरों के दिखावे से प्रेरित होकर कई युवा बिना अंजाम सोचे-समझे ऐसे गलत रास्ते चुन रहे हैं, जो उनके साथ-साथ पूरे परिवार की जिंदगी तबाह कर देते हैं। ऐसा ही एक चैंकाने वाला मामला सिधौली कस्बे से सामने आया है।

बीते शुक्रवार को यूपी एटीएस ने सिधौली कस्बे के मोहल्ला गांधी नगर निवासी 25 वर्षीय अनस अहमद को गिरफ्तार किया है, जो नकली नोटों के बड़े रैकेट से जुड़ा हुआ था।

अनस लंबे समय से कस्बे में रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाकर अपनी पहचान बनाए हुए था, लेकिन अंदर ही अंदर वह जाली नोटों के धंधे में लिप्त था।

## बागपत कनेक्शन से हुआ खुलासा

बता दें कि बागपत जिले में नकली नोटों की तस्करी करने वाले गिरोह का पदार्फाश होने के बाद एटीएस को अनस की जानकारी मिली। जांच में पता चला कि अनस को नकली नोट बेचने का माल बागपत निवासी गजेंद्र यादव द्वारा मुहैया कराया जाता था। इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए एटीएस टीम ने सिधौली पहुंचकर अनस को हिरासत में ले लिया।एटीएस को अनस के पास से 500 व 200 रुपए व 100 रुपये में छपे हुए नकली एक लाख 5 हजार के नोट, नकली नोट की छपी हुई शीट और अन्य सामग्री बरामद हुई। पूछताछ में अनस ने नकली नोटों के कारोबार में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। शनिवार को एटीएस ने पूरे मामले का अनावरण किया

## रेडीमेड की दुकान चलाता था अनस, पिता के नाम पर थी आवंटित

जानकारी के मुताबिक, अनस सिधौली के नेशनल हाईवे पर रेलवे द्वारा आवंटित दुकान में रेडीमेड कपड़ों का व्यवसाय करता था। पहले यह दुकान मोबाइल और बेयरिंग का व्यवसाय करने वाले उसके पिता एजाज के नाम पर आवंटित थी। नेशनल हाईवे चैड़ीकरण के बाद रेलवे ने दुकान दूसरी जगह स्थानांतरित की थी, जहां अनस कारोबार कर रहा था। बताते है कि इसी दुकान से अनस नकली नोटों का धंधा भी सन्चालित करता था। स्थानीय लोग बताते हैं कि अनस का रहन-सहन कस्बे के अन्य व्यापारियों की तुलना में काफी हाई-फाई था, जिससे पहले भी लोगों को संदेह होता था, लेकिन किसी को यह अंदेशा नहीं था कि वह नकली नोटों जैसे संगीन अपराध में लिप्त है।

## स्थानीय पुलिस की सक्रियता पर सवाल

यह घटना न सिर्फ चैंकाने वाली है, बल्कि स्थानीय पुलिस की सक्रियता और खुफिया तंत्र पर भी सवाल खड़े करती है। कस्बे में इतने नकली नोटों का कारोबार चल रहा था, लेकिन न तो पुलिस को इसकी भनक लगी और न ही किसी मुखबिर को। यह निश्चित रूप से जांच का विषय है कि इतने गंभीर अपराध की जानकारी स्थानीय स्तर पर क्यों नहीं मिल पाई।

## समाज के लिए सबक

यह मामला समाज के लिए एक बड़ा सबक है कि दिखावे की दौड़ और अमीरी की जल्दबाजी युवाओं को किस तरह से अपराध की दलदल में धकेल रही है।

## मानसून की पहली बारिस से खिले चेहरे

**सीतापुर।** भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे जिले वासियों के लिए रविवार की दोपहर राहत लेकर आई। मानसून की पहली झमाझम बारिश ने तापमान में गिरावट दर्ज कराई और लोगों को गर्मी से बड़ी निजात दी। सुबह से ही मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे थे। दोपहर तक घने बादलों ने आसमान को ढक लिया और उसके बाद झमाझम बरसात शुरू हो गई। बारिश का दौर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जारी रहा। पिछले एक सप्ताह से उमस और चिलचिलाती धूप ने आम जनजीवन को बेहाल कर रखा था। दिन में गर्म हवाओं और रात में उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। रविवार को अचानक मौसम बदलने और पानी गिरने से लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश से जहां सड़कों पर लोग भीगते हुए नजर आए तो वहीं बच्चों ने घरों के बाहर पानी में खेलकर मौसम का आनंद लिया। जगह-जगह नालियों से पानी बहकर सड़कों पर फैल गया।

संक्षेप

## हादसे में होमगार्ड की मौत, चालक के खिलाफ केस दर्ज

**ललितपुर।** जिले में तेज गति और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना एक होमगार्ड की जान ले गया। मामले में मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125(बी), 106 एवं 281 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम जैरवारा थाना जखौरा निवासी राजेश रजक ने कोतवाली ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पिता कालीचरन उर्फ कैलाश नारायण ललितपुर में होमगार्ड के पद पर तैनात थे और दिनांक 06 जून 2025 को सीओ पेशी हेतु ड्यूटी पर थे। दोपहर करीब 12 बजे वह ऑटो संख्या यू.पी. 94 टी 7336 में बिरधा से ललितपुर आ रहे थे। ऑटो चालक हरीराम निवासी बिरधा वाहन को तेज और लापरवाही से चला रहा था, जिससे हाईवे पर मसौरा के पास उनके पिता ऑटो से गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद उन्हें जिला अस्पताल ललितपुर ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान दिनांक 11 जून 2025 की रात्रि में उनकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के चलते पीड़ित समय से रिपोर्ट दर्ज नहीं करवा सका। पीड़ित राजेश की तहरीर पर एफआईआर संख्या 0738, दिनांक 28 जून 2025, समय 17रू34 बजे, थाना कोतवाली ललितपुर में दर्ज की गई है। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ धारा 125(बी) (लापरवाही से वाहन चलाकर मृत्यु कारित करना), धारा 106 (मृत्यु का कारण बनने वाली चोट) तथा धारा 281 (लोक स्थान पर खतरनाक वाहन चलाना) के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## किशोरी लापता, परिजनों ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव से सोलह वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 137(2) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। गाँव की महिला ने तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री 25 जून 2025 को दोपहर करीब 3 बजे घर से अचानक कहीं चली गई और तब से अब तक वापस नहीं लौटी है। परिजनों ने उसे रिश्तेदारी व आसपास के क्षेत्रों में ढूंढा, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। वह अपने साथ एक मोबाइल फोन भी लेकर गई थी, जो कि लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। बेटी के इस तरह अचानक लापता हो जाने से पूरा परिवार चिंतित और परेशान है। परिजनों की सूचना पर एफआईआर संख्या दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने मामला संज्ञान में लिया है और किशोरी की तलाश के लिए सक्रिय प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस स्थानीय क्षेत्रों में पूछताछ और मोबाइल की लोकेशन के आधार पर सुराग जुटाने में लगी है।

## लिपिक परीक्षा में 8972 अभ्यर्थी शामिल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित कनिष्ठ सहायक और कनिष्ठ लिपिक की परीक्षा जौनपुर में सुबह 10 बजे से शुरू हुई। परीक्षा में कुल 8972 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे से ही बॉयोमेट्रिक जांच के बाद प्रवेश दिया गया। जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए 20 स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 20 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा जिले के पांच थाना क्षेत्रों में कराई जा रही है। सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नकल रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वाड की टीमें लगातार गश्त कर रही थी। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही थी।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मना

जौनपुर। धमार्पुर क्षेत्र के केशवपुर हनुमान मंदिर प्रांगण में डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस का आयोजन किया गयां। उक्त अवसर पर जफराबाद विधानसभा के पूर्व विधायक डॉक्टर हरेंद्र प्रताप सिंह ने वहां उपस्थित लोगों को श्री मुखर्जी के बलिदान के बारे में विस्तार पूर्वक बतायां। उन्होने कहा कि सभी को एक वृक्ष लगाया जाना चाहिए यह सबका दायित्व है।

# बलिदान दिवस पर दी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद एक पेड़ मां के नाम लगाकर विधायक ने कई कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र की अखंडता में किए गए बलिदान को भी याद किया।

कस्बा के पंचायत सभागार में सभी बूथों और मंडल कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों ने मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बड़े पर्दे पर सुना। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा भी सभी कार्यकताओं के बीच उपस्थित रहे।

मन की बात कार्यक्रम के बाद सभी ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। विधायक ने कहा कि मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता का जो सपना जम्मू कश्मीर के बारे में सोचा था उसे वर्तमान मोदी सरकार ने साकार कर दिखाया।

धारा 370 की समाप्ति ने जम्मू कश्मीर में विकास के सारे मार्ग खोल दिए हैं। अब पूरे देश के जम्मू कश्मीर विकास के पथ पर अग्रसर है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश कौन्तेय ने सभी कार्यकताओं से एक पेड़ मां के नाम लगाने और कम से कम दो वर्ष तक उसकी देखभाल करने का अनुरोध किया।मंडल अध्यक्ष देशपत कुशवाहा ने सुखी और स्वस्थ्य जीवन के लिए मोटे अनाज कोदों, कुटी, मक्का, फिकार के खेती की ओर मुड़ने का किसानों से आग्रह किया तथा दैनिक जीवन के प्रयोग में खर्च होने वाले वनस्पति तेल को मोटापे और कई बीमारियों का कारण बताते हुए इसके इस्तेमाल में कमी करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के समापन के पूर्व सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने आंवले का एक पेड़ लगाया। और सभी से पेड़ लगाने की अपील की। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष देशपत कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रमों का संचालन महामंत्री मनोहर अहिरवार ने किया। कार्यक्रमों में प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा घासीराम सहारिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम बिहारी कौशिक, महामंत्री जितेंद्र रिछारिया, मंडल अध्यक्ष अजा मोर्चा अजय पाल, माधव राजपूत, विपिन पटेल, रविन्द्र पाठक, कृष्णपाल प्रजापति, अजय कुशवाहा, राजपाल, अरविंद रजक, ग्राम प्रधान सुरेन्द्र राजा नुनावली विष्णु लिटौरिया, ग्राम प्रधान जाखलौन सूदरे अहिरवार, रणवेंद्र सिंह बुंदेला, तेज सिंह, देवेंद्र छोटू, शिवम अहिरवार, अनिल अहिरवार सहित कई कार्यकताओं और ग्रामवासियों ने भाग लिया।

## भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

जिला संवाददाता

**बांदा।** प्रधानमंत्री के मन की बात भाजपा जन प्रतिनिधियों के अलावा अब आम लोगों में भी लोकप्रिय होती जा रही है। रविवार को मन की बात के 123वें एपिसोड को जिले के 1395 बूथों पर उत्साह पूर्वक सुना गया। जन प्रतिनिधियों की भी अपने क्षेत्रीय बूथों में भागीदारी रही।

जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने जसपुरा मंडल के पैलानी डेरा के बूथ 73 में, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने महुआ मंडल के बरईमानपुर, खत्री पहाड़ के बूथ 319 में, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने नरैनी मंडल के गांधीनगर के बूथ 73 में प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनी। इसी प्रकार जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने बड़ोखर मंडल के बूथ 163 में, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने बांदा उत्तरी मंडल के स्वराज कालोनी में और निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मंडल के बूथ 191 में मोदी के मन की बात सुनी।

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के माध्यम से देश के विभिन्न भागों में हो रहे नवाचार सहित कई महत्वपूर्ण विषयों को देशवासियों से साझा करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने जीवन में योग को अपना रहे हैं, इस बार का योग दिवस बेहद आकर्षक रहा। विशाखापट्टनम में समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने योग किया। हर बड़े शहर से आई योग की तस्वीरें शांति, स्थिरता और संतुलन को प्रदर्शित करती हैं। उनकी थीम थी ह्यएक पृथ्वी एक स्वास्थ्यह्न। जम्मू कश्मीर के सबसे ऊंचे चिनाव ब्रिज पर तथा हिमालय की बरफीली चोटियों में भी लोगों व जवानों ने योग किया।

प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को नगर दक्षिणी में पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना ने सेक्टर 9 के बूथ 105 में मन की बात और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि व वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष विनोद जैन, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, जागृति वर्मा, हरिलाल प्रजापति, दिलीप सैनी शामिल रहे।

## राजा देवी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज को मिला बी-ग्रेड

**बांदा।** नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद बेंगलुरु ने विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपति स्तर की टीम ने ऑनलाइन निरीक्षण करने के बाद राजा देवी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज नरैनी रोड बांदा को बी ग्रेड से सम्मानित किया है। यह चित्रकूट धाम मंडल एवं आसपास के क्षेत्र में एक ही ऐसा कॉलेज है जिसे पुनः सम्मान मिला है। इसके पहले भी वर्ष 2018 में एनएएसी ने राजा देवी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज को सम्मानित किया था। कॉलेज में डिजिटल लाइब्रेरी आसपास के क्षेत्र में मौजूद नहीं है साथ ही बहुउद्देशीय बृहद हाल, सुसज्जित कॉन्फ्रेंस हॉल, कैफेटेरिया, हरा भरा खेल का मैदान, सभी विषयों की लैब, वृहद स्तर की कंप्यूटर लैब, सोलर पैनल, रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्लांट, एवं जैविक खाद्य भंडारण आदि आधुनिक सुविधाओं से युक्त महाविद्यालय है। प्राचार्य डॉ0 संतोष कुमार तिवारी व स्टाफ के लोगों ने दो दिवसीय ऑनलाइन मीटिंग में टीम द्वारा पूंछी गई जानकारी और लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से दिखाया एवं इस मीटिंग में भरपूर सहयोग किया। पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के प्रबंधक प्रमोद कुमार शिवहरे ने एनएएसी टीम एवं अपने सभी एक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर एवं कॉलेज स्टाफ जिन्होंने दिन रात मेहनत कर इस पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज को पुनः मान्यता दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है सभी का हृदय से आभार जताया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी टीम के कोऑर्डिनेटर विवेक कुमार चैरसिया,

## विंध्याचल में 2372.99 लाख की लागत से बनेगा उप्र विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद कार्यालय

जिला संवाददाता

**मीरजापुर।** विंध्याचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसिया विंध्याचल में उत्तर प्रदेश विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद के शासकीय कार्यालय भवन का प्रदेश के मंत्री, सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग स्वतंत्रदेव सिंह ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

इस अवसर पर विधायक नगर, विधायक मड़िहान, विधायक छानबे, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने मंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद कार्यालय भवन 2372.99 लाख रुपये की लागत से 855 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाया जाएगा। निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड की निर्माण इकाई-16, मीरजापुर द्वारा कराया जाएगा। परियोजना के लिए 850 लाख रुपये की धनराशि पहले ही अवमुक्त की जा चुकी है। इस परियोजना में विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय भवन के साथ-साथ तृतीय तल, बाउंड्रीवाल, गार्ड रूम, गेट, हार्टिकल्चर, और बाह्य विकास कार्य शामिल हैं। यह परियोजना क्षेत्र के धार्मिक और प्रशासनिक महत्व को और सशक्त करेगी, साथ ही स्थानीय

**● पर्यटन, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ायेगा विन्ध्यधाम तीर्थ विकास परिषद**

विकास को गति प्रदान करेगी। जल संसाधन मंत्री ने इस परियोजना को विंध्याचल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद कार्यालय का निर्माण न केवल प्रशासनिक कार्यों को सुगम बनाएगा, बल्कि यह विंध्याचल के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को भी बढ़ाएगा।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ-साथ क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगी। मा. मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सरकार धार्मिक स्थलों के विकास और बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए निरंतर प्रयासरत है।

विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल व विधायक छानबे रिंकी कोल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्याम सुन्दर केशरी ने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस कार्यालय भवन के तैयार होने से विन्ध्याचल के तीर्थ स्थल की गरिमा बढ़ेगा।

यह परियोजना न केवल प्रशासनिक सुविधाओं को मजबूत करेगी, बल्कि विंध्याचल को एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

दौरान अपर जिलाधिकारी भू/रा देवेंद्र प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय, उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चंद आदि लोग भी उपस्थित रहें।

## संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों का डीएम ने लिया जायजा

**बांदा।** पैलानी तहसील के संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों सिंधनकला, नरी, महबरा, गलौली का रविवार को डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ से पहले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि पशुओं के लिए भूसा एवं गौशालाओं में दवा की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाए। उन्होने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि वह नदी के तटबंधों का निरीक्षण कर जहां भी तटबंध कमजोर हों उनकी तत्काल मरम्मत कराई जाए। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देश दिए कि पर्याप्त मात्रा में जरूरी दवाओं की उपलब्धता बनाए रखी जाए। जिससे बाढ़ के दौरान किसी तरह की संक्रामक बीमारी को फैलने से रोका जा सके। इस दौरान उप जिलाधिकारी पैलानी, तहसीलदार, क्षेत्रीय लेखपाल व ग्रामीण मौजूद रहे। बताते चलें कि जिले में बरसात के दौरान केन नदी और यमुना में पानी बढ़ने से पैलानी तहसील क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न होता है। इसी को देखते हुए जिलाधिकारी ने बाढ़ से पहले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को सावधानी बरतने के लिए जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं।

## महिला सशक्तीकरण सामाजिक संकेतक विषय पर चर्चा

**बांदा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय की एनसीसी इकाई ने रविवार को महिला सशक्तिकरण के सामाजिक संकेतक विषय पर परिचर्चा हुई। इसका उद्देश्य भारत सरकार के विकसित भारत मिशन के तहत महिला सशक्तिकरण के सामाजिक संकेतक मुख्यतः स्ट्रीट शक्ति से संबंधित है। परिचर्चा में बौद्धिक विचार सब यूनिट के कैडेटों ने रखे। कैडेटों ने महिलाओं की शिक्षा, यातायात, चिकित्सा सुविधा के बारे में विचार व्यक्त किए। 60 यूपी एनसीसी बटालियन फतेहपुर के कार्यवाहक समादेशाधिकारी कर्नल योगेंद्र चिन्नवन के आदेश पर परिचर्चा में कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट डॉक्टर प्रत्यूष मिश्र ने बताया कि वर्तमान समय में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामरिक जगहों पर निडरता एवं संयम के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं, साथ ही फुटपाथ पर भी महिलाएं परिवार के जीवकोपार्जन के लिए विभिन्न प्रकार के छोटे-छोटे व्यवसाय भी बड़ी कुशलता एवं निडरता के साथ कर रही हैं। उन्होने बताया कि महिलाएं दो परिवारों को बड़ी ही शालीनता के साथ जोड़ती हैं, बच्चों को आदर्श की शिक्षा एवं कर्तव्यों का पालन भी करती हैं। सभी को महिलाओं के सामाजिक जीवन में उन्हें हौसला प्रदान करना चाहिए तथा बिना किसी भेदभाव के उनके साथ मिलकर काम करना चाहिए।

## रोटी बैंक ने मरीजों को बांटे फल, बिस्किट

**बांदा।** रोटी बैंक सोसायटी की महिला टीम ने जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल, बिस्किट वितरित किए। सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज और मनु बंसल के संरक्षण में रोटी बैंक की महिला टीम उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा की अध्यक्षता, अध्यक्ष तबस्सुम फात्मा के नेतृत्व में महिला टीम के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान महिला जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुनीता सिंह के निर्देशन में, डॉ0 चारू गौतम व स्टाफ सोनम नामदेव इंचार्ज लेबर रूम, अन्नपूर्णा स्टाफ नर्स, कामिनी भानू स्टाफ नर्स, सतरूपा वार्ड आया के सहयोग से, महिला टीम ने प्रत्येक माह की तरह इस बार भी महिला जिला चिकित्सालय के मरीजों और तीमारदारों को फल, बिस्किट आदि का वितरण किया। इसके साथ ही महिला टीम की उपाध्यक्ष एडवोकेट रीना कन्नौजिया और सदस्य नग्गो खातून ने मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। फल, बिस्किट पाकर मरीजों और उनके तीमारदारों ने रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआओं से नवाजा। इस दौरान रिजवान अली अध्यक्ष, मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, शहाना खान, नेहा खातून, मोहम्मद आमिर, सुनील कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

## मारपीट में युवक घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पटसेमरा में एक व्यक्ति पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल अवस्था में युवक को जिला अस्पताल ललितपुर में भर्ती कराया गया है। घटना की रिपोर्ट पीड़िता श्रीमती रानी पत्नी श्री शोभाराम अहिरवार द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 जून 2025 की रात करीब 9 बजे श्री रानी के पति

**● महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट, हमलावरों पर हत्या की धमकी देने का भी आरोप**

अपने घर जा रहे थे, तभी रास्ते में अरविंद पुत्र सुंदर अहिरवार द्वारा सड़क पर ट्रैक्टर और खाट रख दिए जाने से रास्ता अवरुद्ध था। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपी अरविंद ने पहले गाली-गलौज की और फिर अपनी पत्नी निराशा और मां आशा के साथ मिलकर लाठी-डंडों, लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। इस हमले में पीड़ित को सिर, कूल्हे व शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोटें आईं। पीड़िता रानी ने जब बीच-बचाव किया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी अभद्रता की और बाल पकड़कर धक्का-मुक्की की। सूचना मिलने पर 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से पहले बिरधा अस्पताल, फिर गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल ललितपुर रेफर किया गया।

पीड़िता के अनुसार, घटना के अगले दिन सुबह करीब 8रू30 बजे अरविंद ने धमकी दी कि अभी तो कम मारा है, चाहे एक एकड़ जमीन बिक जाए, तुझे जान से मार देंगे। पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए एफआईआर संख्या 0734, दिनांक 27 जून 2025 को दर्ज की है। अभियुक्तों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 115(2), 351(3), एवं 352 के तहत केस दर्ज किया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### शादी समारोह में मारपीट, चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** शादी समारोह के दौरान एक युवक और उसके मामा के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद व अज्ञात चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नई बस्ती गांधी नगर निवासी कृष्णकांत रजक पुत्र प्रकाश चंद्र रजक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दिनांक 20 जून 2025 को शाम लगभग 5 बजे अपनी चचेरी बहन की शादी में माँ शारदा मिलन पैलेस, सूचना केंद्र के पास ललितपुर आया हुआ था। करीब 5.40 बजे जाखलौन निवासी मनीष रजक अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ वहां आया और कृष्णकांत को पैलेस के बाहर बुलवाकर गाली-गलौज करने लगा।

विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसके साथ लात-घूंसों और पत्थर से मारपीट की। जब कृष्णकांत के मामा रवि पुत्र कैलाश बीच-बचाव के लिए आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान मामा का मोबाइल फोन टूट गया और कृष्णकांत की गले की चेन गिर गई। पीड़ित का आरोप है कि जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

घटना के आधार पर पुलिस ने थ्त् संख्या 0736, दिनांक 27.06.2025 को समय 16रू35 बजे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 352, 115(2), 351(3), एवं 324(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, पूरी घटना मिलन पैलेस में लगे सीसीटीवी कैमरों में दर्ज है, जिसे जांच में लिया जा रहा है।पुलिस ने आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## मन की बात सुनने के साथ पौधरोपण कर हुआ डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस अभियान का समापन

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सप्ताहव्यापी अभियान का समापन रविवार को ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम के साथ किया गया। अयोध्या महानगर के सभी 400 बूथों पर कार्यकताओं व आम जन ने पीएम मोदी की मन की बात सुनी। इसके उपरांत ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने सोहावल के ग्राम सीवर में कार्यकताओं संग मन की बात सुनी और पौधरोपण करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हमें राष्ट्रवाद की प्रेरणा देता है। पर्यावरण संरक्षण के साथ मां को समर्पित पौधा लगाना एक भावनात्मक पहल है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने रिकाबगंज कैम्प कार्यालय में कार्यक्रम बड़ी संख्या में स्थानीय लोगो के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुष्पांजलि अर्पित की। चैक के एक गेस्ट हाउस में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी समाज और प्रकृति दोनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सरायरासी कैम्प कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान देश की एकता के लिए था, आज हमें उनके विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाना है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बिरला मंदिर के पीछे मन की बात सुनी। दतंधावन कुण्ड में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान मां के सम्मान का एक सुंदर रूप है, जो समाज को प्रकृति से जोड़ता है।

पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने विद्याकुंड में कार्यकताओं के साथ सहभागिता करते हुए कहा कि मन की बात अब जन-जन की बात बन चुकी है। पार्टी कार्यकर्ता इसे जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने फिरोजपुर पंचायत भवन में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार संगठन की रीढ़ हैं। बलिदान दिवस अभियान के समापन पर पौधरोपण कर हम उनके विचारों को धरातल पर उतारने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम के दौरान सरल ज्ञाप्टे, अमल गुप्ता, अनिल सिंह, सचिन सरीन, उमा शंकर जायसवाल, चेतन गुप्ता, अरविंद पाण्डेय, देवेन्द्र मिश्र, राज कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, धर्म सिंह चैहान, विनोद कुमार सिंह, विनोद कुमार गौड़, राम मूरत चैहान मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## बाईपास बंधे के चौड़ीकरण का कार्य शुरू, जाम से मिलेगी राहत

**आजमगढ़।** नगर क्षेत्र को जाम से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से बाईपास बंधे को फोरलेन का निर्माण वाराणसी-लुंबिनी फोरलेन के पास से शुरू कर दिया गया है। 70 करोड़ की लागत से बनने वाले इस फोरलेन मार्ग के निर्माण की बाधा को दूर करने के लिए लगभग 200 किसानों से जमीन की खरीद की जाएगी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा एसडीएम सदर से खसरा खतौनी मांगी गई है। जनपद में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे वाहनों के कारण शहर क्षेत्र में आवागमन मुश्किल हो गया है। अक्सर कहीं न कहीं लोग जाम की समस्या से जूझते हैं, जिसे देखते हुए शहर बाईपास बंधे को फोरलेन बनाने की कवायद शुरू हुई, जो जल्द ही परवान चढ़ने वाली है। शासन स्तर से इसकी मंजूरी मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी ने इसके टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी करने के बाद अब इसके निर्माण को भी शुरू कर दिया है। 35 करोड़ रुपये से नरौली पुल से करतालपुर तिराहे तक और 35 करोड़ से करतालपुर से भंवरनाथ तक फोरलेन मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इस मार्ग के चैड़ीकरण के लिए जमीन का अधिग्रहण के लिए एसडीएम सदर से इन निर्माण के रास्ते में आ रहे लोगों की जमीनों के अभिलेख मांगे गए हैं। सरकारी जमीन को छोड़कर जो अन्य लोगों से जो जमीन ली जाएगी उसका मुआवजा उन्हें दिया जाएगा।टूटने का नाम ही नहीं ले रही है निर्लंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरज सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी नारायणपुर की जुगलबंदी * आखिरकार बेसिक शिक्षा विभाग की ऐसी कौन सी मजबूरी है जो नारायणपुर ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय कंडवा के निर्लंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरज सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी नारायणपुर की जुगलबंदी टूटने का नाम ही नहीं ले रही है।

## शिविर में 31 लोगों ने रक्तदान किया

जौनपुर। सरायख्वाजा क्षेत्र के कुतुपुर बाजार के पास रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया और दूसरो के जीवन को बचाने पर की पहल की। रक्तदान शिविर शिवांश ब्लड बैंक कुतुपुर तिराहा पर आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ प्रयागराज मंडल ब्लड डोनेशन चेयरपर्सन डा.पंकज महेश्वरी ने किया। संयोजक डॉ संदीप मौर्य ने स्वयं रक्तदान करके अन्य लोगों को भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। कुल 31 लोगों ने रक्तदान किया। महेश्वरी ने कहा कि इस सत्र में सबसे अधिक रक्तदान शिविर लगाने और लोगों से रक्तदान कराने मे लायन्स क्लब जौनपुर मेन मंडल में प्रथम स्थान पर रहा।

# सही आंकड़ों के लिए जरूरी है घरेलू आय सर्वे



मनोज बाजपेयी

आजादी के बाद से अब तक भारत की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय, विकास, परिवारों की आय और उनके व्यय आदि में आमूलचूल बदलाव आये हैं। लेकिन शहरों और ग्रामीण परिवारों की आय, व्यय और सामाजिक सुरक्षा जैसे तमाम मुद्दों पर भरोसेमंद डाटा उपलब्ध न होने के कारण प्रायः योजनाएं बनाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अगर भरोसेमंद डाटा के अभाव में योजनाएं बनायी भी जाती हैं, तो उनको सम्यक रूप से लागू करना और समाज के आखिरी तबके के व्यक्ति तक उनके लाभों को पहुंचाना कठिन होता है। कई बार तो बिना विश्वसनीय डाटा के ऐसी-ऐसी अव्यवहारिक योजनाएं बन जाती हैं जिनका कार्यान्वयन प्रशासनिक मशीनरी कागजों पर ही मुक्कमल कर देती है। ऐसी योजनाओं का कोई लाभ नहीं होता है। देश में बहुउद्देशीय गरीबी में व्यापक कमी आयी है। बीते दिनों विश्व बैंक ने भी इस बात की पुष्टि की है कि भारत में बीते एक दशक में करीब-करीब 27 करोड़ लोग गरीबी से निकलने में कामयाब हुए और अब अत्यंत गरीब लोगों की संख्या पांच प्रतिशत ही रह गयी है। सवाल है जो अभी गरीबी रेखा के दायरे में है या इससे थोड़ा ऊपर हैं उनके लिए किस तरह की योजनाएं बने जिससे वे गरीबी के दायरे निकल कर मध्य वर्गीय परिवारों में शामिल हो जायें? इसके लिए व्यापक आंकड़ों की जरूरत है और इसी कमी को पूरा करने के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 2026 में पहली बार देश में व्यापक घरेलू आय सर्वेक्षण आयोजित करेगा।

> सवाल है जो अभी गरीबी रेखा के दायरे में हैं या इससे थोड़ा ऊपर हैं, उनके लिए किस तरह की योजनाएं बने जिससे वे गरीबी के दायरे निकल कर मध्य वर्गीय परिवारों में शामिल हो जायें? इसके लिए व्यापक आंकड़ों की जरूरत है। इस कमी को पूरा करने के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 2026 में पहली बार देश में व्यापक घरेलू आय सर्वे आयोजित करेगा।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने व्यापक परिवार आय सर्वेक्षण कराने की घोषणा की है जो अगले वर्ष आरंभ हो सकती है। अखिल भारतीय आय वितरण सर्वेक्षण के निष्कर्ष अर्थव्यवस्था के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यय की क्षमताओं में अहम संरचनात्मक बदलाव को सामने ला सकते हैं। इससे गरीबी की स्थिति, आय की असमानता का स्तर तथा शहरी और ग्रामीण परिवारों की बेहतरी जैसे अहम संकेतकों को समझने में मदद मिलेगी। इस विषय पर अक्सर महत्वपूर्ण और प्रायः विवादास्पद चचाएं भी होती



रही हैं कि क्या आर्थिक विकास से सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है या क्या तथाकथित ट्रिकल डाउन प्रभाव (यानी समृद्धि का ऊपर से नीचे तक पहुंचना) स्पष्ट दिखता है। परंतु ये शायद ही कभी भरोसेमंद आंकड़ों पर आधारित होती हैं। इसके बजाय परिवार खपत व्यय सर्वेक्षण के आंकड़े या आय कर रिटर्न फाइलिंग के आंकड़ों पर भरोसा किया जाता है। ये भी बहुत विश्वसनीय नहीं होते हैं। वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब जो राष्ट्रीय आय तथा अन्य सर्वेक्षणों के साथ कर रिटर्न का इस्तेमाल करती है उसका अनुमान है कि 1947 से 1980 के दशक के आरंभिक वर्षों के दरमियान देश में असमानता में कमी आई, लेकिन उसके बाद हालात उलट गये। विगत 25 सालों में इसमें भारी इजाफा हुआ। लैब के शोधकताओं के मुताबिक वर्ष 2022-23 तक देश के शीर्ष 10 फीसदी कमाई वाले लोग राष्ट्रीय आय में करीब 60 फीसदी के हिस्सेदार थे जबकि निचले 50 फीसदी लोगों के पास राष्ट्रीय आय का केवल 15 फीसदी था। हालांकि, उन्होंने उल्लेख किया कि डेटा की गुणवत्ता खराब थी या कहीं बिल्कुल नहीं थी। मिसाल के तौर पर 2017-18 के एचसीईएस के परिणामों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। यकीनन आय सर्वेक्षण को लेकर यह पहला प्रयास नहीं है। 1955 से ही ऐसे चुनिंदा प्रयास किए जाते रहे हैं जो गति नहीं पकड़ सके। 1964 और 1970 के बीच दो परिवार सर्वेक्षणों में प्राप्तियों

विमर्श

और वितरण के आंकड़े जुटाये गये लेकिन बाद में इसे खारिज कर दिया गया। कारण यह था कि इससे ऐसे आय अनुमान सामने आए जो घरों के संयुक्त उपभोग और बचत अनुमानों से कम थे। वह चुनौती आज भी बरकरार है।

दरअसल लोग अपने वास्तविक आय के ब्योरे साझा करने को लेकर सहज नहीं हैं। कई बार जो अधिक कमाने वाले अपनी आय कम बताना चाहते हैं और कम आमदनी या कहें गरीब परिवारों के लोग इससे पूरी तरह बचते हैं या सर्वे में शामिल भी होते हैं तो सटीक जानकारी देने के बजाय ऐसी भ्रामक जानकारियों देते हैं जिससे डाटा की क्वालिटी की खराब हो जाती है।

दूसरी तरफ अधिकांश उच्च आय वाले लोग अपनी आय कम करके बताते हैं। वे अपने करीबियों से भी इसका खुलासा नहीं करते। इस अनिच्छा को दूर करना, सर्वेक्षण की विश्वसनीयता के लिए बुनियादी बात होगी और इसलिए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) को सबसे पहले इस पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए प्रचार-प्रसार और जागरुकता के माध्यम से लोगों को यह बात कन्वेंश करना चाहिए कि परिवार आय सर्वेक्षण का एकमात्र उद्देश्य भरोसेमंद डाटा का संग्रहण करना है ताकि राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी योजनाओं का नियोजन किया जा सके जो अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। लोगों को अगर यह भरोसा हो जाये कि वे जो जानकारियां देंगे उनका कोई गलत उपयोग नहीं होगा, तो निश्चित रूप से लोग अपनी आय-व्यय को बताने के प्रति अधिक सहज होंगे। दुनिया के अनेक देशों में इस तरह के सर्वेक्षण के लिए बाकायदा कानूनी प्रावधान किये गये हैं। दक्षिण अफ्रीका में आय और व्यय के संयुक्त सर्वेक्षण किए जाते हैं। वहां जीवन स्तर (जिनमें आय शामिल है) के बारे में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर की दर, व्यय के पैटर्न पर पूछे गए प्रश्नों की तुलना में कम है जबकि नमूने में शामिल परिवारों के लिए इसमें भागीदारी करना कानूनी बाध्यता है। देश में भी सर्वेक्षकों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि नमूने का आकार और चुने गये परिवार देश की 1.4 अरब की आबादी का प्रतिनिधित्व करते हों और इसमें विविध आय स्रोत वाले लोग हों, जिनमें कभी-कभार होने वाली आय या वस्तुओं के रूप में भुगतान भी शामिल हों। खासतौर पर ग्रामीण भारत में इसका सटीक आकलन कर पाना मुश्किल है।

उभरता शहरी परिदृश्य भी गंभीर बाधा पैदा करता है। गेट वाली कॉलोनियों आदि में अक्सर सर्वेक्षण करने वालों को घुसने नहीं दिया जाता या लोग ऐसे सर्वेक्षणों पर प्रतिक्रिया देने से मना करते हैं। ऐसे में सर्वेक्षण करने वालों को उनकी जगह अन्य परिवारों को चुनना पड़ता है। इससे नमूने का घटक बदल जाता है और नतीजों पर भी असर पड़ता है। इस गतिरोध से निपटना बहुत जरूरी है। आय के स्तर के अलावा मंत्रालय को उम्मीद है कि परिवारों की आय पर तकनीक को अपनाने के असर का भी आकलन किया जाये। दरअसल व्यापक परिवार आय सर्वेक्षण से बीते दशकों में भारतीय अर्थव्यवस्था में हुए गहन संरचनात्मक परिवर्तनों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। बीते दशकों में देश की अर्थव्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है। इसका घरेलू आय पर क्या असर पर, गरीबी निवारण और परिवारों की आर्थिक स्थिति में क्या सुधार आया, आर्थिक असमानता और आय में वितरण में किसी तरह की प्रवृत्तियां विकसित हुईं, घरेलू आय सर्वेक्षण से इसे समझने में भी मदद मिलेगी और भरोसेमंद डाटा के आधार पर उपयुक्त और कारगर योजना बनाने में भी मदद मिलेगी।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

# देश के सपनों की उड़ान

भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री और अंतराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में पहुंचने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा भारत के सपनों की उड़ान है। देश का सपना अंतरिक्ष में सिर्फ एक यात्री को भेजने तक सीमित नहीं है बल्कि यह तो अभी ट्रेलर है। अंतरिक्ष में भारत की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं जिसमें गगनयान के जरिए चांद की सतह पर देश के अंतरिक्ष यात्रियों को उतारना और भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष उड़ान भारत इसी महत्वाकांक्षी सपनों और लक्ष्यों को हासिल करने की शुरूआत है। शुभांशु पहले भारतीय हैं, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में गये हैं और राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं, जो अंतरिक्ष में मानव जीवन की संभावनाओं को टटोलने की एक दुर्लभ यात्रा पर हैं। करीब 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष की यात्रा पर गया है। भारत माता के ऐसे लाल को बधाई और शुभकामनाएं। शुभांशु भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन हैं और लड़ाकू विमान उड़ा चुके हैं। उन्हें 2000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। अंतरिक्ष मिशन में भी वह पायलट की भूमिका में हैं। आसमान में विचरण करना उनका पेशा है, लेकिन इस बार उन्होंने आईएसएस में 14 दिन बिताने का बीड़ा उठाया है। यह प्रथम अवसर है, जब भारत सरकार की कैबिनेट ने प्रस्ताव पारित कर, तालियां बजाकर, शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा का स्वागत किया है और शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें 140




करोड़ भारतीयों की उम्मीद करार दिया है। जब राकेश शर्मा अप्रैल, 1984 में अंतरिक्ष में गए थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनसे पूछा था- ऊपर से भारत कैसा दिखता है? राकेश का जवाब था-सारे जहां से अच्छा। इस बार शुभांशु ने भारतीयों के नाम पहला ऑडियो संदेश भेजा है- ''क्या अद्भुत सफर है! हम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं। मेरे कंधे पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। यह भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन की शुरूआत है। आप सभी इस सफर का हिस्सा बनें। आपका सीना भी गर्व से चौड़ा होना चाहिए। जय हिन्द, जय भारत।'' बेशक यह अभियान आईएसएस तक जाने की यात्रा भर नहीं है, बल्कि भारत के 'मानव अंतरिक्ष मिशन' का पूर्वाभ्यास है। भारत का 'गगनयान' 2027 में अंतरिक्ष में जाना प्रस्तावित है। भारत 2035 तक अपना 'अंतरिक्ष स्टेशन' बनाने की योजना पर कार्यरत है। 2040 तक चंद्रमा पर इनसान भेजने का लक्ष्य है। मानव अंतरिक्ष मिशन में शुभांशु की इस यात्रा का अनुभव महत्वपूर्ण रहेगा। चूंकि 2030 तक आईएसएस सेवानिवृत्त होना लगभग तय है, लिहाजा निजी कंपनियां अपने अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने में जुटी हैं। जिस 'एक्सिओम-4' के तहत शुभांशु का चार सदस्यीय मिशन भेजा गया है, वह भी निजी कंपनी का प्रयास है। हालांकि इसरो, नासा आदि ने मिलकर मिशन को आकार दिया है। शुभांशु ने रूस में, इसरो और नासा के अंतरिक्ष केंद्रों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उसका 2019 में गगनयान के लिए भी चयन हो चुका है। बहरहाल मिशन में शुभांशु भारतीय हैं, शेष तीन अंतरिक्ष यात्री अमरीका, पोलैंड और हंगरी के निवासी हैं। अमरीका की पैगी व्हिटसन अंतरिक्ष में 665 दिन गुजार चुकी हैं, लिहाजा उन्हें मिशन कमांडर बनाया गया है। यह मिशन आईएसएस में कुल 60 वैज्ञानिक प्रयोग करेगा। उनमें से 7 प्रयोग भारत के लिए किए जाएंगे। उन प्रयोगों में प्रमुख हैं-मांसपेशियों की हानि का अध्ययन, मूंग और मेथी जैसे भारतीय सुपर फूड को माइक्रोग्रैविटी में उगाने का प्रयोग, माइक्रोएल्गी (सूक्ष्म शैवाल) की तीन प्रजातियों की वृद्धि, आनुवंशिक गतिविधियों का अध्ययन, अंतरिक्ष में सूक्ष्मजीवी के व्यवहार और वृद्धि का अध्ययन, अंतरिक्ष में कम्प्यूटर स्क्रीन के उपयोग के शारीरिक और संज्ञानात्मक प्रभावों का अध्ययन और मानव कोशिकाओं की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया का अध्ययन। अंतरिक्ष यात्रा के मानव शरीर पर कई असर पड़ते हैं, क्योंकि वहां ग्रैविटी नहीं है। हृदय, पीठ, खड़े रहने या चलने में असमर्थता, हड्डियों और मांसपेशियों आदि पर प्रभाव पड़ते हैं, लिहाजा अंतरिक्ष में योग और व्यायाम अनिवार्य हैं। आईएसएस में ग्लूकोज और इंसुलिन पर भी विशेष अध्ययन किया जाएगा। कुल मिलाकर शुभांशु की यात्रा भारत के उस बड़े सपने की तैयारी है जिसके तहत भारत अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजना चाहता है।

## विचार

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

–तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हो, उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

–फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुनः कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

–मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

–महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

## सोशल मीडिया



विश्व एमएसएमई दिवस पर नवाचार व विकास को चलाने वाले सभी उद्यमियों को हार्दिक शुभ कामनाएं, एमएसएमई हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ व आजीविका का माध्यम है। नितिन गडकरी



सीमांचल में बाढ़ की से हजारों एकड़ जमीन और गांव कट जाते हैं, लोग अपने घर जिंदगी व कागजात सब कुछ खो देते है, ऐसे में वहां के लोग कहां से दस्तावेज लायेंगे। असदुद्दीन ओवैसी.



सहारनपुर से सोनभद्र, मिर्जापुर तक, यूं तो पूरे प्रदेश में ही अवैध खनन जारी है। लेकिन इससे सबसे अधिक प्रभावित बंदेलखंड क्षेत्र है, संरक्षित चंबल नदी भी अपवाद नहीं है। अखिलेश यादव

# अध्यात्म के सोपान

## अंतर्दृष्टि

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं।

योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

# जो फेल होगा, वही राजा बनेगा

## व्यंग्यलोक

इन दिनों परीक्षाओं का चक्रव्यूह चल रहा है। इधर-उधर पास कराने वाले गिरोह पनप रहे हैं। वे बच्चों को पास होने के लिए उकसा रहे हैं। इस गिरोह में शिक्षक भी शामिल है। वे बच्चों को पढ़कर पास होने जैसे घटिया कामों की ओर प्रवृत्त कर रहे हैं। ऐसे झांसेबाज शिक्षकों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। जो पढ़ेगा, वह बस पढ़ता ही रह जाएगा। जो फेल होगा वही एक दिन राजा बन जाएगा। चुनाव लड़ जाएगा और फटाक से शिक्षा मंत्री हो जाएगा। इसलिए हर कोई फेल होना चाहता है। लेकिन फेल होना हर किसी के भाग्य में नहीं है! कमबख्त परीक्षक! वे खाली कॉपी में भी सफाई के नंबर देकर पास के चक्रव्यूह में फंसा देते हैं। ये तमाम शिक्षकों-परीक्षकों की साजिश है! जाने कैसे वे पास कर देते हैं? अगला साल भर फेल होने के लिए मेहनत करता है। लेकिन उस पर पानी फेर देते हैं। परीक्षा की कॉपियां परीक्षकों के बच्चे ही जांचते हैं और वे पास कर देते हैं। आखिर परीक्षक भी करें तो क्या? कमबख्त! फेल होना किसे अच्छा नहीं लगता है? बच्चे लोग फेल होने के लिए रात-दिन मेहनत भी करते है। ऐसे में जिनके इरादे और हौसले बुलंद हो तो निश्चित ही वे फेल होने के लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। वे शानदार ढंग से फेल होकर सबके लिए एक नई मिशाल पेश करते है। कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती, ये बात तो हर कोई कहता है। लेकिन अगर बार-बार कोशिश करने के बाद भी फेल न हो सकें तो फिर क्या करें? इस बात को कोई नहीं बताता। यदि ट्राई अगैन का फामूर्ला पूरा समझना है तो गुरुओं से समझो। अगर एक-दो बार कोशिश करने के बाद भी फेल नहीं हो तो क्या किया जाए? गुरु कहते हैं कि फेल होना ही जिंदगी का असली मकसद होना चाहिए। फेल होने में ही जिंदगी का सार है। जो फेल होता है वही संसार में सब पर राज करता है। जो पास हो जाते हैं, वे पढ़ते ही जाते हैं। फिर कोई छोटी सी नौकरी लग जाती है। फिर उसके बाद भी पढ़ते ही रहते। जिंदगी में पढ़ते-पढ़ते सड़ जाते हैं। इसलिए फेल होने में ही जिंदगी का असली आनंद आता है। जी भर कर कोशिश करते रहिए और फेल होने के लिए दम भरते रहिए। ए दोस्त, तेरी जिन्दगी की राह में पास कराने वाले हजारों दुश्मन आएंगे। असली खुशियां जब होगी जब आप फेल होकर दुनिया में अपना नाम रोशन कर जाएंगे। यहां सतत संघर्ष फेल होने का चल रहा है। गुरु परीक्षा में पास करने की साजिश रच रहा है। ए दोस्त हारना मत! फेल होने के लिए पूरा जोर लगा देना। बढ़िया तरीके से फेल होने के लिए पूरी अप्रोच लगा देना। जीवन के संघर्ष में पास होकर टूटा भी हूं और परेशान भी हूं मैं। लेकिन ए जिंदगी मैंने हार नहीं मानी और इस बार फेल होकर बहुत निखरा भी हूं मैं। जीवन के सफर में जो फेल होकर आगे बढ़ता जाता है।



राम विलास जॉगिड़

# हमारी ब्रह्माण्डीय कल्पना को आकार देते हैं 'क्षुद्रग्रह'



क्षुद्रग्रह दिवस पर विशेष

साल 2006 में जब प्लूटो ग्रह का डिमोशन हुआ, तभी से वैज्ञानिक समुदाय और खगोलीय विषयों पर रूचि रखने वाले समुदायों ने मिलकर 30 जून को क्षुद्रग्रह दिवस मनाना शुरू किया है। कहने का मतलब यह कि यह कोई राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय दिवस तो नहीं है, बस समान रूचि वाले वैज्ञानिकों, मीडिया कर्मियों, वैज्ञानिक प्रकाशन ग्रहों और सोशल नेटवर्क में सक्रिय लोगों की ग्रहीय अध्ययन की उत्सुकता का एक जुटान है। इसलिए क्षुद्रग्रह दिवस या ड्वार्फ प्लेनेट डे को लेकर कोई आधिकारिक कार्ययोजना या कोई लक्ष्य नहीं तय होता। बस इसे ग्रहीय अध्ययन के दिन के रूप में चिन्हित किया गया है और इसकी कोई बहुत निश्चित थीम भी नहीं होती, फिर भी 2025 की थीम- 'सौरमंडल की उत्पत्ति और छुपी हुई नई खोजें', के इर्दगिर्द केंद्रित है। खास करके ट्रांस-नेप्च्यूनियन पिंडो की खोज के द्वारा। ये सभी बिंदु मिलकर मानव समाज में विज्ञान, शिक्षा, समझ और कल्पना को एक नई दिशा प्रदान करते हैं।

फिर भी यह एक बुनियादी सवाल उठता है कि आखिर हमें क्षुद्रग्रहों के विषय में क्यों जानना चाहिए या क्षुद्रग्रह के बारे में जानने से क्या होगा? इस सवाल को और फोकस करना हो तो कह सकते हैं कि आखिर इंसान को क्षुद्रग्रहों के बारे में जानने से क्या फायदा होगा? वास्तव में इस दिन की खासियत पर अगर हमें प्रकाश डालना है तो इस सवाल का जवाब ढूंढ़ना होगा। दरअसल क्षुद्रग्रहों के बारे में जानने से इंसान को एक नहीं अनेक फायदे हैं। क्षुद्रग्रह जिन्हें एस्टेरॉयड भी कहते हैं, के बारे में जानना वाकई ब्रह्मांड को सिरे से जानना है। आइये क्रम से समझें कि आखिर क्षुद्रग्रहों की समझ से इंसान को क्या फायदा होगा?

**पृथ्वी की सुरक्षा**

हम इस बात को जानते हैं कि कई क्षुद्रग्रह पृथ्वी की कक्षा के नजदीक आते हैं। अगर हमें इनकी गति, इनके रास्तों आदि का पता हो जाए तो हम यह जान सकते हैं कि भविष्य में इनकी पृथ्वी से किसी आशंकित टक्कर को कैसे टाला जा सकता है? अगर कोई क्षुद्रग्रह वास्तव में पृथ्वी से टकराने की स्थिति में हो, तो हम उसका रूख मोड़ने के बारे में सोच सकते हैं।

**सौरमंडल का इतिहास जानना**

वास्तव में जिन्हें हम क्षुद्रग्रह कहते हैं, वे दरअसल सौरमंडल के निर्माण के शुरूआती दिनों की शेष बची सामग्री हैं। इन्हें जानने से हम यह समझ सकते हैं कि आखिर ग्रह कैसे बने होंगे, साथ ही यह भी कि सौरमंडल की रचना कैसे हुई होगी और धरती पर जीवन के लिए जरूरी तत्व कहां से और कैसे पहुंचे होंगे?

**खगोलीय खनन**

अब तक यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि कई क्षुद्रग्रहों में बहुमूल्य धातुएं, जैसे प्लेटिनम, निकेल और सोना तथा पानी (हाईड्रोजन और ऑक्सीजन के रूप में) मौजूद होता है। ऐसे में भविष्य में इंसान धरती के संसाधन कम या खत्म होने के बाद कोशिश करेगा कि अंतरिक्ष से ये संसाधन हासिल करे। यही नहीं अंतरिक्ष स्टेशनों को सप्लायी देने के लिए भी इन खनिजों का दोहन किया जा सकता है। एक तरह से यह कोशिश अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का एक नया द्वार खोल सकती है।

**तकनीकी विकास और जीवन की खोज**

पिछले कई दशकों से इंसान इन क्षुद्रग्रहों पर कई तरह के मिशन भेजने की कोशिश कर रहा है। भविष्य में इनके भेजने से हमारी रॉकेट तकनीक तथा स्वचालित रोबोटिक्स, नई ऊंचाईयों पर पहुंचेगी। इन तकनीकों का दूरसंचार और एआई की नई से नई तकनीकों में शामिल करके हम क्षुद्रग्रहों को टटोलने के प्रयास में धरती पर जबर्दस्त तकनीकी विकास करेंगे। साथ ही इन ग्रहों के जरिये वैज्ञानिक अंततः यह पता लगाने में सक्षम साबित होंगे कि धरती पर आखिर जीवन पैदा कैसे हुआ? वैज्ञानिकों का मानना है कि इन क्षुद्रग्रहों के जरिये ही धरती पर कार्बनिक पदार्थ और पानी पहुंचा होगा, जिससे जीवन संभव हुआ होगा। लेकिन अभी पूरी तरह से सत्य नहीं यह अनुमानभर है। भविष्य में क्षुद्रग्रहों के व्यापक अध्ययन से इस अनुमान पर वास्तविकता की मोहर भी लग सकती है।

**अंतरिक्ष अन्वेषण में मदद**

भविष्य में इंसान मंगल ग्रह और उसके आगे के मिशनों पर खोज अभियान चलायेगा। तब इन्हीं क्षुद्रग्रहों को स्टॉपिंग प्वाइंट या फ्यूल स्टेशन के तौरपर उपयोग किया जा सकता है। ..तो इस तरह हम संक्षेप में जान सकते हैं कि क्षुद्रग्रहों का इंसान के लिए व्यापक अध्ययन कितना महत्वपूर्ण है और आखिर इससे भविष्य की पीढ़ियों को अनगिनत लाभ मिलने वाले हैं।

**अपराजिता.**

## आप की बात

### सड़कों पर लापरवाही

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओ में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

### जरूरी है कौशल विकास

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

**अशोक कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## विधायक के जनता दरबार में पहुंचा ईओ और सभासदों का मामला

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज नगर पंचायत के ईओ व सभासदों का मामला रविवार को विधायक के जनता दरबार तक जा पहुंचा।जनता दरबार मे मौजूद इलाकाई विधायक अभय सिंह के समक्ष सभासदों ने ईओ सीमाराय द्वारा की जा रही अपने साथ हो उत्पीड़न के साथ नगर पंचायत में वित्तीय अनियमितता की जांच उच्चाधिकारियों से कराने की अपील किया।सभासदों का आरोप है कि ईओ सीमाराय उनके मौलिक अधिकारों का हनन करती है और उनको कराए जा रहे कार्यो की सूची भी उपलब्ध नही कराती है।नगर पंचायत में ब्याप्त भ्रस्टाचार को लेकर शनिवार को सभासदों ने पंचायत परिसर पर धरना प्रदर्शन भी किया,जिसमे तहसीलदार सदर धर्मेन्द्रकुमार सिंह ने पहुंचकर 14 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन भी लिया।

रविवार को राजेपुर स्थित विधायक अभयसिंह के आवास पर आयोजित जनता दरबार मे पहुंच गए और अपनी ब्यथा सुनाते हुए ज्ञापन सौंपा।विधायक अभयसिंह ने बताया कि सभासदों की मांगपत्र को लेकर लखनऊ जा रहे है,इसकी जांच निदेशालय से कराई जाएगी।

# नगर पंचायत कुमारगंज में सुनी गयी पीएम मोदी के मन की बात

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** नगर पंचायत कुमारगंज के चंद्रबली सिंह उर्मिला महाविद्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संयोजक प्रबुद्ध वर्ग चंद्रबली सिंह ने किया। कार्यक्रम में मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान बतौर अतिथि शामिल हुए, साथ ही भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्न को ध्यानपूर्वक सुना। इस बार प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मेघालय के प्रसिद्ध ऐरी सिल्क का उल्लेख किया और इसके सांस्कृतिक व आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने देशवासियों से पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरित होकर, कार्यक्रम के समापन के बाद ह्यएक पेड़ मां के नामह्न थीम के तहत पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया।इस अभियान में विधायक चंद्रभानु पासवान, वरिष्ठ नेता चंद्रबली सिंह और अन्य उपस्थित लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

सभी ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री के पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत मिशन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। चंद्रबली सिंह ने अपने संबोधन में कहा, ह्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम न केवल हमें प्रेरित करता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक मजबूत माध्यम भी है। आज हमने उनके संदेश को आत्मसात करते हुए पौधरोपण किया, जो हमारी मातृभूमि और मां के प्रति सम्मान का प्रतीक है।ह्न

मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने भी इस अवसर पर लोगों से

पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा, हमें अपने क्षेत्र को हरा-भरा बनाने और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा।ह्न

कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामुदायिक विकास के लिए मिलकर काम करने का वादा किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र मौर्य, सभासद राम अचल शुक्ला, दिनेश पांडे, सुरेंद्र प्रताप सिंह, काशीराम, अजय विक्रम सिंह, रामपुर गोस्वामी, अशोक मौर्य, , सूरज कौशल, कुंवर बहादुर मिश्रा, विनोद अग्रहरि, रवि सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## जंगली जानवर ने भैंस के बच्चे को बनाया निवाला

इमलिया सुल्तानपुर(सीतापुर)। वन विभाग की दो रेंज में जंगली जानवर की दहशत एक जगह जंगली जानवर के मिले पद चिन्ह व दूसरी जगह भैंस के बच्चे को बनाया निवाला व खेतों में मिले पग चिन्ह। ग्रामीणों में बनी दहशत जबकि वन विभाग का दावा बाघ के हमले से नहीं घायल हुआ भैंस का बच्चा। वन विभाग हरगांव रेंज की ढोलई खुर्द में गांव के पश्चिम भैंस चराने गये प्रमोद पाल ने दावा किया कि उनकी भैंस के बच्चे पर बाघ ने हमलाकर घायल कर दिया । सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घावों को देखा व खेतों में कॉम्बिंग की। वन रेंजर बीनू पाल मे बताया कि बाघ की कोई चहलकदमी की जानकारी कई माह से नहीं मिल रही थी। रविवार को वन रेंज हरगांव की ऐलिया गांव के पश्चिम बबलू पुत्र सीताराम निवासी ऐलिया के घर के बाहर बंधे भैंस के बच्चे पर देर रात जंगली जानवर ने हमला कर दिया। बच्चे का पिछला हिस्सा छत विक्षत हो गया जिससे उसकी मौत हो गयी। वन रेंज सीतापुर के नौवा अंबरपुर में विपुल सिंह के समरसेबल के आस पास व खेत में पग चिन्ह मिले हैं। ग्रामीणों का दावा है कि ये पग चिन्ह बाघ के हैं।

## कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मोहर्रम कमेटी अहले सुन्नत की बैठक संपन्न

**बाराबंकी।** मोहर्रम कमेटी अहले सुन्नत के तत्वाधान मे कार्यक्रमो को तैयारियो को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे कमेटी अध्यक्ष ताज बाबा राईन ने बताया कि मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूस की तैयारियां पूर्ण रूप से कर ली गई है। जिसमे सभी वालिंटियर को सम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर दिशा-निर्देश दिये गये। मोहर्रम कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी उसामा अंसारी ने 3 से 10 मोहर्रम तक होने वाले कार्यक्रमो की चर्चा करते हुये मोहर्रम को सादगी और सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने की अपील की। बैठक मे महामंत्री मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद शकील सलमानी, रईस अंसारी, मोहम्मद जावेद राईन, हमीदुल्लाह राईन, सभासद मुजीबुद्दीन अंसारी, नसीम खान, हाजी इदरीश, हसमत अली, संगठन मंत्री मोहम्मद सलमान सल्लू मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** थाना महराजगंज के पुलिस चैकी पूरा बाजार इलाके के सरायराशी-सिरसिंडा मार्ग पर शनिवार रात्रि करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रामदत्त (60) पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम सिरसिंडा थाना कोतवाली अयोध्या किसी कार्यवश सड़क पार कर रहे थे कि तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पर महाराजगंज एसएचओ राजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल रामदत्त को तत्काल दर्शन नगर स्थित मंडलीय चिकित्सालय भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी और विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## रेलमेध यज्ञ परस्पर एकता का माध्यम बन गया:अमित अवस्थी

**बाराबंकी।** धर्मसेवक वर्ष में एक बार सभी रेलवे स्टेशनों पर मिष्ठान-जल वितरण करने के लिए रेलमेध यज्ञ परस्पर एकता का माध्यम बन गया है। उक्त विचार धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र0 संयोजक अमित अवस्थी के नेतृत्व मे बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर यात्रियो मे पेठा-जल वितरण कर रहे धर्मसेवको के बीच रामनगर खंड संघचालक प्रदीप ने व्यक्त किये। इस मौके पर

आशीष सेन, डॉ0 शिवांजलि ग्रोवर, राजेश राय, भगवान दत्त चैधरी, उमाशंकर शर्मा, गौरी शंकर तिवारी, सभाजीत सिंह, प्रतियोग रावत, अश्वनी, राज सिंह, राकेश मिश्र, लवकुश, प्रवेश शुक्ल मौजूद रहे।

## महादानी भामाशाह की जयंती पर प्रतिवर्ष व्यापारी मनायेंगे व्यापारी दिवसः सुशील

अयोध्या। राज्य सरकार द्वारा भामाशाह की जयंती को व्यापारी सम्मान दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा का स्वागत करते व्यापार अधिकार मंच ने की मांग कि ह्यव्यापारी सम्मान के साथ समाधान दिवसह्न के रूप में इसे जाय मनाया। महाराणा प्रताप को देश धर्म की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व दान करने वाले महादानी भामाशाह की जयंती को आज अयोध्या के व्यापारियों ने बड़े समर्पण और श्रद्धा से मनाया ,इस अवसर पर संबोधित करते संयोजक सुशील जायसवाल ने भामाशाह को कर्ण जैसा ही श्रेष्ठ दानी बताया जिनके दान से बारह वर्षों तक सेना के निर्माण,रसद, हथियार, और वेतन की व्यवस्था हो सकी। उन्होंने कहा कि व्यापारी दिवस को आगे और भी भव्य और जनभागीदारी के साथ किया जायेगा। महानगर प्रभारी विश्व प्रकाश रूपन ने कहा कि भामाशाह और महाराणा प्रताप एक दूसरे के पूरक ही हैं क्योंकि देश धर्म रक्षा की खातिर जब घास की रोटियां खाकर महाराणा प्रताप जंगलों में रहे तब उनके सेनापति, योद्धा भामाशाह ने सेना के पुनर्निर्माण व जागीरो, किलों को इन दरिंदे मुगलों से वापस प्राप्त करने हेतु आवश्यक सेना के निर्माण व सभी संसाधन जुटाने हेतु सर्वस्व सहर्ष अर्पण जब किया,तो परिणाम स्वरूप उसी सेना का नेतृत्व कर महाराणा प्रताप ने जहां अपने किले व क्षेत्र वापस हासिल किया तो वहीं उन्हें यहां से खदेड़ने का भी काम किया। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापारियों के लिए अंग्रेजों के समय का काला कानून संपत्ति वैभव कर और देश के आम व्यापारी की कमर तोड़ रहा आन लाइन कारोबार पर भी गहन चर्चा हुई। जिसमें एक स्वर से उत्पीड़न का कारण बन चुके अंग्रेजी हुकूमत के काले कानून सी.पी.टैक्स कै पूर्णतया समाप्त करने तथा आन लाइन कारोबार पर अंकुश लगाते में भारत आम खुदरा व्यापार को बचाने की भी अपील की गई। राज्य कर विभाग में पंजीकृत व्यापारी को दुर्घटना बीमा योजना में दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख रुपए करने की मांगइस हेतु समाज के बीच इस चर्चा को व्यापकता देकर उनके सुझाव आमंत्रित कर सरकार तक आम व्यापारियों के समस्या समाधान का भी प्रयास संगठन करेगा। इन बैठकों के आयोजन की जिम्मेदारी हेतु एक कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें मोहित सिंह बाबी,कक्कू सिंह उप्पल, मनोज अग्रवाल, आकाश जायसवाल व प्रवीण रस्तोगी रहेंगे जो ट्रेड वाइज व्यापारियों के विचार जानकर संगठन के समक्ष रखेंगे, जिसके बाद आगे की रणनीति संगठन के प्रमुख पदाधिकारी बनाकर सरकार व शासन से समाधान का प्रयास करेंगे।

## आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के डूडी गांव में शनिवार की शाम करीब 5 बजे एक दुखद घटना घटी, जिसमें आकाशीय बिजली गिरने से 40 वर्षीय महिला बिंदु कोरी पत्नी नाथूराम कोरी की मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ा दी और मृतका के

- दिव्यांग पति और चार नाबालिग बच्चों का थी सहारा

परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।जानकारी के अनुसार, बिंदु कोरी शाम के समय अपने घर के आसपास थीं, तभी अचानक तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी।

बिजली की चपेट में आने से वह गश खाकर गिर पड़ीं।परिजनों ने तुरंत उन्हें मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर, अयोध्या पहुंचाया। वहां उनकी

गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लखनऊ में इलाज के दौरान देर रात करीब 2 बजे बिंदु कोरी ने दम तोड़ दिया। परिजन रात में ही मृतका का शव लेकर घर लौट आए। सुबह स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही खण्डासा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने प्रारंभिक जांच में आकाशीय बिजली गिरने से मौत की पुष्टि की है।ग्राम प्रधान ने बताया कि बिंदु कोरी के चार नाबालिग बच्चे हैं-दो बेटियां और दो बेटे। उनके पति नाथूराम कोरी एक हाथ से दिव्यांग हैं और परिवार की आजीविका का मुख्य स्रोत बिंदु कोरी ही थीं। इस हादसे ने परिवार को गहरे आर्थिक और भावनात्मक संकट में डाल दिया है। ग्राम प्रधान ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। खण्डासा थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने भी इस घटना को दैवीय आपदा के तहत दर्ज कर लिया है और पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है।

## लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया जायेगा सपा मुखिया का जन्मदिन

**सोहावल-अयोध्या।** बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के सोहावल चैराहा स्थित अवध मैरिज लान के प्रांगण में बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर के नेतृत्व में सपा मुखिया अखिलेश यादव का जन्मदिन पार्टी कार्यकताओं की उपस्थिति में धूमधाम से लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं बीकापुर विधानसभा प्रभारी एजाज अहमद ने बताया कि आगामी 1 जुलाई को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन लोक कल्याण दिवस के रूप मे कार्यकताओं की उपस्थिति में केक काटकर मनाया जाएगा। एजाज अहमद ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के विधानसभा एवं ब्लॉक कमेटी के साथ-साथ, सभी जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, सेक्टर सह प्रभारी, सेक्टर पर्यवेक्षक के साथ-साथ बूथ प्रभारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## दानवीर भामाशाह की जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए सभागार में राज्यकर विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान मे दानवीर भामाशाह की जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने सर्वोच्च

- राज्यमंत्री ने व्यापारियो को प्रशास्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

जी0एस0टी0 देने वाले व्यापारियों समेत व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों रोहिताश्व दीक्षित, विनोद गाबा समेत आदि को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। तो वही मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थी को बीमा धनराशि का चेक सौपा। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्षा, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, संयुक्त आयुक्तर कार्यपालक राज्यकर, अयोध्या संभाग-बी विवेचना मिश्रा, उपायुक्त कार्यालयाध्यक्ष प्रेरणा सिंह, उपायुक्त विकास कुमार सेठ, सोनिका, अंजू उपाध्याय, सहायक आयुक्त अजय कुमार श्रीवास्तव, शिव शंकर, ज्योत्सना सिंह, सहायक आयुक्त एंव आहरण वितरण अधिकारी अंचल अग्रवाल, सहायक आयुक्त एवं प्रभारी सचल दल राज्यकर सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## समाजवादियों ने 2027 में सरकार बनाने का लिया संकल्प

**अयोध्या।** रविवार को मिल्कीपुर विधानसभा के पांच नंबर चैराहे पर फैजाबाद अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद द्वारा कार्यकर्ता बैठक व आम की दावत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान को खत्म करना चाहती है। वर्तमान समय में सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है। समाजवादी पार्टी संविधान के साथ छेड़छाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। समाजवादी पार्टी संविधान को बचाने के लिए जो भी कुर्बानियां देनी पड़ेगी दी जाएगी। संविधान की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन लड़ाई लड़ेगी। संविधान की रक्षा के लिए व पीडीए के हक व अधिकारों के लिए भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकना होगा और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा आज पूरे प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लूट, डकैती,बलात्कार,महिलाओं का उत्पीड़न चरम पर है। नेताजी मुलायम सिंह यादव कहा करते थे कि जहां पर अत्याचार होता है वहां पर अत्याचार के विरुद्ध सपा का कार्यकर्ता ही खड़ा होता है किसी अन्य दल का कार्यकर्ता नहीं खड़ा होता।जनता अखिलेश यादव की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। 2027 में अयोध्या की पांचों विधानसभा सीटों की जीत के साथ उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनेंगी और

अखिलेश यादव पुनः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में पंचायत चुनाव को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पृथ्वीराज यादव व संचालन यदुनाथ यादव किया। कार्यक्रम को जिला महासचिव बख्तियार खान, राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, छोटेलाल यादव, जिला उपाध्यक्ष रामजी पाल, आकिब खान,जय सिंह यादव,राम करन यादव, इंद्रपाल यादव, माखन लाल यादव, छेदी सिंह, रामबहादुर यादव, सरोज यादव, सीताराम यादव, राकेश चैरसिया, साहबलाल यादव,सुनील कोरी, महेंद्र यादव, लालदेव चैरसिया, महेश शर्मा, अरविंद सिंह, सिराज अहमद, गया प्रसाद यादव सहित दो दर्जन से अधिक नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चेन स्नेचिंग की घटनाओं का खुलासा, पांच महिलाएं गिरफ्तार

**अयोध्या।** थाना रामजन्मभूमि क्षेत्र में हुई चेन स्नेचिंग की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक पीली धातु का लाकेट व आभूषण बेचने के बाद प्राप्त हुए रुपयों को पुलिस ने बरामद किया है। रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र व राममंदिर परिसर, आसपास के क्षेत्रों में चेन स्नेचिंग के मामले सामने आए थे। जिसमें पुलिस ने दबिश देकर पांच महिलाओ को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें तीन आजमगढ़ व दो आगरा जनपद की रहने वाली है। इसमें आजमगढ़ की रहने वाली गीता का आपराधिक इतिहास होने के बारें में पुलिस को जानकारी मिली है। अन्य महिलाओं के आपराधिक इतिहास के बारें में पुलिस जानकारी हासिल कर रही है।

## कर्मयोग केवल एक आध्यात्मिक दर्शन नहीं, बल्कि जीवन का व्यावहारिक मार्गदर्शनः एल. वेंकटेश्वरलू

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश शासन के समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग के अपर प्रमुख सचिव एवं उपाम व एसआईआरडी के महानिदेशक एल. वेंकटेश्वरलू की अध्यक्षता में ह्यकर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारतह्न विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन आयुक्त सभागार में किया गया। अपर प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वरलू ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए कर्मयोग की मूल विचारधारा को समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कर्मयोग केवल एक आध्यात्मिक दर्शन नहीं, बल्कि जीवन का व्यावहारिक मार्गदर्शन है, जो अभ्युदय यानी समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि कर्मयोग ऐसा माध्यम है यह न केवल आत्मज्ञान को जागृत करता है, बल्कि युवाओं को अपने जीवन के उद्देश्यों को समझने में भी सहायता करता है। अपर प्रमुख सचिव ने युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय, विशेषकर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। ऐसे में उन्हें केवल सपने देखने तक सीमित न रहकर कर्मयोग के मार्ग पर चलकर उन्हें साकार करने की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने इस अवसर पर भारतीय दर्शन में कर्मयोग की प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया और कहा कि यही वह सिद्धांत है जो व्यक्ति को लक्ष्य की ओर अग्रसर करता है और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका को सशक्त बनाता है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभ्युदय के तहत साकेत महाविद्यालय में सिविल सर्विसेज व जी0आई0सी0 में नीट एवं जे.ई.ई. के केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिम बच्चों को बेहतर ढंग से कोचिंग क्लास दी जा रही है और शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने हेतु बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लास एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से डाउट क्लियर करने की सुविधा बनाई गई है। इस पर अपर प्रमुख सचिव ने कहा कि अभ्युदय कोचिंग के लिए ऐसे छात्रों का चयन किया जाए जिनमें योग्यता है और कोचिंग नहीं कर पा रहे हैं उनको प्राथमिकता दी जाएं।

## कमिश्नर व आईजी ने लेखपाल संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार को किया सम्मानित

**सोहावल-अयोध्या।** मऊ शिवाला मऊ यदुवंशपुर ग्राम पंचायत समेत एक दर्जन ग्राम पंचायत के तेज तर्रार लेखपाल संघ अध्यक्ष सुशील कुमार को कमिश्नर गौरव दयाल और आई जी प्रवीण कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया है। सोहावल तहसील लेखपाल संघ अध्यक्ष सुशील कुमार बहुत कर्तव्य निष्ठ व्यवहार कुशल और मेहनती लेखपाल माने जाते है। विभागीय अधिकारियों द्वारा जो भी जिम्मेदारी लेखपाल संघ अध्यक्ष सुशील कुमार को मिलती है। उसका निर्वहन बखूबी तरीके से करते आ रहे हैं ।

इसी का नतीजा है कि अयोध्या मंडल के कमिश्नर गौरव दयाल और पुलिस विभाग के आई जी प्रवीण कुमार द्वारा लेखपाल सुशील कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया है।जिससे कि लेखपाल सुशील कुमार की तरह से अन्य सभी लेखपाल और अन्य सभी राज्स्वकर्मी भी शासन की मंशा के अनुरूप अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करके विभाग का सम्मान बढ़ा

सके । कमिश्नर गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने पर खुशी जताते हुए लेखपाल सुशील कुमार ने बताया विभागीय अधिकारियों के कुशल दिशा निर्देश पर उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाती है।उसका निर्वहन करने के लिए वे अनवरत मेहनत करने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने देते है। लेखपाल सुशील कुमार ने इस सम्मान को मिलने के कारण कमिश्नर गौरव दयाल और आई जी प्रवीण कुमार समेत अन्य सभी विभागीय अधिकारियों का आभार जताया है। इस अवसर पर लेखपाल सुशील कुमार ने बताया कि वे सोहावल तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि सोहावल तहसील क्षेत्र अंतर्गत वे मसौधा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मऊ यदुवंशपुर मऊ शिवाला, सोफियापारा , कुरावा ,घाटमपुर , रघुपुर , खरगपुर , मानापुर, बरवा , महावा , नजीरपुर , अरुवावा , मैनुद्दीनपुर और रायपुर आदि 13 ग्राम पंचायत के लेखपाल है । लेखपाल सुशील कुमार ने बताया कि उनका कार्यक्षेत्र 13 ग्राम पंचायत में होने के कारण कभी कभी शासकीय कार्य करने के कारण विभागीय अधिकारियों के साथ शासकीय कार्य करने में लगे होने के कारण और वाहन चलाते समय कभी कभी अपने छेत्र की सम्मानित जनता का फोन नहीं उठा पाते है जिससे कभी कभी लोग शिकायत भी करते हैं कि लेखपाल फोन नहीं उठाते हैं।ऐसा हमारे साथ ही नहीं बल्कि सभी लेखपाल साइिसके बावजूद भी हम लोगो के पास जैसे ही सम्मानित जनता या अन्य किसी का भी फोन आता है।तब हम लोग जिसकी जो भी समस्या रहती है। उसका निदान करने के लिए विभागीय अधिकारियों के कुशल दिशा निर्देश में पूरा करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

## सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर महानगर क्षेत्र में होंगे विभिन्न आयोजन

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पूरी महानगर कमेटी सभी फ्रंटल संगठन सभी पार्षद गण वरिष्ठ नेताओं के साथ पूरे महानगर में अनेको कार्यक्रम करेगा महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया जिला अस्पताल में फल वितरण चैक में श्रमिकों को फल एवं मिष्ठान वितरण बड़ी बुआ में बच्चोको कॉपी पेंसिल और मिठाई वितरण गुरुकुल संस्कृत विद्यालय में बच्चों को मिठाई एवं फल वितरण एवं समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर केक काटकर उनका जन्मदिन हर्षोल्लाह से मनाया जाएगा इस मौके पर श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार मे बच्चों को लैपटॉप वितरण, कन्या विद्याधन, एक्सप्रेसवे बेरोजगारी भत्ता, 108,102 एम्बुलेंस, महिलाओं के लिए 1090 अनेकों योजनाओं का शुभारंभ किया उन्होंने कहा उनका जन्मदिन पूरे प्रदेश में से मनाया जा रहा है जिससे 2027 में पुनः प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार बने जिससे प्रदेश में बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था बेरोजगारों को रोजगार और प्रदेश में सुख समृद्धि हो।

संक्षेप

## पत्रकार एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**अमेठी** ।पत्रकार एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की एक बैठक जिला मुख्यालय के निरीक्षण भवन में संपन्न हुई ।जिसमें दूर दराज से आए पदाधिकारी ने भाग लिया बैठक में पत्रकारिता हितों पर चर्चा की तथा जनपद में पत्रकार एसो. के संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को जोड़कर संगठन को बेहतर एवं बड़ा बनाए जाने की अपील की पत्रकार साथियों ने पत्रकारिता में आ रहे झंझावातों सहित अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई मई में पत्रकारिता दिवस पर प्रादेशिक सम्मेलन कराए जाने की बात पर चर्चा की गई और उसकी रूपरेखा तय की गई कि 30 मई को पत्रकारों का प्रादेशिक सम्मेलन किया जाएगा इस मौके पर रमन पाण्डेय, अशोक सिंह लाल जी तिवारी राघवेंद्र पांडे विकास शुक्ला विनोद सिंह रामकेवल यादव सी पी मौर्य सिद्धनाथ तिवारी, महेश अग्रहरी सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे ।

## सीएमओ ने आरोग्य मेले का किया निरीक्षण

**अमेठी** । सीएमओ अंशुमान सिंह ने रविवार को जनपद में अलग-अलग स्थान पर चल रहे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर उन्होंने जरूरी निर्देश भी दिए उन्होंने कहा कि आरोग्य मेले में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलना चाहिए जिससे मिले का लाभ गरीब लोगों तक पहुंच सके उन्होंने यह भी कहा कि आरोग्य मेले से जनपद के बहु संख्यक मरीजों को लाभ मिला है । मुख्य मंत्री आरोग्य मेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमएमाफी का निरीक्षण किया डॉक्टर पुपेंद्र कुमार अनुपस्थित डॉक्टर विनीता होमेओपेथी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित आंगनवाड़ी उमा देवी उपस्थित अहह रेखा संगीता पाल बिट्टू अनुपस्थित आशा सभी अनुपस्थित मिली अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी ।

## मारपीट के मामले में दोनों पक्षों का केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज पुलिस ने बहुचर्चित मारपीट मामले में जहां दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। वहीं एक पक्ष के सतीश उर्फ बबलू व बैजनाथ व दूसरे पक्ष से रोहित सिंह का शांति भंग की धाराओं में चालान किया है। कुम्हरौड़ा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट हुई है। दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। वहीं एक पक्ष ने गाड़ी में रखे रुपए भी लूट लिए जाने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि नगर की सीमा से सटी एक भूमि को लेकर कस्बे के करूणा बाजार चैराहा निवासी एवं बख्शी मेमोरियल स्कूल के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह व कुम्हडौरा गांव के प्रधान पति जितेंद्र सिंह उर्फ बच्चा से विवाद चल रहा है। सुनील सिंह का कहना है कि उनका छोटा भाई सतीश सिंह अपने साथियो के साथ कुम्हड़ौरा गांव अपने रिश्तेदार राकेश सिंह चैहान के बुलाने पर गया था। उसके साथ उसके दोस्त भी थे। गांव से वापस लौटते समय बच्चा सिंह व राजेश सिंह ने अपने लगभग एक दर्जन साथियों के साथ मिलकर उनकी गाड़ियो को ओवरटेक करते हुए उनके सामने अपनी गाड़ियां लगा दी। असलहा लहराते हुए फायरिंग करने लगे। उनका आरोप है कि रोहित सिंह, सोनल सिंह, निशांत सिंह, नान सिंह ने गालियां देते हुए उनकी गाड़ियां तोड़ दी साथ ही गाड़ियों में बैठे लोगों की पिटाई करने लगे जिसमें सतीश सिंह समेत उनकी गाड़ी के चालक बैजनाथ रैदास व शिव सागर निर्मल को चोटें आयी हैं।

# निर्बल का बल बनकर गरीब असहाय लोगों की मदद कर रही हैं सदर विधायक

### विधायक के नेतृत्व में सदर विधानसभा खुशहाल और मूल विकास की योजनाओं से है संपन्न

हरीशा नन्द मिश्र

**रायबरेली।** जीवन की अनमोल धरोहर मानवीय मूल्य को जीवित रखना है जिसकी मिसाल बनी सदर विधायक अदिति सिंह ने अपने लक्ष्य से बिना भटके निर्बल का बल बनकर गरीब असहाय लोगों की मदद करने का लक्ष्य हासिल किया है। लोग जब कठिन दौर से गुजरते हुए समस्याओं से घिरे रहते हैं तो ऐसे में पीड़ा और दुख में सहारा बनकर उनके साथ तथा उनकी मदद के लिए उनके हाथ सदा उठते रहे। वहीं जब भी लोगों में प्रसन्नता और सुख का भाव मिला तो उन्हें बांटने के लिए उनके आंगन में बेटी की तरह पहुँच कर लोगों की प्रसन्नता को दोगुना करने में परछाई की तरह सुन्दर व्यवहार और बर्ताव की बदौलत क्षेत्र का गौरव बढ़ाने का काम किया।

सदर विधानसभा का नेतृत्व करते हुए विकास की योजनाओं को धरातल पर लाकर लोगों के खुशहाली का सबब बन चुकी सदर विधायक अदिति सिंह ने लाचार बेसहारा गरीब असहाय लोगों की मदद करते हुए उन्होंने तमाम योजनाओं को फलीभूत किया तो वहीं शिक्षा और संस्कार की बेहद जरूरत है समाज को यह भी एहसास कराते हुए कई महत्वपूर्ण संस्थाओं की नींव रखी । उन्होंने लगातार सदर विधानसभा क्षेत्र में जब भी गरीब असहाय लोगों को मदद की जरूरत पड़ी तो उनकी बेटी की तरह उनके लिए मदद की छाँव बन गई और लगातार क्षेत्र के लालूपुर चैहान में निजी आवास पर जनता दरबार लगाकर उनकी समस्याओं को आसानी से निपटाने के लिए भरपूर प्रयास किया। जब कभी गरीब लोगों को गंभीर बीमारियों के लिए दर दर की ठोकरें खानी पड़ी तो सदर विधायक ने करोड़ों रुपए देकर सैकड़ों लोगों की मदद की ।

वर्तमान परिपेक्ष में बात की जाए तो यह कहना मुश्किल नहीं है कि सदर विधायक के नेतृत्व में सदर विधानसभा खुशहाल और मूल विकास की योजनाओं से सम्पन्न है। वैवाहिक कार्यक्रम हो अथवा क्षेत्र में परिवारीजन के यहाँ से दुःखद समाचार की घटना सदर विधायक का लगातार दुख सुख में साथ देना आज कुशल नेतृत्व की पहचान बन चुका है। सदर विधायक द्वारा उनकी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के लिए लोग उनके पिता पूर्व विधायक स्वर्गीय अखिलेश सिंह के जैसे उन्हें भी जन-जन में उदारता का भाव जैसे व्यक्तित्व का धनी मानते हैं ।

निर्भीक और निडर होने के साथ लगातार कार्य करने की क्षमता पर भी लोगों का मानना है कि सदर विधायक अदिति सिंह ने आम जनमानस में अपनी छाप बेहद ईमानदारी और सच्चे नेता के रूप में बनायी है जिसको लेकर क्षेत्र का आम नागरिक प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहा है। सड़क शिक्षा सुरक्षा स्वास्थ्य तथा अन्य सुविधाओं के लिए सदैव तत्पर सदर विधायक ने अपनी कर्मठता और ऊजार्वान व्यक्तित्व की बदौलत प्रदेश सरकार की योजनाओं को विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत अमली जामा पहनाना उनकी प्राथमिकता में शामिल हैं जिसका सम्पूर्ण लाभ सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता को मिल रहा है तथा कर्तव्य निष्ठा और सच्चे सरोकार की बदौलत विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश सरकार की पहल सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सर्वोपरि है।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर मोड पर अपनी बुआ के घर जा रहा एक 28 वर्षीय युवक की बाइक में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया और गंभीर दशा में घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े, तत्काल घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लादकर उसे सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना हरचंदपुर क्षेत्र के गांव अडोबर पोस्ट चैहनिया का रहने वाला अमरीश मिश्रा (28) पुत्र उमेश मिश्रा शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ढ़ेकवा पहाड़पुर गांव अपनी बुआ के यहां जा रहा था। जैसे ही वह हसनपुर मोड़ के पास पहुंचा, सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर होकर सड़क पर बाइक समेत गिर गया और उसके जबड़े फटगए। स्थानीय लोग दौड़े, तत्काल घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायल को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार होता न देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# गोष्ठी में कवियों ने पढ़ीं अपनी-अपनी रचनाएं

**अमेठी** ।रविवार को अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से स्थानीय डाक बंगले में मासिक कवि गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी एवं गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा पर पूजा, अर्चना एवं माल्यार्पण तथा अमर बहादुर सिंह 'अमर' की वाणी वंदना से हुआ। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुंज बिहारी मौर्य 'काका श्री' ने पढ़ा रीति-रिवाज, आदर, सत्कार सब भरा बा, कइसे कह्या हे बाबू गउंवा मा काव धरा बा। अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान अमेठी डॉ अर्जुन पाण्डेय ने पढ़ा माया नगरी मा फसा दुखिया सबै संसार, ढ़ृढ़त वोका जगत मा कइसेन लागे बेड़ा पार।रामेश्वर सिंह 'निराश' ने पढ़ा सपने मा न इ केहू सोचे रहा पहलगाम मा ऐसी घटे घटना, जे देश कै सीस झुकावत बा, ओके सीस जरूरी है कटना। अमर नाथ गुप्ता बेजोड़ ने पढ़ा कहीं ऐसा न हो लग जाय आग पानी में, कहीं ऐसा न हो मौत आ जाये जवानी में।राम कुमारी 'संस्कृति' ने पढ़ा बारिश की रितु आइ गइल मोरी गोइयां हो, चलौ मिलि जुलिके विरवा रोपाई करी हो। रामबदन शुक्ल 'पथिक' ने पढ़ा तुम बोलो न कोयल बाग मेरे पपिहा तुहू नाही पिया रट लावा। शब्बीर अहमद सूरी ने पढ़ा समन्दर, समन्दर, समन्दर है दुनिया, जो पैदा हुई इसके अन्दर है दुनिया। ज्ञानेन्द्र पाण्डेय अवधी मधुरस ने पढ़ा बेरि केरि कयि संगु निभै ना, अन्धि भक्ति दिनु चारि सरै ना। जगदम्बा तिवारी 'मधुर' ने पढ़ा यहि सावन न अउब्या साजन छपवाइ देब अखबार मा, खाई जहर मरि जाबै येक दिन संइयां तोहरे पियार मा। फतेहबहादुर सिंह ने पढ़ा दुश्मन को यह तो दिल में ठहरने देती, अन्दर जो लगी है उसे बुझने नही देती। सुरेश चन्द्र शुक्ल 'नवीन' ने पढ़ा प्यासी अंखियां राह निहारे कैसे दरस दिखाओगे, परदेशी कब आओगे।अजय अनहद ने पढ़ा मतलब से जब काम निकलने लगते हैं, कड़वे फल भी मीठे लगने लगते हैं ।अमर बहादुर सिंह अमर ने पढ़ा दिल हमारा समुंदर का पानी नही, जान पहचान बिन मेहरबानी नही ।कवि गोष्ठी में कवियों ने अपनी रसभरी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि गोष्ठी में डॉ अंगद सिंह , अम्बरीष कुमार मिश्र, संतोष श्रीवास्तव, कैलाश नाथ शर्मा, डॉ अभिमन्यु कुमार पाण्डेय एवं एस पी मिश्रा आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही ।कवि गोष्ठी का संचालन प्रख्यात कवि समीर मिश्र ने किया।

## सपा से निष्कासित राकेश प्रताप के समर्थकों ने लगाये पोस्टर, लिखा जहां आप, वहां हम

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित विधायक राकेश प्रताप सिंह को लेकर अमेठी जनपद की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के जामों, नंदमहार और मुसाफिरखाना इलाकों में स्थानीय लोगों ने राकेश प्रताप सिंह के समर्थन में पोस्टर लगाए हैं। इन पोस्टरों में लिखा गया है, जहां आप, वहां हम-पूर्ण समर्थन, जय राकेश। राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग को लेकर विवादों में आए विधायक राकेश प्रताप सिंह को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाल ही में पार्टी से निष्कासित कर दिया था। उनके साथ विधायक मनोज पांडेय और अभय सिंह को भी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया था। विधायक को पार्टी से निकाले जाने के बाद उनके सियासी भविष्य को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया था। इस बीच स्थानीय लोगों का समर्थन खुलकर सामने आने लगा है। मुसाफिरखाना कस्बे, हाईवे किनारे और नंदमहार गांव में लगाए गए इन पोस्टरों ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है। जानकारी के मुताबिक विधायक राकेश प्रताप सिंह अब भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में पूरी तरह सक्रिय हैं। हालांकि, ग्रामीणों का यह समर्थन आगामी चुनावों में कितने वोटों में तब्दील होगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। फिलहाल, अमेठी की सड़कों पर लगे ये पोस्टर चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। फिलहाल सोमवार को पार्टी से निकाले जाने के बाद विधानसभा आगमन पर उनके कार्यकताओं द्वारा इन्हौना जगदीशपुर मुसाफिरखाना नंदबहार गौरीगंज मुख्यालय स्थित निरीक्षण भवन में कार्यक्रम के बाद समापन होगा।

## नहीं रहे अखबार जगत के पितामह अभिकर्ता, पत्रकार राम सुरेश सिंह



**रायबरेली।** रायबरेली के सरेनी थाना क्षेत्र के बंडई गांव निवासी राम सुरेश सिंह का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। श्री सिंह अखबार जगत के पितामह अभिकर्ता व पत्रकार के रूप में लम्बे समय से जुड़े रहे। श्री सिंह अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, आज, स्वतंत्र भारत, हिन्दुस्तान, जनसंदेश टाइम्स, एनबीटी जैसे दर्जनों अखबारों के सकुर्लेशन में अहम भूमिका निभाई थी। 19 वर्ष की आयु में गांव छोड़कर नौकरी की तलाश में वे लखनऊ पहुंचे। कई जगहों पर उन्होंने प्राइवेट संस्थानों में नौकरी की। लेकिन कहीं पर भी वह सहज नहीं दिखे। उसके बाद वे अमर उजाला कानपुर के संपादक व प्रबन्धक कमलेश दीक्षित के सम्पर्क में आयें। धीरे-धीरे कमलेश दीक्षित उन्हें भाई की तरह मानने लगे। उनकी वजह से ही उन्होंने अखबारी दुनिया में प्रवेश किया और देखते ही देखते वे अभिकर्ता के रूप में लखनऊ में अपनी एक अलग पहचान बना ली। किसी भी संस्थान का प्रबन्ध तंत्र उन्हें अपने अखबार से जोड़ने के लिये हर समय प्रयासरत रहता था। श्री सिंह ने 50 वर्ष पूर्व लखनऊ में विभिन्न समाचार पत्रों में अभिकर्ता के रूप में काम शुरू किया था। शनिवार को गेगासों गंगा तट पर उनके पार्थिव शरीर का अन्तिम संस्कार किया गया। भाई जयचन्द्र सिंह ने मुखाग्नि देकर उन्हें अन्तिम विदाई दी। इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य व पत्रकारों सहित सैकड़ो लोगों ने श्री सिंह को नम आंखो से श्रद्धांजलि अर्पित की एवं इस दुःख की घड़ी में उनके दुःखी परिवार को सांत्वना दी। श्री सिंह अपने पीछे पत्नी रमा सिंह, दो पुत्रियां रेखा व पिंकी को पीछे छोड़ गये है।

## एलएलबी प्रवेश परीक्षा में यशांशी प्रदेश टॉपर

**रायबरेली।** विधि स्नातक की प्रवेश परीक्षा (एलएलबी) में मेडिकल स्टोर संचालक की बेटी यशांशी अवस्थी प्रदेश की टॉपर बनी है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने जनपद का नाम गौरवान्वित करने वाली छात्रा को शुभकामनाएं देकर उत्साह वर्धन किया। वहीं शिव परिवार ने छात्रा सहित माता पिता का सम्मान किया। कस्बा के रघुवीरगंज बाजार निवासी व्यवसायी, समाजसेवी आशीष अवस्थी की पुत्री यशांशी अवस्थी ने 13 जून को इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लखनऊ के सिटी मार्डन अकाडमी में विधि स्नातक की प्रवेश परीक्षा दी। एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में यशांशी अवस्थी ने 300 के सापेक्ष 196 अंक हासिल करके प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। कुशाग्र बुद्धि की यशांशी ने दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा हासिल की। न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज महराजगंज से बीए किया। यशांशी को बचपन से भाषण, वाद विवाद, कविता, निबंध लिखने का हुनर रहा हैं। नेहरू युवा केंद्र द्वारा जनपद स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में यशांशी को प्रथम, द्वितीय स्थान, मंडल स्तरीय युवा उत्सव में कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। विगत वर्ष जनवरी के महीने में सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा पुणे महाराष्ट्र में सम्पन्न हुए मेक इन इंडिया कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला। लेकिन बड़ी बहन श्रेयांशी के वैवाहिक समारोह के चलते यशांशी कार्यक्रम में भाग नहीं नहीं ले पायीं। कविता, भाषण लेखन के शुरूआती दौर में मिली सफलता से यशांशी बढ़ गया। जिससे कानून की पढ़ाई करने की प्रेरणा हासिल हुई। मूल रूप से गुलूपुर गांव के निवासी मेडिकल के व्यवसाय और समाज सेवा से जुड़े छात्रा के पिता आशीष अवस्थीपरा स्नातक, मां सुधा अवस्थी स्नातक हैं। मां बाप ने भी बिटिया का हौसला बढ़या। यशांशी के बाबा गंगाधर अवस्थी और मां सुधा अवस्थी गुलूपुर की प्रधान रह चुकी हैं।

**दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर यशांशी ने पायी सफलता**

दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर यशांशी अवस्थी ने आखिरकार सफलता की इबारत लिख दी हैं। शिव परिवार के सदस्य अनूप अवस्थी, बाबा आलोक सिंह, सतीश मिश्र, हिमांशु सिंह, आयुष अवस्थी, विक्रम चैरसिया, विनीत त्रिपाठी, अविनाश मिश्र आदि ने यशांशी अवस्थी, पिता आशीष अवस्थी, मां सुधा अवस्थी को फूल माला भेंटकर स्वागत, सम्मान किया।

# पीएमश्री विद्यालयों में स्थापित होंगी एआई व रोबोटिक्स लैब

पवन कुमार शर्मा

**सुलतानपुर।** जिले के चयनित पीएमश्री विद्यालयों में अब छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स और स्पोकन इंग्लिश जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस प्रयोगशालाओं का लाभ मिलेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि यह योजना समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के उत्कृष्ट पीएमश्री विद्यालयों में लागू की जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य छात्रों को 21वीं सदी की स्किल आधारित और तकनीकी शिक्षा से जोड़ना है, जिससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्र के विद्यार्थी भी तकनीकी दुनिया की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। एआई आधारित यह प्रयोगशाला ह्यस्पोकन एंड हब मॉडलह्ल पर आधारित होगी, जहां शिक्षक और छात्र दोनों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए जनपद के ऐसे पीएमश्री विद्यालयों का चयन किया जाएगा, जिसमें कम से कम दो अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध हों, बेहतर भौतिक सुविधाएं, बिजली, इंटरनेट, सुरक्षा और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था हो। इस पहल को ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के लिए एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है, जो विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी दृष्टि से सक्षम बनाएगा बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर करने में भी मदद करेगा। जिला शिक्षा विभाग ने सभी बीईओ को निर्देशित किया है कि योग्य विद्यालयों का चयन शीघ्र करें ताकि जल्द से जल्द छात्रों को इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## पेयरिंग नीति को लेकर शिक्षकों और अभिभावकों में आक्रोश

**सुलतानपुर ।** प्रदेश सरकार की ह्यपेयरिंग नीतिह्ल के अंतर्गत 50 से कम नामांकन वाले परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को समीपवर्ती स्कूलों में समायोजित करने की प्रक्रिया को लेकर जनपद में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। इस नीति से बच्चों की पढ़ाई, पहुंच और भविष्य को लेकर अभिभावकों और शिक्षकों में गहरी चिंता व्याप्त है। इसी संदर्भ में रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपदीय संयुक्त कार्य समिति की वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मांडलिक संगठन मंत्री व जनपदीय अध्यक्ष दिलीप पांडेय ने की। बैठक में तय किया गया कि 30 जून को जनपद के सभी ब्लॉकों में ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावकों की संयुक्त बैठक आयोजित कर जमीनी स्तर पर स्थिति की समीक्षा की जाएगी। जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व को लगातार शिक्षकों और अभिभावकों से विरोध के संदेश मिल रहे हैं। कई अभिभावकों ने बच्चों के स्कूल दूर होने पर उपस्थिति और सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के निदेर्शानुसार ग्राम स्तरीय बैठकों में बच्चों की उपस्थिति, विद्यालय की भौगोलिक स्थिति और अभिभावकों की राय पर आधारित एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। यह रिपोर्ट संगठन के प्रांतीय नेतृत्व को भेजी जाएगी, जो आगे की रणनीति तय करेगा कि पेयरिंग व्यवस्था का समर्थन किया जाए या विरोध। वर्चुअल बैठक में जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव, संयुक्त मंत्री प्रशांत पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष राम बहादुर मिश्र, अंजनी शर्मा, अनिल यादव, राजबख्श मौर्य, गोमती मिश्र, केदारनाथ दूबे सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।

## भाजपाइयों ने लिया डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वें बलिदान दिवस के अवसर पर जिले के 1991 बूथों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

- **भाजपाइयों ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत हर बूथ किया पौधरोपण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम के 123वें एपिसोड को सभी बूथों पर डिजिटल माध्यम से सुना गया। साथ ही ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान के तहत हर बूथ पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने नगर के बूथ संख्या 269 पलटन बाजार पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बूथ अध्यक्ष शिवम रावत के नेतृत्व में ह्यमन की बातह्ल सुनी, डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी और पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी सहित कई पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। इस अवसर पर गोष्ठियां, विचार-विमर्श और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई पहलें की गईं।

## शहर में इमामबाड़ा मीर वाहिद अली से निकला तीसरी मोहर्रम का जुलूस

**सुलतानपुर।** शहर में रविवार शाम खैराबाद स्थित इमामबाड़ा मीर वाहिद अली से तीसरी मोहर्रम का जुलूस बरामद हुआ। जिसमें अंजुमन गुंचए मजलूमिया ने नौहा मातम किया। जुलूस की मजलिस को सम्बोधित करते हुए मौलाना ने इमाम हुसैन के दोस्त हजरत हबीब इब्ने मजाहिर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा हबीब इब्ने मजाहिर कूफे में थे और हुसैन इब्ने अली कर्बला पहुंच गए थे। जब यजीद का लश्कर मैदाने कर्बला में आना शुरू हुआ तो इमाम हुसैन ने हबीब इब्ने मजाहिर को खत लिखखा हबीब हम यहां दुश्मनो के बीच में घिर गए हैं हमारी मदद को पहुंचो। इसके बाद 85 साल के हबीब ने कर्बला पहुंच कर हुसैन की मदद में अपनी जान कुर्बान किया। जुलूस इलाहाबाद रोड से होते हुए खैराबाद में इमामबाड़ा मरहूम अली नजीर पर समाप्त हुआ। यहां डॉ. नैयर रजा, नसीम हुसैन, मो.हैदर, शकेब कासिम, अली जाफरी, अनवार हैदर, नासिर जैदी आदि मौजूद रहे।

## एनटीपीसी के सौजन्य से नौकरी पाकर खिल उठे ग्रामीण युवा

**रायबरेली।** नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी ऊँचाहार परियोजना के आस पास के गांवों के युवक और लड़कियों को जब जॉब ऑफर लेटर मिला तो उनकी बांछे खिल उठी और सभी लाभार्थियों ने एनटीपीसी के प्रति दिल से आभार जताया। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट) के माध्यम से ऊँचाहार परियोजना के आसपास के युवा एवं युवतियों को प्लास्टिक प्रोसेसिंग का छह महीने का कौशल विकास प्रशिक्षण दिला कर देश की विभिन्न नामी कंपनियों में इन अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट करवाया गया।

इन युवाओं को ऑफर लेटर तथा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देने के लिए एनटीपीसी ऊंचाहार में एक समारोह आयोजित किया गया। जहां लाभार्थियों को कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव तथा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव अन्य महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, यूनियन व एसो. के अध्यक्ष व संबंधित ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में ऑफर लेटर देकर उनके उज्ज्वल भविष्य तथा आत्मनिर्भर जीवन को नए पंख दिए गए। परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि वे जहां भी काम करे अपना शतप्रतिशत योगदान देकर स्वयं का और एनटीपीसी का नाम रोशन करें। सीपेट के कौशल विकास विभाग के प्रमुख के पी सिंह ने प्रशिक्षण संबंधी प्रेरणादायक जानकारी दी और एनटीपीसी द्वारा युवाओं के रोजगार के लिए किए जा रहे कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम को ग्रामप्रधानों, कर्मचारी नेताओं ने भी संबोधित किया तथा लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं। सी एस आर विभाग की वरिष्ठ प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा उपमहाप्रबंधक विनायक प्रकाश शॉ ने अभ्यगतों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भाजपा नेता सहित एक अन्य खिलाफ शांति भंग में की कार्यवाही

**लालगंज, रायबरेली।** महेश नगर मुहल्ले में भूमि विवाद को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों को शांतिभंग में पाबंद किया है। महेशखेड़ा मुहल्ला निवासी भाजपा के पदाधिकारी ब्रम्हेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि वह शनिवार को अपनी पुस्तैनी जमीन पर निर्माण करा रहे थे। तभी वहां झबरा गांव निवासी ब्रज बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू आ गए और उस भूमि को अपनी बताते हुए विवाद करने लगे। मामला बढ़ने पर वहां पुलिस पहुंच गयी और दोनो पक्षों को कोतवाली ले आयी। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि दोनों लोगों के विरूद्ध शांति भंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी है। वहीं भाजपा नेता का कहना है तहसील के अधिकारियों के द्वारा जमीनी विवाद का निस्तारण नहीं किया जा रहा है।

## बढ़ती उम्र बुजुर्ग नहीं, अनुभव का परिचायक है : डॉ. जे.पी. सिंह

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** नगर पंचायत लंभुआ के सर्वोदय नगर स्थित एक निजी मैरिज लॉन में रविवार को कुटुंब प्रबोधन (काशी प्रांत) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान समाज में अनुभव और संस्कारों की धरोहर माने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर उन्हें समाज में उनके योगदान के लिए सराहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान देवी सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जे.पी. सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ह्लबढ़ती उम्र का अर्थ बुजुर्ग होना नहीं, बल्कि वरिष्ठ नागरिक बनना है, क्योंकि उनके पास जीवन का अमूल्य अनुभव होता है। उन्हें सम्मान और मार्गदर्शन का केंद्र मानना चाहिए। डॉ. सिंह ने भारतीय संस्कृति की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ह्लहमारे यहां चंद्रमा को चंदा मामा और धरती को माता कहा गया है। इसी प्रकार कुटुंब यानी परिवार भी एक जीवंत संस्था है, जिसमें संस्कारों की नींव रखी जाती है। बच्चों में संस्कार भरना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। पूर्व प्रधान देवी सिंह ने कार्यक्रम के आयोजक व पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रमोद सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि ह्यलंभुआ में इस तरह का वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। अब यह एक आंदोलन के रूप में जिले और प्रदेश भर में आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र पाल ने किया। इस मौके पर छत्रपाल तिवारी, डॉ. रामअभिलाष तिवारी (पूर्व ब्लॉक प्रमुख), समर बहादुर सिंह, रविकर सिंह, दिनेश सिंह, वीरू सिंह, संजय सिंह, विनोद सिंह, अमर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## बाजार गये युवक की बाइक चोरी

सरहरी,गोरखपुर। गुलरिहा थाना अन्तर्गत सरहरी चौकी क्षेत्र के महराजगंज चौराहा स्थित बाजार मे शनिवार को सब्जी लेने गए युवक की बाईक चोरी हो गई। काफी तलाश करने के बाद पीड़ित ने रविवार को सरहरी चौकी पुलिस को लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत दिया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। महराजगंज जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के बरवा नर्सरी गांव निवासी अजय साहनी ने रविवार को सरहरी चौकी पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि शनिवार शाम को महराजगंज चौराहा के बगल में बाजार के बाहर बाईक खड़ी कर बाजार में सामान लेने गया था।वापस आया तो बाईक गायब थी। काफी तलाश करने पर नहीं मिला उक्त बाजार के बाहर से इसके पहले भी कई बाइक गायब हो चुकी है जिसका आज तक कोई सुराग नही मिला है।

## नाबालिग किशोरी से शारीरिक संबंध बनाने वाला मामा गिरफ्तार

सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गाँव में अपनी नानी के घर आई एक नाबालिग किशोरी को रिस्ते में मामा लगने वाला युवक रात के अंधेरे में जबरजस्ती सम्बन्ध बना लिया। पीड़िता के शोर मचाने पर नानी ने इसकी लिखित सूचना चिलुआताल पुलिस को दी। पुलिस तहरीर के आधार पर बी एन एस की धारा 65 ( 1 ) व 4 ( 2 ) पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नाबालिक किशोरी के परिजनो ने शनिवार को चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरी चौदह वर्षीय बेटी जो अपनी नानी के घर हमीदपुर तेनुही आई थी। जहां रिस्ते का मामा लगने वाला युवक जबरन मेरी पुत्री के साथ जबरन बलात्कार कर दिया। मेरी बेटी के शोर मचाने पर आरोपी जय कुमार पुत्र रामजी निवासी हमीदपुर तेनुही फरार हो गया। जिसे थाना प्रभारी अतुल कुमार श्री० ह० का० अजय नारायण सिंह व आरक्षी राहुल यादव ने स्पोर्ट कालेज चौराहे से गिरफ्तार कर बिधिक कार्यवाही करते हुये मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जहाँ से जेल भेज दिया गया।

## बसपाइयों ने किया चौरीचौरा में समीक्षा बैठक

चौरीचौरा, गोरखपुर। बसपाइयों ने रविवार को विधानसभा चौरीचौरा के सभी बूथों और सेक्टरों का समीक्षा बैठक चौरीचौरा स्थित एक मैरेज हाल में किया ।बैठक मे कार्यकताओं से पार्टी के संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदल राम, तथा विशिष्ट अतिथि चौरीचौरा के पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र पांडेय और विधानसभा अध्यक्ष सुनील कुमार भारती रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने पार्टी के रीतियों नीतियों पर वृहद रूप से चर्चा किया। तथा कार्यकताओं को एक जुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील किया। विशिष्ट अतिथि तथा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विरेन्द्र पाण्डेय ने भी पार्टी के रीतियों नीतियों पर लम्बी चर्चा किया। उक्त अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष रामनगीना प्रजापति, महासचिव अजय निषाद, अजय प्रताप निषाद, श्रीनिवास, पूर्व बामसेफ संयोजक भीष्म प्रसाद, पूर्व जिला प्रभारी ब्रह्मानन्द पासवान, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सत्यनारायण प्रधान, वर्तमान प्रधान विनीत कुमार गौतम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बेचू बौद्ध सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# प्रेरणादायक है डॉ. मुखर्जी का बलिदान : महापौर



मथुरा। भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा महानगर के 874 बूथों पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी माल्यार्पण कर 156 शक्तिकेन्द्रों पर सुना गया प्रधानमंत्री मोदी के 123 वें एपिसोड मन की बात कार्यक्रम।

महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया भारत के एकता और अखंडता के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिस प्रकार से अपने प्राणों का बलिदान दिया, वह इतिहास का अमर अध्याय है। वहीं उन्होंने कहा आज भी हर राष्ट्रभक्त के हृदय में गूंजता है। डॉ. मुखर्जी के विचार हमें यह सिखाते हैं कि राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प होना चाहिए। हमें उनके विचारों को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाना है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत के संकल्प में डॉ. मुखर्जी के विचारों की छाया स्पष्ट दिखती है। आज बूथ स्तर पर हो रहे वृक्षारोपण और मन की बात जैसे कार्यक्रम सामाजिक चेतना और संगठन की जड़ें मजबूत कर रहे हैं।

वहीं कृष्णा नगर मंडल अंतर्गत आजमपुर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 86 पर भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने गांव की चैपाल में पहुंचकर स्थानीय जनता की समस्याएं सुनीं और केंद्र सरकार की योजनाओं पर संवाद किया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम को ग्रामीणों के साथ सुनते हुए महानगर अध्यक्ष ने सभी से मोदी जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महानगर मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी पार्षद अंकुर गुर्जर बृजेश अहेरिया महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा मंडल अध्यक्ष अनीश वर्मा मनोज सौरोठ सेक्टर संयोजक विनोद पांडे बूथ अध्यक्ष अतुल गुर्जर अध्यक्ष विकास सोनी, विष्णु पांडेय अंकित प्रजापति रोहित रावल पार्षद अंकुर गुर्जर तथा बृजेश अहेरिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि बूथ संख्या 83 पर महापौर विनोद अग्रवाल ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वहीं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए

इस अवसर पर बृज क्षेत्र विधि प्रकोष्ठ संयोजक रामकिशन पाठक, महापौर प्रतिनिधि अंकुर अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष बब्लू और प्रमोद बंसल की उपस्थिति रहे।

## दूध के पैसों के लेन-देन में खूनी संघर्ष लाठी-डंडों से हुई मारपीट, पांच गंभीर

पिनाहट (आगरा)। थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव रैपुरा भदौरिया में दूध के पैसों के लेन-देन को लेकर शुरू हुआ विवाद उस वक्त खूनी संघर्ष में बदल गया, जब दो पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले गाली-गलौज, फिर देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। हिंसक झगड़े में दो बुजुर्ग और तीन महिलाओं समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना का कारण बना मामूली लेन-देन बना। रामतेज नामक ग्रामीण ने आरोप लगाया कि उसके पिता ने दूध के बकाया पैसों की बात की थी, इसी पर दूसरे पक्ष के लोगों ने उसके मां-पिता से धक्का-मुक्की की और इसके कुछ देर बाद फिर हमला बोल दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के लक्ष्मण सिंह ने दावा किया कि दोनों पक्षों का हिसाब-किताब हो चुका था, कुछ पैसे शेष थे, जिसे सोमवार को देने की बात तय हुई थी, बावजूद इसके रामतेज पक्ष के लोगों ने उनके बेटे को घेरकर पीटना शुरू कर दिया। बचाने गए तो उन पर भी लाठियों से वार किया गया। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, दोनों पक्षों के घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। सभी घायलों को पिनाहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को आगरा के हायर सेंटर रैफर किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन ने रौंदी बाइक, पति-पत्नी की मौत

मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र अंतर्गत रविवार को आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे पर पुराने एआरटीओ ऑफिस के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। जिससे दंपति की मौत हो गई। महावन थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी हरिश्चंद्र (52) अपनी पत्नी ममता (50) के साथ दवाई लेने मथुरा जा रहे थे। रविवार सुबह करीब 10 बजे यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद दोनों हाईवे पर गिर गए। अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हाईवे थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के बेटे मोहित ने बताया कि उनकी मां के घुटनों में लंबे समय से दर्द था। इसका इलाज मथुरा के अस्पताल में चल रहा था। उनके पिता राया स्थित एक मधु डेरी में फील्ड ऑफिसर की नौकरी करते थे। परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंच गए।

## भाजपाइयों ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना



फिरोजाबाद। रविवार को केंद्र एवं प्रदेश संगठन की अपेक्षानुसार भाजपा फिरोजाबाद जिला के सभी 1248 बूथों पर 23 जून 2025 से 6 जुलाई 2025 तक चलने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं जन्मदिन अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान महीने के अंतिम रविवार को 11 बजे लाइव प्रसारित होने वाले देश के प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 123 वें संस्करण को अपने अपने बूथ पर सुना। जिले के सभी वर्तमान व निवर्तमान जनप्रतिनिध पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला व मोर्चों के जिला पदाधिकारी सभी प्रकोष्ठों के जिला संयोजक व सह संयोजक, सभी मंडलों के अध्यक्ष प्रभारी मंडलों के पदाधिकारी मंडलों के मोर्चों के अध्यक्ष व पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक व शक्ति केंद्र प्रभारी, सभी 1248 बूथ अध्यक्ष व बूथ की कार्यकारिणी अपने बूथ पर रहकर मन की बात का लाइव प्रसारण सुनकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इन कार्यक्रमों के पश्चात उक्त सभी ने अपने बूथ पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 10-10 पौधे रोपित कर उक्त सभी कार्यक्रमों के चित्र विवरण सहित सरल ऐप पर भारी संख्या में अपलोड किये। इसी श्रृंखला में भारतीय जनता पार्टी फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने पारसनाथ कोल्ड स्टोरेज टूंडला के बूथ संख्या 168 पर रहकर मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुना व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित कार्यकताओं के समक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विषय रखा। कार्यक्रम के पश्चात पारसनाथ कोल्ड स्टोरेज के स्वामी राजीव जैन बबलू व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद रूप से पौधारोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा योगेंद्र सिंह चौहान, अभियान के संयोजक शिव शंकर शर्मा, सह संयोजक वीरेन्द्र प्रताप सिंह, नवीन जैन, संजय जैन लालजी, धीरज सिंह आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## थाना नगला सिंघी क्षेत्र में खनन अधिकारी ने की छापामारी

टूंडला। थाना नगला सिंघी क्षेत्र जनपद में मिट्टी खनन का हब बना हुआ है, क्षेत्र में पुलिस के संरक्षण में बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन हो रहा है, खनन माफियाओ के लिए यमुना का यह बीहड़ क्षेत्र मुफीद है, जहां रात के अंधेरे में बीहड़ में चलता है खनन, शुक्रवार रात को अवैध खनन रोकने के लिए यमुना के तलहटी के गाँवो में खनन अधिकारी ने छापामार कार्रवाई की। हालांकि अभियान के दौरान खनन माफिया हाथ नहीं लगे। थाना नगला सिंघी के अंतर्गत गांव रसूलाबाद बजहेरा, नियामतपुर, ग्वारई, नगला काले कुतुकपुर व नगला नंदा आदि क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। मुखविर की सूचना पर खनन अधिकरी मुफ्तलाल ने छापामार कार्रवाई की। बजहेरा गाँव के बाहर खेतों में खनन माफियाओं में भगदड़ मच गई। वह ट्रैक्टर-ट्राली लेकर भाग निकले। सूत्रों ने बताया कि कुछ ट्रैक्टर-ट्रालियों को डायल 112 नंबर पुलिस ने सूचना देकर भगा दिया, पुलिस की शरण में माफियाओ का कारोबार खूब फल फूल रहा है, जहां से खनन कारोबारी बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन कर महंगे दामों पर जरूरत मंद व बिल्डरों को मिट्टी सप्लाई कर मुनाफा कमा रहे हैं। बीहड़ क्षेत्र में हो रहे मिट्टी खनन में प्रशाशन की कार्यवाही में कई बार अवैध डंपर ट्रैक्टर जेसीबी मशीनें पकड़ी गई हैं, इसके बावजूद यहां खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है, अभी दो दिन पहले ही रात को खनन में लगे एक तेज रफ्तार डंपर ने टूंडला विधायक की गाड़ी को चपेट में ले लिया था गाड़ी में विधायक जी परिवार सहित कहीं जा रहे थे जो बाल बाल बचे, जिस पर विधायक जी ने खुद एक वायरल कॉल रिकॉर्ड ऑडियो में कहा कि अधिकारियों की शरण में खनन माफिया कर रहे हैं बड़े पैमाने पर खनन, वहीं खनन अधिकारी ने बताया कि खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## आगरा में 6 लोग मिट्टी की ढाय में दबे चार की मौत, 2 की हालत नाजुक

आगरा। राजस्थान बॉर्डर से पीली मिट्टी भरने गए आगरा के एक ही परिवार के चार लोगों पर उस वक्त मौत टूट पड़ी, जब चंबल नहर परियोजना की पाइपलाइन के लिए की गई खुदाई में 10 फीट गहरे गड्ढे में मिट्टी की ढाय इन लोगों पर गिर पड़ी। हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के गांव उत्तू निवासी थे। घटना आगरा के फतेहपुर सीकरी-भरतपुर जिले के थाना गहनौली क्षेत्र के गांव जंगी के नगला के पास रविवार सुबह साढ़े आठ बजे उस समय हुई जब चंबल नदी से डीग तक नहर परियोजना के लिए की गई दस फीट गहरी खुदाई में लोग चोरी-छिपे पीली मिट्टी भरने के लिए उत्तू गांव के दस लोग गये हुए थे। इनमें से छह लोग दस फीट गहरे गड्ढे में उतरकर पीली मिट्टी भर ही रहे थे कि अचानक मिट्टी की टनों वजनी ढाय इन सबके ऊपर आ गिरी, जिसमें ये सभी दब गये। यह हादसा होने के बाद किसी तरह पुलिस तक सूचना पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर छह लोगों को बाहर निकाला, जिनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। शेष दो घायलों का भरतपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद भरतपुर प्रशासन और पुलिस के अलावा यूपी के फतेहपुर सीकरी से एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई थी। मृतकों की पहचान अनुकूल (22), योगेश कुमारी (25), विनोद देवी (55) और विमला देवी (45) के रूप में की गई है। घायलों मं दिनेश (38) पुत्र नाहर सिंह और जयश्री (50) पत्नी विजेंद्र शामिल हैं। लोगों का कहना है कि जब तक राहत और बचाव कार्य शुरू हुए, तब तक मिट्टी के अंदर दबे चार लोगों की सांसें टूट चुकी थीं। इस हादसे के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। भरतपुर प्रशासन ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मौके की जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि चंबल परियोजना क्षेत्र में बिना अनुमति मिट्टी खनन प्रतिबंधित है, बावजूद इसके आसपास के ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की जाती है। बता दें कि पीली मिट्टी गोबर से लेपन के कार्य में उपयोग में लाई जाती है।

# मोहिनी नगर में नगर निगम ने 30 ढांचों का ध्वस्तीकरण किया



- नगर निगम के अपर नगर आयुक्त ने 4 हजार वर्ग मीटर भूमि कब्जाा मुक्त करायी

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। वृंदावन नगर निगम ने पानीगांव खादर स्थित मोहिनीनगर में ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई की है। यहां निगम की टीम ने 30 प्लॉटों की दीवार एवं ढ़ाचा को ध्वस्त कर चार हजार वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया हैं। जिसकी कीमत लगभग चार करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

नगर निगम वृंदावन जोन के अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक एवं मथुरा जोन से अपर नगर आयुक्त सौरव सिंह के निर्देशन में शनिवार को परिक्रमा मार्ग से सटी पानीगांव खादर स्थित मोहिनी नगर में नगर निगम की गोचारण की भूमि पर लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर लिया है। नगर निगम ने निगम की गोचारण की भूमि को चिह्नित कर 30 लोगों द्वारा वहां ढ़ाचा और चारदीवारी खड़ी कर किए गए कब्जे को बुल्डोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। पुलिस बल और प्रवर्तन दल की टीम के साथ अधिकारियों द्वारा की गई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से मोहिनी नगर में हड़कंप मचा गया। लोगों ने निगम की टीम का छुटपुट विरोध भी किया। लेकिन टीम ने ध्वसतीकरण की कार्रवाई करते हुए निगम की चार हजार वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया है। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक ने बताया कि मोहिनी नगर में लोगों ने नगर निगम की गोचारण भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया था। जिसे चिह्नित कर मुक्त कराया गया हैं। मुक्त हुई नगर निगम की जमीन की कीमत करीब चार करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान सहायक नगर आयुक्त अनुज कुमार कौशिक, आरआइ गंगाराम आदि मौजूद रहे।

## डीआईजी ने त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार में की समीक्षा बैठक



फिरोजाबाद। पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा द्वारा पुलिस लाइन फिरोजाबाद स्थित सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण एवं सिटी सर्किल के सभी थाना प्रभारियों संग आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु एक समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान डीआईजी द्वारा आगामी त्योहारों के संबंध में की गयी तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये कि त्योहारों के समय निकाले जाने वाले जुलूस ताजियों के रूट चेक कर आवश्यकतानुसार व्यवस्थायें सुनिश्चित करें, किसी भी सांप्रदायिक विवाद की सूचना पर तत्काल कार्यवाही कर यथोचित शीघ्र निस्तारण करें, लाउडस्पीकर, मानक सीमा से अधिक आवाज में न चलाये जायें, कोई भी गैर परंपरागत जुलूस नही निकलने दे एवम् बिना अनुमति कोई भी कार्यक्रम आयोजित नही होने दे, परंपरागत जुलूसों में पुलिस बल तैनाती की तैयारियां अभी से सुनिश्चित करें व विशेष ड्यूटि ?ां लगायी जायें, सीसीटीवी कैमरों के संचालन को जांच लें एवम् महत्वपूर्ण संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी रखें, थानावार लंबित विवेचनाओं लंबित एसआर केस की समीक्षा कर विभिन्न अभियोगो में वांछित चल रहे अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें, संवेदनशील स्थलों पर पी.आर.वी. आदि अन्य पुलिस बल के माध्यम से रात्रि गश्त व पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाने व आगामी त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया गया, शांति समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करें एवं जन सहभागिता को प्रोत्साहित करने हेतु आदेशित किया गया, साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं या अफवाहों पर कड़ी नजर रखने हेतु सोशल मीडिया सेल को प्रभावी रुप से सक्रिय बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया, समीक्षा गोष्ठी में एसपी, एएसपी नगर ग्रामीण समस्त क्षेत्राधिकारी प्रभारी निरीक्षक उत्तर दक्षिण रसूलपुर रामगढ़ प्रतिसार निरीक्षक रीडर आशुलिपिक व जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पहले होती कार्यवाई तो बच जाती कृतिका की जान

## अस्पताल में बच्ची की मौत का मामला

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार में मुकेश चाइल्ड केयर क्लीनिक में शनिवार को जुकाम और बुखार से पीड़ित तीन माह की बच्ची को इंजेक्शन लगने से मौत हो गई थी जिसके बाद कोहराम मच गया। मामले में बच्ची की मां सोनी देवी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकेश वर्मा नामक तथाकथित डॉक्टर पर गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया। हालांकि परिजनों का आरोप है कि इलाज करने वाले इंद्रकुमार वर्मा व उसकी पत्नी को पुलिस बचाने में लगी है। घटना के बाद पुलिस ने क्लीनिक के संचालक इंद्र कुमार वर्मा को हिरासत में लिया था ।उसने ही अपनी पत्नी जो डॉक्टर नहीं है उससे बच्ची को इंजेक्शन लगवाया। इंजेक्शन लगते ही बच्ची का शरीर नीला पड़ गया और मुंह से झाग आने लगा इसके बाद उसकी मृत्यु हो गई।

इस मामले में रविवार को पुलिस हाटाबाजार पहुंची और आरोपी चिकित्सक की पत्नी से पूछताछ की। पूछताछ में चिकित्सक कु पत्नी इंदू वर्मा ने बताया कि बच्ची को इंजेक्शन मैंने ही लगाया था। पूछताछ में यह भी बात सामने आई कि वह इंटर तक पढाई की है। उसके पास अन्य डिग्री नहीं है और वह 2005 से ही चिकित्सक का सहयोग करती है। फिलहाल अब पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मृतक बच्ची की मां सोनी ने चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है। नौ वर्ष पहले भी दो शिशुओं कीमौत पर चिकित्सक पर लगा था गलत इलाज का आरोप

लोगों ने बताया कि आरोपी चिकित्सक पर नौ वर्ष पहले भी दो नवजात शिशुओं की ईलाज के दौरान गलत ईलाज करने का आरोप लगा था। जिसमें दोनों नवजात शिशुओं की मेडिकल कालेज में मौत हो गयी थी। घटना के बाद जितेंद्र शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगहा प्रभारी और सीएमओ को तहरीर देकर आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। हलांकि इस मामले में आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कोई कारवाई नहीं हुई थीं।

इसलिए वह बेधड़क होकर सबका ईलाज करता रहा। इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. बीके बर्नवाल ने कहा कि चिकित्सक के दस्तावेज असली है या फर्जी इसकी जांच की जा रही है।

## बेटे के नाम के साथ एमबीबीएस डॉक्टर लिखा बोर्ड लगाकर अस्पताल चला रहा था संचालक

गगहा। गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार में मुकेश चाइल्ड केयर क्लीनिक में शनिवार को जुकाम और बुखार से पीड़ित तीन माह की बच्ची को इंजेक्शन लगने से मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने क्लीनिक के संचालक इंद्र कुमार वर्मा को हिरासत में लिया था। उसने ही अपनी पत्नी जो डॉक्टर नहीं है उससे बच्ची को इंजेक्शन लगवाया। इंजेक्शन लगते ही बच्ची का शरीर नीला पड़ गया और मुंह से झाग आने लगा इसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। हिरासत में लिए गए संचालक का कहना है कि, उसका बेटा मुकेश वर्मा केजीएमयू में अंतिम वर्ष का छात्र है। वहां वह एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। इसीलिए अस्पताल के बोर्ड पर बेटे को एमबीबीएस और एमडी का डॉक्टर बताकर बोर्ड लगवा कर अस्पताल का संचालन करता है। संचालक का बेटा किस तरह की पढ़ाई करता है और कहां पढ़ाई करता है इसकी जानकारी अभी नहीं हो सकी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार देर रात अस्पताल की जांच की तो संचालक के नाम से आयुर्वेद की डिग्री होने का पता चला। यह भी आरोप है कि आयुर्वेद की डिग्री होने के बावजूद एलोपैथिक तरीके से मरीजों का इलाज किया जाता है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग उसकी डिग्री और अस्पताल के यूनानी रजिस्ट्रेशन के कागजात की जांच करवा रहा है। हिरासत में लिए गए संचालक ने कबूल किया कि उसने अपनी गृहणी पत्नी से बच्ची को इंजेक्शन लगवा दिया। संचालक का कहना है कि वह अक्सर मरीजों की इलाज में पत्नी का सहयोग लेता था। पुलिस का कहना है कि संचालक को हिरासत में लिया गया लेकिन अभी जेल भेजने की करवाई नहीं की जा रही है। पुलिस अभी बच्ची के मेडिकल रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

## प्रेममग्न नाग-नागिन की हत्या में तीन पर एफआईआर

आगरा। वो नाच रहे थे, लहरों-सी लहराते हुए... खेतों के किनारे जीवन की एक सौम्य क्रीड़ा में लीन दो सांप यानि नाग और नागिन की जोड़ी। लेकिन मानव क्रूरता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि प्रकृति के प्रेम को हम शायद अब भी समझ नहीं पाए। दो दिन पहले सांप के जोड़े को मारकर जला दिया गया था। अब वन विभाग ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव विप्रावली के पास 26 जून की दोपहर, नहर किनारे खेतों में नृत्य क्रीड़ा करती सांपों की इस जोड़ी पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में स्पष्ट दिखता है कि सफेद रंग के यह दोनों सांप निर्भय होकर अपनी स्वाभाविक क्रिया में मग्न थे। नाग-नागिन का जोड़ा प्राकृतिक लय में थिरक रहा था। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सफेद रंग के दोनों सांप एक-दूसरे से लिपटे हुए हैं और क्रीड़ा की मुद्रा में हैं और आसपास के लोग उत्सुकता से उन्हें देख रहे हैं। तभी हरी सिंह और उसके बेटे प्रमोद व बल्ला ने मिलकर उन पर कहर बरपाया। इन लोगों ने लाठियों से हमला कर कर इन बेजुबान जीवों की जान ले ली। वीडियो में एक महिला की आवाज सुनाई देती है- इन्हें मारना मत..., लेकिन हिंसा का नशा या अंधविश्वास, कुछ भी कहें, तीनों आरोपियों ने निर्दयता की सारी सीमाएं पार करते हुए सांपों की डंडों के प्रहार कर दी और फिर उनके शवों को जला भी दिया। सांपों की जोड़ी किसी को नुकसान नहीं पहुंचा रही थी, फिर भी उन्हें केवल एक भय या कुरीति के आधार पर मारा जाना एक सामूहिक चेतना पर प्रश्नचिन्ह है। सोशल मीडिया पर यह हृदय विदारक वीडियो वायरल होते ही वन विभाग सक्रिय हुआ। वनरक्षक सोनवीर ने अपने साथी सदानंद के साथ मौके पर जाकर जांच की और ग्रामीणों से बातचीत में वीडियो की पुष्टि की।

# चिकित्सा सेवा का ड्रीम डेस्टिनेशन है एम्स गोरखपुर

## पहला दीक्षांत समारोह सोमवार को, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु होंगी मुख्य अतिथि




गोरखपुरण। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित बिहार और नेपाल तक के सीमाई इलाके में रहने वाले लोगों के लिए चिकित्सा सेवा का ड्रीम डेस्टिनेशन (सपनों का गंतव्य या मनचाही जगह) बन चुका है। एम्स गोरखपुर सांसद के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में एम्स के लिए हुए बड़े आंदोलन का प्रतिफल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों शिलान्यासित और लोकार्पित एम्स गोरखपुर सोमवार (30 जून) को अपना पहला दीक्षांत समारोह मनाने जा रहा है जिसमें देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रपति एम्स गोरखपुर के पहले बैच के मेधावियों को पदक प्रदान कर मार्गदर्शक वक्तव्य देंगी। गोरखपुर में एम्स लाने और पूर्वी उत्तर प्रदेश को मेडिकल हब बनाने का श्रेय योगी आदित्यनाथ को है। गोरखपुर में एम्स की स्थापना की मांग करीब डेढ़ दशक तक चली। इसे लेकर 2004 से तत्समय सांसद योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में लंबा जनांदोलन चला था। योगी ने सड़क से लेकर सदन तक पूर्वी उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती के लिए हमेशा आवाज बुलंद की। एम्स को लेकर उनकी मुखरता ही थी कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो उनके जरिये पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों की यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी कर ली गई। प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के बाद 22 जुलाई 2016 को पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत इसका शिलान्यास किया था। इस बीच मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो इसके निर्माण की सारी बाधाएं एक झटके में दूर हो गईं। इन बाधाओं के दूर होने का ही परिणाम रहा कि लोकार्पण से पहले ही 24 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एम्स की ओपीडी का शुभारंभ कर दिया गया था। निर्माण पूरा होने के बाद पीएम मोदी ने ही 7 दिसंबर 2021 को इसका लोकार्पण कर पूर्वी उत्तर प्रदेश में चिकित्सा सेवा की शुरूआत का नया अध्याय लिखा था। इन चार सालों में एम्स गोरखपुर की ख्याति पूर्वी उत्तर प्रदेश, सीमावर्ती बिहार और नेपाल की करीब पांच करोड़ आबादी के लिए संजीवनी सी बन रही है। पिछडेपन का दंश और बीमारू की पहचान। आठ साल पहले तक पूर्वी उत्तर प्रदेश के माथे की लकीरों से यही इबारत लिखी नजर आती थी।त

## डीआइजी ने शांति सुरक्षा के दृष्टिगत पैदल मार्च किया

टूंडला। प्डीआइजी आगरा परिक्षेत्र आगरा द्वारा जनपद फिरोजाबाद भ्रमण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद एवं भारी पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में चाक चौबंद कानून एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर तथा संवाद के जरिये सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये कस्बा टूण्डला में पैदल गश्त मार्च किया, पैदल मार्च के दौरान डीआईजी ने व्यापारी बन्धुओं एवं आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं आदि के बारे मे जानकारी ली तथा समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## युवती को बहला कर भगा ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

टूंडला। लाइनपार क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती 14 जून 2025 रात्रि 10.30 बजे घर से अचानक लापता हो गई थी। युवती के भाई ने अगले दिन गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जानकारी करने पर पता लगा कि युवती को थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव गढ़ी थानी निवासी जोगेंद्र अपने साथ ले गया है। युवती के भाई ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि युवती के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती व आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

संक्षेप

## चीन नहीं जा पाया है प्रतिनिधिमंडल

नयी दिल्ली। भारतीय वाहन उद्योग का प्रतिनिधिमंडल अभी तक दुर्लभ खनिज (चुंबक) के आयात में तेजी लाने के लिए चीन रवाना नहीं हो पाया है। उद्योग सूत्रों का कहना है कि प्रतिनिधिमंडल को अब भी चीन के वाणिज्य मंत्रालय से बैठक के लिए औपचारिक मंजूरी का इंतजार है। पिछले महीने लगभग 40-50 उद्योग अधिकारियों को वीजा मिल गया है, लेकिन वे अब भी इस मामले पर बैठक के लिए चीनी अधिकारियों से औपचारिक मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। घरेलू वाहन उद्योग ने दुर्लभ खनिज की कमी को देखते हुए चीन से इनका आयात बढ़ाने के लिए सरकार से भी समर्थन मांगा है। उन्होंने (चीनी अधिकारियों ने) अब तक कोई समय नहीं दिया है, इसलिए प्रतिनिधिमंडल अभी तक रवाना नहीं हुआ है। स्थिति बदतर हो रही है क्योंकि अभी तक हमें एक भी लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। सूत्र ने कहा कि अगर स्थिति ऐसी ही रही, तो घरेलू वाहन उद्योग को इसकी कमी का सामना करना पड़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन का काफी नुकसान होगा। घरेलू वाहन उद्योग को यह कदम इसलिए उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है क्योंकि चीन की सरकार ने इस साल चार अप्रैल से सात दुर्लभ पृथ्वी तत्वों और चुंबक के निर्यात पर अंकुश लगा दिया है। चीन ने सात दुर्लभ पृथ्वी तत्वों और चुंबक के लिए विशेष निर्यात लाइसेंस अनिवार्य कर दिया है। चीन के पास चुंबक प्रसंस्करण की वैश्विक क्षमता के 90 प्रतिशत से अधिक पर नियंत्रण है।

## सुरक्षा के लिए नकली हेलमेट पर सख्ती जरूरी

नोएडा। 25वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा एवं सर्वोत्तम प्रथाएं पर कार्यशाला आयोजित हुई। यह दो दिवसीय सम्मेलन ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मोटर व्हीकल डिपार्टमेंट टेक्निकल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर्स एसोसिएशन और ट्रांसपोर्ट रीजनल इंस्पेक्टर्स सर्विस एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। 'मिशन सेव लाइव्स' के माध्यम से सड़क सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसे यूएन और डब्ल्यूएचओ के साथ साझेदारी में चलाया जा रहा है। इसका स्पष्ट है कि बिना और नकली हेलमेट से जुड़ी मौतों को रोकना। लापरवाह व्यवहार जैसे रेड लाइट कूदना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, और ओवरस्पीडिंग पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। भारत में हेलमेट की भारी कमी है बाजार में लगभग 50% हेलमेट नकली हैं।

## एनएलसी को मिला हाइब्रिड बिजली परियोजना का आवंटन पत्र

चेन्नई। एनएलसी इंडिया लिमिटेड को राजस्थान में 450 मेगावाट की अंतर-राज्य पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) कनेक्टेड पवन-सौर हाइब्रिड बिजली परियोजना की स्थापना के लिए एनटीपीसी लिमिटेड से आवंटन पत्र मिला है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी है। एनटीपीसी लिमिटेड से प्राप्त ऑर्डर के अनुसार, एनएलसी इंडिया 450 मेगावाट आईएसटीएस कनेक्टेड पवन-सौर बिजली परियोजना की स्थापना करेगी। इस परियोजना से उत्पन्न हाइब्रिड बिजली की आपूर्ति एनटीपीसी लिमिटेड को बिजली खरीद करार (पीपीए) के तहत 25 साल की अवधि के लिए की जाएगी।

## ओबेन इलेक्ट्रिक ने शुरू की 24X7 कस्टमर सपोर्ट हेल्पलाइन



नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक व्हीकल को लेकर लोग अक्सर इसलिए हिचकिचाते हैं क्योंकि उन्हें सर्विस और सपोर्ट मिलने में दिक्कत होती है। इसी परेशानी को दूर करने के लिए ओबेन इलेक्ट्रिक, जो एक रिसर्च और डेवलपमेंट बेस्ड इलेक्ट्रिक बाइक कंपनी है, अपने कस्टमर्स को बेहतर सुविधा देने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा चुकी है। कंपनी ने अब 24X7 कस्टमर सपोर्ट हेल्पलाइन शुरू की है, ताकि ईवी मालिकों को किसी भी समय तुरंत मदद मिल सके। इस पहल के जरिए ओबेन इलेक्ट्रिक यह दिखा रहा है कि वह ईमानदार, भरोसेमंद और पर्सनलाइज्ड आफ्टर-सेल्स सर्विस देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस हेल्पलाइन से कस्टमर्स को किसी भी समय उनकी प्रॉब्लम का समाधान मिलेगा और वह भी समझदार और एक्सपीरियंस रखने वाले एक्सपर्ट्स की मदद से। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कस्टमर्स को हमेशा एक जैसा, अच्छा और भरोसेमंद सपोर्ट मिलता रहे, जिससे उनका भरोसा और संतुष्टि बनी रहे।

# नौ कंपनियों की पूंजी 2.34 लाख करोड़ बढ़ी

एजेंसी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 2,34,565.53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,650.73 अंक या दो प्रतिशत चढ़ गया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 69,556.91 करोड़ रुपये बढ़कर 20,51,590.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों में सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 51,860.65 करोड़ रुपये बढ़कर 11,56,329.94 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 37,342.73 करोड़ रुपये बढ़कर 15,44,624.52 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 26,037.88 करोड़ रुपये बढ़कर 5,88,213.55 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 24,649.73 करोड़ रुपये बढ़कर 10,43,037.49 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,250.87 करोड़ रुपये बढ़कर 6,05,523.65 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का 8,389.15 करोड़ रुपये बढ़कर 7,18,788.90 करोड़ रुपये हो गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने सप्ताह के दौरान 3,183.91 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार पूंजीकरण बढ़कर 12,45,761.80 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 293.7 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,850.99 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 5,494.8 करोड़ रुपये घटकर 6,68,256.29 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

# पाकिस्तानी माल ले जाने वाले जहाजों पर भारत के प्रतिबंध से लागत और समय बढ़ा



इस्लामाबाद। पाकिस्तानी माल ले जाने वाले जहाजों को भारत द्वारा अपने बंदरगाहों पर लंगर डालने से रोकने के कारण माल ढुलाई शुल्क और पारगमन समय में वृद्धि हुई है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद, भारत ने पाकिस्तान से आने या निर्यात होने वाले माल के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर दो मई, 2025 से प्रभावी व्यापक प्रतिबंध लगा दिया। समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी आयातकों ने कहा कि भारतीय प्रतिबंध के कारण माल ढुलाई का समय और शुल्क बढ़ गया है। कराची चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष जावेद बिलवानी ने कहा, भारत की इस कार्वाई के कारण माल ढुलाई वाले बड़े जहाज पाकिस्तान नहीं आ रहे हैं, जिससे हमारे आयात में 30 से 50 दिन की देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि आयातक अब छोटे जहाजों (फीडर वेसल) पर निर्भर हैं, जिससे लागत बढ़ जाती है। निर्यातकों ने भारत द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बाद माल ढुलाई और बीमा लागत में भी वृद्धि की सूचना दी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि निर्यात पर कुल मिलाकर प्रभाव न्यूनतम रहा है। कपड़ा क्षेत्र के निर्यातक आमिर अजीज ने कहा, निर्यात पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है..., बीमा लागत में वृद्धि को छोड़कर। ढुलाई शुल्क में वृद्धि से पहले ही हो चुकी थी। पाकिस्तान के निर्यात मूल्य संवर्धन के लिए आयातित कच्चे माल पर बहुत अधिक निर्भर हैं। सरकार विदेशी मुद्रा को बचाने के लिए आयात पर सख्त नियंत्रण बनाए रखती है, इसलिए आपूर्ति शृंखलाओं में किसी भी व्यवधान का व्यापक आर्थिक प्रभाव पड़ता है।

# परिधान मेला में भाग लेंगे भारत के 360 प्रदर्शक, 79 देशों के खरीदार

एजेंसी

नयी दिल्ली। यहां राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले परिधान मेले में भारत के लगभग 360 प्रदर्शक विभिन्न उत्पाद पेश करेंगे। एईपीसी ने रविवार को बताया कि मेले में ब्रिटेन, स्पेन, ग्रीस, इटली, फ्रांस और जर्मनी समेत 79 देशों के खरीदारों के भाग लेने की उम्मीद है।

आईआईजीएफ एक से तीन जुलाई तक आयोजित होगा। एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय परिधान मेला (आईआईजीएफ) में यूरोपीय संघ (ईयू), अमेरिका और अन्य पश्चिमी बाजारों की जरूरतों के हिसाब से तैयार नवीनतम चलन के परिधान पेश किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक ब्रांड धीरे-धीरे भारत से आयात बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही भारत पर्यावरण अनुकूल विनिर्माण पद्धति अपनाने में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। देश का रेडीमेड कपड़ों का निर्यात चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 12.8 प्रतिशत बढ़कर 2.88 अरब डॉलर हो गया है। मेले में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, प. बंगाल और हरियाणा समेत 12 देशों के लोग भाग लेंगे।

# अगले सप्ताह भी दबाव में रहेगा सर्राफा बाजार

नयी दिल्ली। सोना बाजार में अगले सप्ताह भी दबाव रहने की संभावना है क्योंकि निवेशक ब्याज दरों पर फेडरल रिजर्व की संभावित दिशा का संकेत पाने के लिए अमेरिका के व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक राजनीतिक तनाव में कमी आने और शेयर बाजार जैसी जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों में झुकाव से बाजार धारणा सोने जैसी सुरक्षित परिसंपत्तियों से दूर जा रही है। इस बीच अमेरिका का फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में गिरावट को लेकर सतर्क बना हुआ है। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल ने पिछले सप्ताह कहा था कि ब्याज दरों में कटौती संभव है लेकिन तत्काल नहीं होगी। इससे दुनियाभर में सोने की कीमत दबाव में बनी रहेगी। शुक्रवार को एमसीएक्स पर सोना वायदा भाव 1,563 रुपये या 1.61 प्रतिशत घटकर 95,524 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा के शोध विश्लेषक खंड के उपाध्यक्ष जतिन त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण स्थितियों के कम होने से सोने को लेकर धारणा पर दबाव बना है। इससे निवेशकों का रुख सुरक्षित निवेश से शेयर बाजार जैसी जोखिमपूर्ण निवेशों की ओर हो रहा है। त्रिवेदी के अनुसार, सोना आगामी सप्ताह में एमसीएक्स पर 93,000 से 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच रह सकता है।

# सिर्फ आधी योग्य कंपनियों को दूरसंचार विनिर्माण पीएलआई प्रोत्साहन मिला

नयी दिल्ली। दूरसंचार विभाग के आंकड़ों के अनुसार दूरसंचार विनिर्माण से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 42 पात्र कंपनियों में केवल 21 को 31 मार्च, 2025 तक प्रोत्साहन मिला है। दूरसंचार विभाग ने इस साल 31 मार्च तक दूरसंचार पीएलआई योजना के तहत 1,162 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। दूरसंचार पीएलआई योजना एक अप्रैल, 2021 से लागू हुई थी और यह चालू वित्त वर्ष के अंत तक चलने वाली है।

सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में विभाग ने कहा, 31 मार्च, 2025 तक योजना के तहत वितरित कुल प्रोत्साहन 1162.03 करोड़ रुपये है। जानकारी के अनुसार 42 छांटी गई कंपनियों में केवल 21 को ही प्रोत्साहन मिला है, जबकि दो कंपनियों को योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार लक्ष्य हासिल करने में विफल रहने के कारण खारिज कर दिया गया। दूरसंचार विभाग ने कहा कि दो लाभार्थियों कोरल टेलीकॉम लिमिटेड और अल्फियन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आवेदन को पात्रता सीमा मानदंड को पूरा न करने के कारण खारिज कर दिया। नाम न बताने की शर्त पर लाभार्थियों में से एक ने कहा कि कुछ दूरसंचार गियर निर्माता केवल आयातित उत्पादों को अपना लेबल लगाकर बेच रहे थे, जिससे पीएलआई योजना के तहत उत्पादन और मार्जिन प्रभावित हो रहे थे। ब्रॉडबैंड गियर निर्माता के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि योजना की मंशा को प्रभावित करने वाली ऐसी अनैतिक प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए योजना की सख्त निगरानी जरूरी है। सरकार ने इस योजना के तहत कुल 4,115 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन निर्धारित किया था। इस योजना से योजना अवधि के दौरान 2.45 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बिक्री और 44,000 से अधिक अतिरिक्त रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

# वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा अन्य वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, इस सप्ताह भारत और अमेरिका से कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो बाजार की धारणा और केंद्रीय बैंक के परिदृश्य को प्रभावित करेंगे। भारत में सप्ताह की शुरुआत 30 जून को मई के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से होगी। इसके अलावा एक जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे, जिससे भारत के औद्योगिक क्षेत्र और ऑर्डर प्रवाह की स्थिति की जानकारी मिलेगी। इसके बाद तीन जुलाई को सेवा पीएमआई के आंकड़े जारी किए जाएंगे। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के कारण पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में तेज उछाल आया। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,650.73 अंक या दो प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 525.4 अंक या दो प्रतिशत के लाभ में रहा। जैसे-जैसे पहली तिमाही के नतीजों का सत्र नजदीक आ रहा है, निवेशक वृद्धि के रुझानों के शुरुआती संकेतकों के रूप में कंपनियों के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में अमेरिका द्वारा प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ अंतिम रूप दिए जाने वाले व्यापार समझौतों को लेकर भी उत्सुकता बढ़ गई है। इसके साथ बाजार भागीदार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था में सुधार का आकलन करने के लिए अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों के साथ-साथ भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

# अपने स्वर्ण भंडार को 12.5 किलो की सोने की ईंट के रूप में रखता है आरबीआई

नयी दिल्ली। देश में हर घर की तरह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सोने की अहमियत को समझता है। यही कारण है कि वह 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और वर्तमान में यह लगभग 870 टन पहुंच गया है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई पर बने एक वृत्त चित्र में यह जानकारी दी गयी है।




आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। जहां अमेरिका में यह लगभग 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई (दो मई, 2025 की स्थिति के अनुसार चलन में कुल नोट का मूल्य 38.1 लाख करोड़ रुपये) है। यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है। आरबीआई अनलॉक्ड: बियॉन्ड द रुपी शीर्षक से जारी पांच भाग वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर शुरू की गयी है। इसमें पहली बार आरबीआई ने अपने गोल्ड वॉल्ट (तिजोरी) को दिखाया है। वृत्त चित्र में दी गयी जानकारी के अनुसार, केंद्रीय बैंक 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और देश में स्वर्ण भंडार के संरक्षक के रूप में लगभग 870 टन सोना काफी सुरक्षित स्थानों पर रखा है। बहुत कम लोगों को ही सोने की तिजोरियों तक पहुंच है। इस सोने को केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन के स्वर्ण ईंट के रूप में रखा गया है। केंद्रीय बैंक के अधिकारी कहते हैं।

## पेज एक का शेष

### प्रदेश में

बारिश के संकेत हैं। सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, गोंडा, श्रावस्ती, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में। प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में।

### उप्र की खनन

सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कंपोजिट लाइसेंस प्रक्रिया को और तेज किया जाए तथा संभावित खनन क्षेत्रों की अग्रिम पहचान और भू-वैज्ञानिक रिपोर्टों की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि स्पष्ट, पारदर्शी और प्रोत्साहक नीतियों के चलते अदाणी समूह, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी अग्रणी कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर गहरी रुचि दिखा रही हैं। अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्टर कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर एक मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नदी के कैचमेंट एरिया में कहीं भी खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी और यदि ऐसी गतिविधियां सामने आती हैं तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। बयान के अनुसार, ड्रोन सर्वेक्षण और प्रयोगशाला के सहयोग से 2024 से अब तक 99 संभावित खनन क्षेत्रों की पहचान की गई है, जिनमें से 23 खनन के योग्य पाए गए हैं।

### राजेंद्र नाथ

वह बंगाल से अपने मामा के घर उत्तर प्रदेश के वाराणसी आ गए। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में उनकी शिक्षा-दीक्षा हुई। उन दिनों वाराणसी क्रांतिकारी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र हुआ करता था। अंग्रेजी हुकूमत से लड़ने के लिए ब्रिटिश माउजर (राइफल) खरीदने के वास्ते पैसे का प्रबंध करने के लिए पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां के साथ मिलकर राजेन्द्र लाहिड़ी ने अपने आधा दर्जन अन्य सहयोगियों के साथ नौ अगस्त 1925 की शाम सहारनपुर से चलकर लखनऊ पहुंचने वाली आठ डाउन ट्रेन पर काकोरी रेलवे स्टेशन पर धावा बोल दिया और सरकारी खजाना लूट लिया। इस घटना का मकसद था कि इस लूट से इकट्ठा होने वाले पैसों से हथियार खरीदे जाएं और भारत पर कब्जा करने वाले अंग्रेजों के खिलाफ उनका इस्तेमाल किया जाए।

### जगन्नाथ

अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ हो गई। पुरी की रथ यात्रा ओडिशा की सबसे बड़ी धार्मिक परंपराओं में से एक है, जिसमें लाखों श्रद्धालु हर साल भाग लेते हैं। अधिकारियों ने बताया कि अनुष्ठान के लिए सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों के भगवान जगन्नाथ और उनके भाई भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के रथों के पास भीड़भाड़ वाले स्थान पर घुसने के बाद अफरा-तफरी मच गयी। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवताओं की एक झलक पाने के लिए तड़के से ही मंदिर के बाहर एकत्र हो गए थे, क्योंकि अनुष्ठान के तहत भगवान के चेहरों पर से पाहुड़ा (कपड़ा) हटाया जाना था। मृतकों की पहचान बोलागढ़ निवासी बसंती साहू (36) और बालीपटना निवासी प्रेमकांत मोहंती (80) व प्रवती दास (42) के रूप में हुई है। ओडिशा के विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाई. बी. खुरानिया भगदड़ मामले की जांच कर रहे हैं और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हरिचंदन ने यह भी कहा कि श्री गुंडिचा मंदिर में स्थिति अब सामान्य है। सीएम माझी ने भगदड़ की स्थिति के आकलन के लिए उपमुख्यमंत्रियों प्रवती परीदा और कनक वर्धन सिंहदेव के साथ बैठक की। इस बीच, ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता और बीजू जनता दल (बीजद) प्रमुख नवीन पटनायक ने दावा किया कि भगदड़ ने श्रद्धालुओं के लिए शांतिपूर्ण रथ यात्रा सुनिश्चित करने में राज्य सरकार की स्पष्ट अक्षमता को उजागर किया है। पटनायक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं शारदा बाली, पुरी में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले तीन श्रद्धालुओं के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और महाप्रभु जगन्नाथ से इस घटना में घायल हुए श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भगदड़ श्रद्धालुओं के लिए शांतिपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करने में सरकार की स्पष्ट अक्षमता को उजागर करती है, जिसमें सैकड़ों लोग घायल हो गए।

### यूपी में आठ

खंगारौत प्रतीक्षारत से विशेष सचिव राजस्व बनाए गए हैं। सान्या छाबड़ा प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम से मुख्य विकास अधिकारी हरदोई और ईशा प्रिया विशेष सचिव पर्यटन विभाग तथा निदेशक पर्यटन को प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पीसीएस अधिकारियों में दीप्ति देव यादव प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ से अपर आयुक्त लखनऊ मंडल, राज बहादुर प्रथम एसडीएम ललितपुर से एडीएम (न्यायिक) लखनऊ, जय प्रकाश द्वितीय प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ से अपर आयुक्त गोरखपुर मंडल बनाए गए हैं। अजय कुमार राय प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ से अपर आयुक्त गोरखपुर मंडल, सहदेव कुमार मिश्रा एडीएम (वि/रा) सोनभद्र से एडीएम (प्रशासन) गोरखपुर, दशरथ कुमार एसडीएम प्रयागराज से उप संचालक चकबंदी गोरखपुर बनाए गए हैं। गजेंद्र कुमार द्वितीय नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर से मुख्य राजस्व अधिकारी अयोध्या, कल्पना जायसवाल एसडीएम बदायूं से एडीएम (न्यायिक) बदायूं, रोशनी यादव एसडीएम ललितपुर से एडीएम (न्यायिक) पीलीभीत, वागीश कुमार शुक्ला अपर नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या से एडीएम (वि/रा) सोनभद्र, भारत एसडीएम गोंडा से अपर नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या बनाए गए हैं। अंकित कुमार एसडीएम मेरठ से प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ, रमेश कुमार एसडीएम महाराजगंज से प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ, कुलदीप सिंह एसडीएम कासगंज से नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर और मनी अरोरा एसडीएम मुरादाबाद से प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ बनाई गई हैं।

### लखनऊ जोन

जोन के एडीजी पद पर तैनात थे। सुजीत पांडेय को पीएसी मुख्यालय से हटाकर लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया है। अब आरके स्वर्णकार आईपीएस पीएसी, सीतापुर से स्थानांतरित होकर पीएसी मुख्यालय, लखनऊ का कार्यभार संभालेंगे। आशिष तिवारी को सहारनपुर का नया एसएसपी नियुक्त किया गया है। वह अब तक एसआईडी लखनऊ के एसपी थे। रोहित सिंह सजवान को सहारनपुर एसएसपी पद से हटाकर पुलिस अधीक्षक, डीजीपी मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है।

### उत्तराखंड में

के उच्चस्तरीय बैठक की। सभी जनपदों के जिलाधिकारियों से वर्चुअली स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी जनपदों में गर्भवती महिलाओं की डाटा बेस बनाया जाए। सितम्बर माह तक जिन महिलाओं का डिलीवरी होनी है, उनका नियमित अपडेट रखा जाए। प्रसव पूर्व उन्हें अस्पतालों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। जच्चा और बच्चा की सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रभावी कदम उठाये जाए। मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर चारधाम यात्रा को रोक दिया गया है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के लिए भोजन व दवाओं के प्रबंध का निर्देश दिए हैं। मण्डलायुक्त विनय शंकर पाण्डेय ने कहा है कि प्रदेश में हो रही लगातार भारी वर्षा और भूस्खलन की आशंकाओं को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए चारधाम यात्रा को एक दिन के लिए स्थगित किया गया है। स्थिति की समीक्षा के उपरांत आगे निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी की बैठक में प्रमुख रूप से मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, सचिव विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, अपर सचिव बंशीधर तिवारी वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी जुड़े थे।

### आपातकाल के

हक छीन लिए गए, अखबारों को कोई स्वतंत्रता न रही। अदालत बिल्कुल निर्बल बना दिए गए और जिस ढंग से एक लाख से ज्यादा लोगों को जेल में बंद कर दिया और फिर मनमाना राज होता रहा, उसकी मिसाल दुनिया के इतिहास में भी मिलना मुश्किल है। मोदी ने प्रसारण में कहा कि 1975 से 1977 के बीच 21 महीने की अवधि तक आपातकाल के दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने उस अवधि से संबंधित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम के भाषणों के अंश सुनाए। उन्होंने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस साहब को बेड़ियों में जकड़ा गया था और याद किया कि उस समय आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) के तहत किसी को भी गिरफ्तार किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि छात्रों को परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटा गया। उन्होंने कहा कि उस दौर में हजारों लोग गिरफ्तार किए गए, उन पर अमानवीय अत्याचार हुए, लेकिन ये भारत की जनता का सामर्थ्य है कि वो झुकी नहीं, टूटी नहीं और लोकतंत्र के साथ कोई समझौता उसने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि आखिरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई - आपातकाल हटा लिया गया और आपातकाल थोपने वाले हार गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपातकाल की 50वीं बरसी को हाल में संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया और इसके खिलाफ लड़ने वालों को हमेशा याद रख जाना चाहिए।

### पुरुष एकल में

तथा तीसरा गेम रिटायर्ड करने में नितेश ठाकुर विजयी हुए। बालक एकल अंडर-15 में हर्षित यादव ने लोनीबोन को 15-21, 21-15, 21-17 से हराया। अंत में सचिव अनिल ध्यानी ने सभी खिलाडियों, प्रेस, व दर्शकों को धन्यवाद किया। इस अवसर में सचिव उप्र बैडमिंटन संघ के डॉ. सुधर्मा सिंह, लखनऊ सचिव अनिल ध्यानी, लखनऊ अध्यक्ष राम मोहन अग्रवाल, डॉ. योगेश शेट्टी, डॉ. अनुराग दीक्षित, बैडमिंटन संघ उपाध्यक्ष अरून कक्कड़, आलोक सरन (एडवोकेट) मुख्य संरक्षक, देवेन्द्र कौशल (प्रशिक्षक), मुख्य निर्णायक रविन्दर चौहान और अभिजीत यादव आदि मौजूद रहे।

# भारत व इंग्लैंड का दूसरा मुकाबला कल

## इंग्लैंड पर भारत के खिलाफ पहले महिला टी20 मैच में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

एजेंसी

नॉटिंघम। इंग्लैंड पर भारत के खिलाफ पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया जिसमें मेहमान टीम ने 97 रन से जीत हासिल की थी। दूसरा मैच मंगलवार को ब्रिस्टल में खेला जाएगा। एमिरेट्स आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल ऑफ मैच रैफरी की हेलेन पैक ने निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंकने के बाद इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को एक बयान में कहा खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता का अनुच्छेद 2.22 न्यूनतम ओवर गति उल्लघंन से संबंधित है जिसके अनुसार खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर ब्रंट ने यह उल्लघंन स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर जैकलीन विलियम्स और जेम्स मिडलब्रुक, तीसरे अंपायर सू रेडफर्न और चौथे अंपायर अन्ना हैरिस ने आरोप तय किए।

बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित भारत ने कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना के 112 रन से पांच विकेट पर 210 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर सिमट गई थी जिससे भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

**दूसरी नयी गेंद से बुमराह के प्रभाव को कम करने के लिए मैच को जल्दी खत्म करना चाहता था: स्मिथ**

लंदन। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के पांचवें दिन 82वें ओवर में रविंद्र जडेजा के खिलाफ आक्रामक रूख अपना कर मैच को जल्दी जीतने का फैसला किया क्योंकि उन्हें लगा कि भारत विकेट की तलाश में अपने स्ट्राइक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को गेंदबाजी पर लगा सकता है। जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अनुभवी जो रूट और विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ सतर्कता से बल्लेबाजी कर रहे थे और टीम लक्ष्य के काफी करीब थी। स्मिथ ने हालांकि जडेजा के खिलाफ दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम को पांच विकेट से यादगार जीत दिलाई। स्मिथ ने ईएसपीनक्रिकइंफो से कहा उस समय टीम को ज्यादा रन की जरूरत नहीं थी। उस समय बुमराह के गेंदबाजी पर आने की संभावना कम थी लेकिन क्रिकेट में आप किसी भी चीज को लेकर पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो सकते। इंग्लैंड का स्कोर उस समय पांच विकेट पर 355 रन था और टीम प्रबंधन को लगा कि अगर भारतीय कप्तान शुभमन गिल बुमराह को गेंद थमाते है तो विकेट गंवाने का खतरा होगा।

उन्होंने कहा आप नहीं जानते कि क्या होगा। मैं हमेशा अपनी टीम का समर्थन करता हूं लेकिन कुछ अच्छी गेंदें हो सकती हैं और अचानक आप आठ विकेट गंवाने के बाद दबाव में हो सकते हैं। ऐसे में मैंने मैच को जल्दी खत्म करने का फैसला किया। उन्होंने कहा मुझे पता था कि एक नयी गेंद आने वाली है और विकेट गिरने पर क्रिस वोक्स को बल्लेबाजी के लिए आना पड़ता लेकिन अगर मैं कुछ बड़े शॉट मार सका तो यह नौबत ही नहीं आयेगी। स्मिथ ने यह भी कहा कि भारत ने अंतिम दिन विकेट चटकाने की पूरी कोशिश की लेकिन इंग्लैंड ने चीजों को सरल रखते हुए (आक्रामक और रक्षात्मक खेल का मिश्रण) बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने चौथी पारी में बेन डकेट (149), जैक क्राउली (65), रूट (53 नाबाद) और स्मिथ (44 नाबाद) की शानदार बल्लेबाजी से आसान जीत दर्ज की।

# टी-20 में शतक लगाना बहुत खास : स्मृति मंधाना

नॉटिंघम। भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में शतक लगाना उनके लिए विशेष मायने रखता है क्योंकि वह नैसर्गिक तौर पर पावर हिटर नहीं हैं। मंधाना ने अपने 149वें मैच में अपना पहला टी20 शतक लगाया। उन्होंने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जिससे भारतीय टीम 210 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। मंधाना ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह अच्छा अहसास है, क्योंकि यह प्रारूप ऐसा है जिसमें एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगातार प्रयास और सुधार करते रहना होगा। यह मेरे लिए बहुत नैसर्गिक प्रारूप नहीं है। उन्होंने कहा मैं पावर हिटर नहीं हूं और मुझे अपनी टाइमिंग पर भरोसा रखकर शॉट मारना पसंद है लेकिन मैं अपनी पावर हिटिंग पर भी काम करने की कोशिश कर रही हूं। इस सलामी बल्लेबाज ने कहा इस प्रारूप में शतक बनाना वास्तव में खास है। मैंने टेस्ट क्रिकेट और एक दिवसीय क्रिकेट में भी शतक लगाए हैं, लेकिन यह दोनों प्रारूप मेरी बल्लेबाजी शैली के अधिक अनुकूल हैं। मंधाना ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था कि वह यहां पहले मैच में शतक लगाने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा मैंने नहीं सोचा था कि में पहले मैच में ही शतक लगाने में सफल रहूंगी। मैं इससे पहले कुछ अवसरों पर यहां तक पहुंचने से चूक गई थी और मैं बहुत खुश हूं कि आज मैं इसे हासिल करने में सफल रही। पिछले 10 वर्षों में 70 और 80 रन पर आउट होना निराशाजनक था।

रोहित ने टी20 विश्व कप फाइनल मैच के भावनात्मक पलों को याद किया

नयी दिल्ली। रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में भारत की टी20 विश्व कप जीत को याद करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच से पहले वह बहुत घबराए हुए थे और पूरी रात सो नहीं पाए थे। इस मैच का दबाव ऐसा था कि उन्हें लगा कि उनका पैर सुन्न हो गया है। भारत पिछले साल 29 जून को टी20 विश्व कप चैंपियन बना था। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व कप खिताब के 13 साल के सूखे को खत्म किया था। रोहित ने जियो हॉटस्टार से कहा 13 साल लंबा समय होता है। ज्यादातर लोगों का करियर भी 13 साल का नहीं होता। विश्व कप जीतने के लिए इतना लंबा इंतजार करना, मैंने अपना पिछला विश्व कप 2007 में जीता था। मेरे लिए यह इससे बड़ा और कुछ नहीं हो सकता था। मैं पूरी रात सो नहीं पाया। मैं सिर्फ विश्व कप के बारे में सोच रहा था। मैं घबराया हुआ था। मुझे अपने पैर महसूस नहीं हो रहे थे। उन्होंने कहा क्या मैं दबाव में था? मैं इसे जाहिर नहीं होने देना चाहता था लेकिन अंदर से काफी नर्वस था। हमें सुबह साढ़े आठ या नौ बजे स्टेडियम के लिए निकलना था। मैं सुबह सात बजे मैं अपने रूम से मैदान को देख सकता था। उन्होंने कहा मुझे याद है कि मैं सोच रहा था, दो घंटे बाद मैं मैदान पर रहूंगा और लगभग चार घंटे के बाद मैच का परिणाम लगभग तय हो जायेगा। भारतीय कप्तान ने आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव द्वारा डेविड मिलर के शानदार कैच को फाइनल के निर्णायक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा सूर्यकुमार के कैच के बाद अंपायरों ने इस पर फैसले के लिए तीसरे अंपायर की मदद मांगी। इस समय सभी की धड़कनें तेज हो गई थीं। रोहित ने कहा, मैं उस समय लॉन्ग ऑफ पर सूर्यकुमार के ठीक सामने था और शुरुआत में मुझे लगा कि गेंद छह रन के लिए चली गयी है। सूर्यकुमार ने बाउंड्री के पास क्षेत्ररक्षण करते समय सजगता दिखाते हुए शानदार कैच लपका। इस कैच से भारत की सात रन से जीत सुनिश्चित हुई। रोहित ने कहा मिलर ने जब शॉट मारा तब मुझे लगा कि अब दक्षिण अफ्रीका को पांच गेंद में 10 रन बनाने हैं लेकिन फिर मैंने देखा कि गेंद सूर्यकुमार के हाथों में चली गयी। उन्होंने कहा इस कैच को पकड़ना काफी मुश्किल था। उस कैच पकड़ने में बहुत मेहनत लगी होगी क्योंकि जब गेंद हवा में थी तो ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से सीमा रेखा को पार कर जाएगी। शायद हवा ने गेंद को थोड़ा मैदान की ओर खींच लिया। रोहित ने कहा कि जब तीसरे अंपायर कैच की जांच कर रहे थे तब उन्होंने सूर्याकुमार से इसके अच्छी तरह लपकने के बारे में पूछा जिस पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने कैच सही तरीके से पकड़ लिया है। स्क्रीन पर फैसला आने तक सबकी सांसें अटकी हुई थीं। तीसरे अंपायर ने कैच को वैध करार दिया, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी ढह गई। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में 16 रन की जरूरत थी लेकिन टीम हार्दिक पंड्या के इस ओवर में केवल आठ रन ही बना पाई। इससे पहले विराट कोहली की 59 गेंदों पर 76 रन की पारी से भारत ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 176 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने रोहित, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार को सस्ते में चलता कर दिया था जिसके बाद कोहली और अक्षर पटेल (31 गेंद में 47 रन) ने भारतीय पारी को संवारा।

## संक्षेप

### गोल्फ : दीक्षा जर्मन मास्टर्स में संयुक्त आठवें पायदान पर

हैम्बर्ग (जर्मनी)। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बावजूद तालिका में संयुक्त रूप से आठवें पायदान पर बनी हुई है। शुरुआती दो दौर में 69 और 73 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा तीसरे दौर में तीन बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठी। कट में प्रवेश पाने वाली अन्य भारतीयों में वाणी कपूर (76) संयुक्त 21वें और अवनि प्रशांत (74) संयुक्त 36वें स्थान पर हैं।

### सुरुचि, नीरज व सम्राट राणा निशानेबाजी ट्रायल्स में चमके

देहरादून। सुरुचि इंदर सिंह ने रविवार को यहां ग्रुप ए निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल में महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़कर जीत हासिल की जबकि नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन पुरुष स्पर्धा में चमकदार प्रदर्शन किया। सितारों से सजे फाइनल में सुरुचि ने 245.6 का स्कोर बनाया जो मनु भाकर से 1.1 अंक बेहतर था। भाकर ने 244.5 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अनुभवी राही सरनोबत 223.1 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। दिन के पहले फाइनल में सम्राट राणा ने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष स्पर्धा में अंतिम शॉट में 10.5 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि सौरभ केवल 9.6 का स्कोर ही बना सके। सम्राट ने 241.7 का स्कोर बनाया जबकि सौरभ ने 241.5 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

### तन्वी व आयुष अमेरिकी ओपन के फाइनल में

आयोवा (अमेरिका)। प्रतिभाशाली भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह उनकी यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊटिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

# भारत एएफसी ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया

एजेंसी



चियांग माई (थाईलैंड)। भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने रविवार को यहां तिमोर लेस्ते पर 4-0 की शानदार जीत के साथ एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। विंगर मनीषा कल्याण (12वें और 80वें मिनट) ने शानदार दो गोल किए जबकि अंजू तमांग (58वें मिनट) और लिंडा कोम सेर्टो (86वें मिनट) ने एक एक गोल दागा।

भारतीय महिला टीम ने मैच में शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा और पहले हाफ में 1-0 की बढ़त बना ली थी। इस जीत के साथ भारत अब दो मैच में छह अंक के साथ ग्रुप बी में इराक और थाईलैंड से आगे शीर्ष पर है। इराक और थाईलैंड दिन में एक दूसरे से भिड़ेंगे। पांच टीम के ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करना अभी मुश्किल है लेकिन भारत ने लगातार दो शानदार प्रदर्शन करके निश्चित रूप से मजबूत दावा पेश किया है। भारत ने पहले मैच में मंगोलिया पर रिकॉर्ड 13-0 की जीत दर्ज की थी जिससे टीम आत्मविश्वास से भरी हुई थी।

**चेल्सी और पाल्मेरास क्लब विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में**

चार्लोट (अमेरिका)। क्रिस्टोफर एनकुंकू ने अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल किया जिससे चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खराब मौसम और बिजली कड़कने के कारण इस मैच में व्यवधान पड़ा और इसे पूरा होने में करीब पांच घंटे लगे।

चेल्सी क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में पाल्मेरास से भिड़ेगा। पाल्मेरास ने शनिवार को खेले गए अंतिम 16 के एक अन्य मैच में बोटाफोगो को 1-0 से हराया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। एनकुंकू ने 108वें मिनट में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिलाई। इसके बाद पेड्रो नेटो और किरनान डेव्सबरी हॉल ने अतिरिक्त समय में गोल करके चेल्सी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इससे पहले रीस जेम्स ने 64वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके चेल्सी को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन खेल समाप्त होने में जब केवल चार मिनट का समय बचा था तब बिजली कड़कने के कारण मैच रोक दिया गया और इसके फिर से शुरू होने में दो घंटे की देरी हुई। इसके बाद जब खेल शुरू हुआ तो बेनफिका को इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली क्योंकि गेंद मालो गुस्टो के हाथ से टकरा गई थी।

एंजेलो डि मारिया ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। उधर फिलाडेल्फिया में पॉलिन्हो ने अतिरिक्त समय में दो डिफेंडरों के बीच से गोल करते हुए गोल दागा जिससे पाल्मेरास ने ब्राजील के लीग प्रतिद्वंद्वी बोटाफोगो को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर है भारत : अजहरुद्दीन

हैदराबाद। पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा कि भारत को अपने गेंदबाजी आक्रमण में अधिक अनुभव जोड़ने और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बोझ कम करने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। लीड्स में पहले टेस्ट में भारतीय टीम पांच विकेट से हार गई जिसमें मेहमान टीम विकेटों के लिए बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर थी। अजहरुद्दीन ने कहा वे बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह आसान नहीं है क्योंकि आपको अधिक अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत है और उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। अब भारतीय टीम दो जुलाई से बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में खेलेगी जिसमें पिच सूखी रहने की उम्मीद है जिससे कुलदीप को कुछ मदद मिल सकती है। भारत ने कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन का अच्छा स्कोर बनाया था। केएल राहुल और पंत के शतकों की मदद से उन्होंने दूसरी पारी में 364 रन बनाए। लेकिन दोनों ही पारियों में मध्य और अंतिम क्रम के बल्लेबाजों के विफल होने के कारण मेहमान टीम मजबूत स्कोर या लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

# राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता के लिए यूपी टीम रवाना

लखनऊ। आगामी 24वीं राष्ट्रीय जूनियर (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की 33 सदस्यीय टीम प्रतिभाग करेगी। उत्तर प्रदेश टीम के खिलाड़ियों का चयन चौक स्टेडियम में आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के बाद किया गया। शिविर की समाप्ति के दौरान चयनित खिलाड़ियों को लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अतुल सिन्हा ने किट प्रदान करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। टीम की घोषणा करते हुए उत्तर प्रदेश वुशू एसोसिएशन के महासचिव मनीष कक्कड़ ने बताया कि 24वीं राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता दिनांक 1 से 6 जुलाई 2025 तक हैदराबाद में आयोजित होगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश टीम रविवार को रवाना हो गई। टीम में चयनित खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश वुशू एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पीआर पाण्डेय ने भी शुभकामनाएं दी।

उत्तर प्रदेश टीम में चयनित खिलाड़ी:

लखनऊः सुनिश रावत, शुभम रावत, शगुन रावत, अंजल, मान्या, नेहा, कृष्णा, प्रिंस, अदिति, महेंद्र, सुधा

आगराः अनुष्का, निखिल सोनी, कुश शाह सिसोदिया, अनिरुद्ध

गौतम बुद्ध नगरः बुद्धम लामा, समीप, आर्यमान, प्रियंका भाटी, प्रतिभा, मयंक रोसा, प्रियांशु, नैंसी

मेरठः कनिका, शौर्य, निशांत, प्रशांत, आरोही बंसल

बागपतः शौर्य राठी, रिया पंवार

बुलंदशहरः लकी, भावना देशवाल

गाजियाबादः शिखा

कोच : नेहा कश्यप (मेरठ), अमित रोसा (गौतमबुद्ध नगर), मैनेजर : शकील (जौनपुर), मनोज (लखनऊ)।

# विंबलडन ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौका : जोकोविच

एजेंसी

लंदन। नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन का जवाब भी रटा रटाया था। जोकोविच ने कहा, क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मैं अगले साल फ्रेंच ओपन या किसी अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लूंगा या नहीं, इसको लेकर निश्चित नहीं हूं।

उन्होंने कहा मेरी इच्छा कई और साल तक खेलना है। मैं शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह फिट रहना चाहता हूं। यही मेरा लक्ष्य है लेकिन उम्र के इस पड़ाव पर आप पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते कि आगे क्या होगा। जोकोविच ने यह स्वीकार किया कि ऑल इंग्लैंड क्लब उन्हें एक और ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का सबसे अच्छा अवसर प्रदान कर सकता है, जिससे वह अपने करियर में कुल 25 खिताब जीत सकेंगे। यह एक ऐसी संख्या जिस तक कोई भी टेनिस खिलाड़ी नहीं पहुंच पाया है। विंबलडन में सात बार के चैंपियन जोकोविच ने कहा मैं इस बात पर सहमत हो सकता हूं कि विंबलडन में फिर से चैंपियन बनने का यह मेरे लिए सबसे अच्छा मौका हो सकता है। यह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा लेकिन अभी मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। जोकोविच मंगलवार को पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर का सामना करेंगे।

**ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है अल्काराज को, लगातार तीसरे विम्बलडन खिताब पर निगाहें**

लंदन, 29 जून (एपी) स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट पर विम्बलडन के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और उनकी निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी।

ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विम्बलडन ट्रॉफी जीत सके हैं जो 1968 में शुरू हुआ था जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है। ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था। पिछले साल दूसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज किसी भी कोर्ट (ग्रास, क्ले और हार्ड कोर्ट) में मेजर ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन उन्हें ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है। वह सोमवार को करियर में सर्वश्रेष्ठ लगातार 18 मैच जीतने की लय को जारी रखना चाहेंगे।

अल्काराज ने कहा सबसे खूबसूरत टेनिस ग्रासकोर्ट पर देखने को मिलता है। गेंद की आवाज, सबकुछ ग्रासकोर्ट पर लोगों को लुभाता है। लगातार तीन विम्बलडन ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने के बारे में अल्काराज का कहना है कि वह इसकी परवाह नहीं करते लेकिन वह यहां खिताब जीतना चाहते हैं। अल्काराज ने कहा मैं ट्रॉफी जीतना चाहता हूं।

# हथियार छोड़ आत्मसमर्पण करें नक्सली

## गृह मंत्री ने किया माओवादियों संग बातचीत से इनकार, हल्दी बोर्ड मुख्यालय का उद्घाटन

एजेंसी

हैदराबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं को हथियार छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर देना चाहिए और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए।

तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ऑपरेशन के प्रभाव को समझने के लिए पाकिस्तान की कमजोर छवि देखनी चाहिए। शाह ने कहा कांग्रेस (केंद्र से) इन लोगों (माओवादियों) से बातचीत करने को कहती है। हमारी सरकार की हथियार रखने वालों से बात नहीं करने की नीति है। हथियार छोड़ दें, आत्मसमर्पण करें और मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर में करीब 10,000 लोगों ने हथियार छोड़ दिए और मुख्यधारा में शामिल हो गए। शाह ने कहा कि इन लोगों ने तालुक स्तर से लेकर राज्य विधानसभाओं तक के पदों के लिए हुए चुनावों में भी हिस्सा लिया। इसी तरह पिछले डेढ़ साल में 2,000 से जूयादा माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। गृह मंत्री ने कहा हथियार छोड़ो और आत्मसमर्पण करो। अगर आप आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो हमने तय किया है कि 31 मार्च 2026 से पहले इस देश से नक्सलवाद को मिटा दिया जाएगा।

**भारत ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा: अमित शाह**

हैदराबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा है। निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बोर्ड पैकिंग, ब्रांडिंग, विपणन और हल्दी के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड किसानों के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, उनके उत्पाद के निर्यात, साथ ही अनुसंधान और विकास के लिए कार्य करेगा।

शाह ने कहा आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि भारत सरकार ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। हमने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के (हल्दी) निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तैयारी भी कर ली है।

# हिमाचल में भारी बारिश, भूस्खलन से शिमला-कालका रेलमार्ग बाधित

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में शनिवार रात हुई भारी बारिश के के कारण भूस्खलन की घटनाओं और पेड़ गिरने के चलते शिमला-कालका रेल मार्ग पर ट्रेन सेवाएं रविवार को बाधित हो गईं, जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के चलते यातायात कई घंटों तक अवरूद्ध रहा। वहीं, सोलन के बरोटीवाला औद्योगिक क्षेत्र में एक पुल बह गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव सिंह ने बताया कि शिमला-चंडीगढ़ को जोड़ने वाले शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटी के पास भूस्खलन होने के कारण सड़क के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे दो से तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

हालांकि, चक्कीमोड़ के पास दोनों ओर से यातायात बहाल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जंगेशु मार्ग पर भी मलबा गिरने से वैकल्पिक रास्ता बंद है, जिसे साफ किया जा रहा है। शिमला-कालका यूनेस्को विश्व धरोहर रेल मार्ग पर कोटी क्षेत्र के पास पटरियों पर चट्टानें और पेड़ गिर गए, जिससे ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। अधिकारी मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं। सुबह आने वाली पहली ट्रेन कोटी स्टेशन पर फंसी हुई है, जबकि अन्य ट्रेनें गुम्मान और कालका स्टेशनों पर रोकी गई हैं।

सोलन के बड़ोटीवाला औद्योगिक क्षेत्र में ट्रक यूनियन के पास स्थित हमुड़ा कॉम्प्लेक्स को जोड़ने वाले मार्ग पर एक पुल बह गया है, जिससे मंधाला और बग्गूवाला की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात रूक गया है। बद्दी क्षेत्र की बालद नदी उफान पर है और झड़माजरी के पास रौद्र रूप में बह रही है, जिससे आसपास के इलाकों में नुकसान की आशंका बढ़ गई है। झड़माजरी की शिवालिक नगर कॉलोनी में करीब 20 घरों में चार फुट तक पानी भर गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को इसकी सूचना दी है। यहां हर साल बारिश में जलभराव की समस्या सामने आती है। इस बीच, मंडी की जुनी खड्ड और व्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों से नदी किनारे न जाने और सतर्क रहने की अपील की है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि ब्यास नदी में लगभग 44,000 क्यूसेक पानी बह रहा है।

## संक्षेप

### जनगणना इकाइयों की सीमाओं में 31 दिसंबर के बाद नहीं होगा बदलाव

नयी दिल्ली। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित परिवर्तन 31 दिसंबर से पहले कर लें, क्योंकि इस दिन तक किए गए बदलाव जनगणना कार्य के लिए अंतिम माने जाएंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा है कि जनगणना के लिए सभी गांवों और कस्बों को एक समान गणना प्रखंडों में विभाजित किया जाता है और प्रत्येक प्रखंड के लिए एक गणक (गणना करने वाला) नियुक्त किया जाता है, ताकि जनसंख्या की गणना के दौरान किसी भी चूक या दोहराव से बचा जा सके। नियमों के अनुसार, जनगणना प्रशासनिक इकाइयों जैसे जिला, उप-जिला, तहसील, तालुका और थाना की सीमा निर्धारित होने के तीन महीने बाद ही की जा सकती है। नारायण ने कहा कि एक अप्रैल 2026 से घर सूचीकरण कार्य, पर्यवेक्षकों और गणकों की नियुक्ति एवं उनके बीच कार्य विभाजन किया जाएगा तथा एक फरवरी 2027 से जनगणना शुरू होगी। पत्र में कहा गया है।

# राष्ट्रपति आज से उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय दौरा करेंगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय दौरा करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान से यह जानकारी मिली।

इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति सोमवार को बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि सोमवार को ही वह गोरखपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति एक जुलाई को गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगी।

# पुरी में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद : राहुल

एजेंसी

पुरी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को पुरी में एक मंदिर के पास हुई भगदड़ की घटना को अत्यंत दुखद बताया और ओडिशा सरकार से राहत प्रयासों में तेजी लाने का आग्रह किया। अधिकारियों ने कहा कि रविवार सुबह श्री गुंडिचा मंदिर के पास भगदड़ मचने से दो महिलाओं समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए।

गांधी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राहत प्रयासों में हर संभव सहायता देने का आह्वान भी किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह त्रासदी एक गंभीर चेतावनी है कि ऐसे बड़े आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों की गंभीरता से तैयारी और समीक्षा होनी चाहिए। जीवन की रक्षा सर्वोपरि है, और इस जिम्मेदारी में कोई चूक स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना और घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। ओडिशा सरकार से अपील है कि राहत कार्यों में तेजी लाए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि वो इसमें हर संभव मदद करें।

# दिल्ली में तोड़-फोड़ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करें झुग्गीवासी : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को झुग्गीवासियों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के तोड़फोड़ अभियान के खिलाफ प्रदर्शन करने का आग्रह किया तथा उनसे भविष्य के चुनावों में भाजपा और कांग्रेस दोनों को खारिज करने की अपील की। केजरीवाल ने झुग्गी-झोपड़ियों को उजाड़े जाने के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा जंतर-मंतर पर आयोजित एक विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था जहां झुग्गी, वहां मकान लेकिन उनके कहने का मतलब था जहां झुग्गी, वहां मैदान।

उनके वादे झूठे हैं और मैं आपसे आग्रह करता हूं कि भविष्य में उनके झांसे में न आएं। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने आरोप लगाया कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने पिछले पांच महीनों में शहर को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया हमने एक बेहतरीन दिल्ली सौंपी थी। लेकिन इन लोगों (भाजपा सरकार) ने शहर को बर्बाद कर दिया। यहां लंबी अवधि की बिजली कटौती हो रही है, विद्यालयों की फीस बढ़ा दी गई है तथा उनके (दिल्ली सरकार के) मंत्री और विधायक दिल्ली को लूटने में व्यस्त हैं। केजरीवाल ने झुग्गीवासियों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा, यहां 40 लाख झुग्गीवासी हैं। अगर आप सड़कों पर उतरेंगे तो वे तोड़फोड़ रोकने को मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा अन्ना (हजारे) आंदोलन जंतर-मंतर से शुरू हुआ और कांग्रेस को सत्ता से हटा दिया। यहां से एक नया आंदोलन शुरू होगा और भाजपा की सत्ता पर पकड़ भी डगमगा जाएगी। आप संयोजक ने लोगों से भविष्य में कांग्रेस और भाजपा में से किसी को भी वोट न देने का आग्रह करते हुए कहा कि दोनों पार्टियां भाई-बहन की तरह हैं।

उन्होंने कहा, जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब बिजली कटती थी और विद्यालयों की फीस मनमाने तरीके से बढ़ाई जाती थी। 10 वर्ष तक हमने ऐसा नहीं होने दिया। लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद फिर से वही चीजें हो रही हैं। केजरीवाल ने भाजपा पर आप नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके उन्हें निशाना बनाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा ने मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और सौरभ भारद्वाज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# वन में रहने वाले के अधिकारों को नहीं कर सकते नजरअंदाज

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को छत्तीसगढ़ में एक कोयला खनन परियोजना को पर्यावरण मंजूरी दिये जाने को लेकर केंद्र की आलोचना की और कहा कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत वनों में रहने वाले समुदायों के अधिकारों को दी गई मान्यता को नजरअंदाज नहीं जा सकता।

पूर्व पर्यावरण मंत्री रमेश ने कहा कि 15 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की दो सदस्यीय भोपाल पीठ ने 209 पन्नों का फैसला सुनाते हुए महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के गारे पाल्मा, सेक्टर-2 में कोयला खनन के लिए 11 जुलाई 2022 को दी गई पर्यावरण मंजूरी को रद्द कर दिया था। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) रमेश ने कहा कि यह खुली खदान 14 गांवों में 6,300 एकड़ से अधिक भूमि पर फैली है जिसमें से करीब आठ प्रतिशत हिस्सा समृद्ध वन क्षेत्र है। रमेश ने कहा फैसला विस्तृत था और निष्कर्ष यह था: पर्यावरण मंजूरी देने के लिए कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अक्षरशः पालन नहीं किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसमें कहा गया है कि निर्धारित कानून के अनुसार सार्वजनिक सुनवाई की आवश्यकता पूरी नहीं की गई। रमेश ने फैसले का हवाला देते हुए कहा, इस परियोजना के जनस्वास्थ्य, जलविज्ञान और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर समग्र प्रभाव का न तो समुचित मूल्यांकन किया गया और न ही उचित रूप से विचार किया गया। उन्होंने कहा लेकिन केवल कुछ महीनों के भीतर, इस परियोजना को फिर से पर्यावरणीय स्वीकृति दे दी गई।

अब इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई शुरू हो चुकी है। क्या हमें इस पर हैरानी और स्तब्ध होना चाहिए? शायद नहीं, क्योंकि इस खदान का संचालक और डेवलपर अदाणी समूह है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सबसे अहम, वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत सामुदायिक वन अधिकारों की कोई भी प्रकिया को आसानी से नजरंदाज नहीं किया जा सकता है।

# पाक में बारिश से मरने वालों की संख्या हुई 38

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 38 हो गई, जबकि 63 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में मानसून से पहले हो रही बारिश का कहर जारी है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शनिवार रात को बताया कि बारिश 26 जून को शुरू हुई थी और देश के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुक कर जारी है। प्राधिकरण ने बताया कि उत्तर-पश्चिम में खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।

## इंटरटेनमेंट...

# दिलजीत दोसांझ के सपोर्ट में उतरे जावेद अख्तर

एजेंसी

पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ काम कर विवादों से घिरे दिलजीत दोसांझ को अब लिरिसिस्ट जावेद अख्तर का सपोर्ट मिला है। उनका मानना है कि अगर दिलजीत को फिल्म बनाते हुए अंदाजा होता कि हालात बिगड़ने वाले हैं, तो वो कतई पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ काम नहीं करते। लेकिन अब सेंसर बोर्ड को एक हिदायत के साथ फिल्म रिलीज होने देना चाहिए।

एनडीटीवी क्रिएशन मंच में जावेद अख्तर से दिलजीत दोसांझ के हानिया आमिर के साथ काम करने पर सवाल किया गया। साथ ही ये भी कहा गया कि उनका दावा है कि फिल्म पहले बनाई गई है। इस पर जावेद अख्तर ने दिलजीत दोसांझ के सपोर्ट में कहा, 'ये पिक्चर मालूम नहीं कब बनाई गई। वो क्या करे बेचारा। आगे क्या होगा, वो तो उसे नहीं पता था न। पैसा तो उसने लगाया, इसमें पाकिस्तान का पैसा तो डूबेगा नहीं। पैसा तो हमारे हिंदुस्तानी आदमी का डूब जाएगा। तो क्या फायदा है इससे। आगे उन्होंने कहा, 'अगर आज मैंने कोई नियम बनाया, तो उसे आज से 10 पहले की बात पर अप्लाई नहीं किया जा सकता। वो प्रैक्टिकल नहीं है। उस गरीब को मालूम होता कि ऐसा होने वाला है, तो वो पागल थोड़ी था जो ले लेता उस एक्ट्रेस (हानिया आमिर) को। मेरा ख्याल है कि सरकार को और सेंसर बोर्ड को इस बात को दया से देखना चाहिए। उन्हें कहना चाहिए कि तुम आइंदा मत करना, लेकिन तुमने पहले बना ली थी।

> उस गरीब को मालूम होता कि हालात बिगड़ेंगे, तो वो पागल थोड़ी है जो हानिया को लेता

# जब अमरीश पुरी की चली गई थी याद्दाश्त

मुंबई। एक्ट्रेस काजोल ने फिल्म 'कुछ कुछ होता है' की शूटिंग के दौरान कुछ देर के लिए अपनी याद्दाश्त खो दी थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में काजोल ने बताया कि अमरीश पुरी के साथ भी ऐसा ही हुआ था। काजोल ने मैशेबल इंडिया को बताया, अमरीश जी की भी याद्दाश्त चली गई थी।

वो अजय के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। उन्हें एक शॉट देना था जिसमें वो वॉटरफॉल के नीचे से निकलते हैं। वॉटरफॉल का दबाव बहुत ज्यादा होता है। अजय ने मुझे बताया था कि उनके सिर पर कोई पेडिंग नहीं थी। जब वो बाहर निकले तो उन्हें कुछ भी याद नहीं था। काजोल और अमरीश पुरी ने 'करण अर्जुन' और 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। काजोल ने आगे कहा, वो पूछ रहे थे, 'कौन हूं मैं? क्या कर रहा हूं?' सेट पर सब लोग घबरा गए थे। करीब तीन घंटे बाद उनकी याद्दाश्त वापस आई। उन्होंने यह भी कहा कि यह सुनने में मजाकिया लग सकता है, लेकिन यह बहुत गंभीर था। बता दें कि अमरीश पुरी और अजय देवगन ने कई फिल्मों में साथ काम किया है।

### 'सरदार जी 3' विवाद पर आदित्य नारायण ने रखी राय

मुंबई। सिंगर आदित्य नारायण ने दिलजीत दोसांझ और उनकी फिल्म 'सरदार जी 3' के चल रहे विवाद पर अपनी राय दी है। आदित्य ने कहा कि भारत एक सहनशील देश है, लेकिन इसकी भी एक सीमा होती है। आदित्य ने कहा, ₹मुझे नहीं पता मैं क्या कहूं या ना कहूं। मैं देशभक्त हूं। मेरे लिए हमेशा देश पहले है। सामने वाला देश (पाकिस्तान) ये उनकी आदत है (आतंकवाद को समर्थन देने की)। हम भारतीय प्यार और एकता का संदेश फैलाते हैं। हम वसुधैव कुटुंबकम्-में भरोसा करते हैं, लेकिन हम कब तक सहन करें? जो गलत है वो गलत है। समय सही नहीं है। अत्याचार हर भारतीय के दिमाग में ताजा हैं।

# 'हाउसफुल-5' डायरेक्ट करने का ऑफर मिला तो शॉक्ड था : मनसुखनी

मुंबई। हाउसफुल फ्रेंचाइजी की फिल्म हाउसफुल-5 को ऑडियंस का खूब प्यार मिल रहा है। पर्दे पर इतनी लंबी-चौड़ी स्टार कास्ट, कॉमेडी के साथ मर्डर मिस्ट्री का डोज देने के पीछे प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला और डायरेक्टर तरुण मनसुखानी का हाथ है। तरुण लंबे गैप के बाद डायरेक्शन में आए हैं और ऑडियंस को एक फैमिली एंटरटेनर फिल्म दी है। तरुण ने 'हाउसफुल-5' मिलने से लेकर बनने तक का एक्सपीरियंस शेयर किया है। कोविड खत्म होने के बाद मुझे एक दिन नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सीईओ दीप्ति जिंदल का कॉल आया। उन्होंने बोला कि वो मुझसे मिलना चाहती हैं। हम कॉफी पर मिले, वहां उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि आप 'हाउसफुल-5' डायरेक्ट करें। मैं थोड़ा शॉक्ड हुआ। अचानक इतनी बड़ी फ्रेंचाइजी मुझे ऑफर कर रहे हैं।

मैंने उनको पूछा कि आप श्योर हैं? उन्होंने कहा हां। आप ऑफिस आकर साजिद सर से मिलिए। मैं साजिद से मिलने गया, वहां उन्होंने मुझसे कहा कि आप इस फिल्म को कैसे देखते हैं, दो पेज में लिखकर दीजिए। मैं घर गया और सिर्फ तीन-चार घंटे में दो पेज लिखकर, उन्हें भेज दिया। उन्होंने वो मेल पढ़ा, हमें अगले दिन फिर मिले। साजिद ने मुझसे कहा कि हमें एक ही डायरेक्शन में सोच रहे हैं। साथ काम करते हैं। मैंने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी फ्रेंचाइजी मुझे मिलेगी। इतनी बड़ी कास्ट और सपोर्टिव प्रोड्यूसर मिलेगा। उन्होंने अपने 57वें बर्थडे पर मुझे इंडिया के सबसे बड़े कॉमेडी फ्रेंचाइजी का जिम्मा मुझे देंगे। ये पहली फ्रेंचाइजी है, जिसकी पांचवी फिल्म आई है। ये पूरा आइडिया साजिद सर का था। ये पूरी कहानी उनके पास पहले से ही थी कि फिल्म में तीन जॉली हैं, वो आते हैं और फिर एक मर्डर होता है। मेरे फिल्म साइन करने के बाद उन्होंने मुझे बिठाया और बताया कि इस फिल्म का दो क्लाईमैक्स होगा। जो उन्होंने तीस साल पहले से सोच रखा है। मुझे उनका क्लाईमैक्स वाला आइडिया माइंड ब्लोइंग लगा। मैं कॉमेडी-मर्डर मिस्ट्री की वजह से पहले से ही एक्साइटेड था। दो अलग जॉनर को मिलाकर एक फिल्म बनानी थी। मैंने कभी मर्डर मिस्ट्री पर काम नहीं किया है, तो मेरे पास कोई जानकारी नहीं थी। पूरा प्रोसेस सोचकर ही मैं काफी उत्साहित था।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com